धनबाद, गुरूवार

17 अप्रैल 2025

वर्ष : 10 अंक : 317

पृष्ठ : 12

मूल्य : 3/-

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# नई पत्र वार्ता

सोच आगे की ...



## ब्रीफ न्यूज

### राशन कार्ड धारक 30 अप्रैल तक कराएं केवाईसी, नहीं तो कट जाएगा नाम : डीसी



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रामगढ़: रामगढ़ जिले में राशन कार्ड धारी का ई-केवाईसी लगातार जारी है। ई-केवाईसी के लिए 30 अप्रैल आखिरी तारीख तय की गई है। अगर इस दिन तक जो व्यक्ति अपना ई-केवाईसी नहीं करवाएंगे, उनका नाम राशन कार्ड से काट दिया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने एक आदेश भी जारी किया है।

उन्होंने कहा है कि रामगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना एवं झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित सभी राशन कार्डधारियों और सदस्यों का ई-केवाईसी किया जाना है। वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल कार्ड की संख्या 1,49,062 में कुल सदस्यों की संख्या 6,65,261 है। इनमे से अभी तक 5,13,722 सदस्यों का ही ई-केवाईसी हो पाया है। शेष 1,51,839 सदस्यों का 30 अप्रैल 2025 तक शत प्रतिशत ई-केवाईसी किया जाना अतिआवश्यक है। शेष सभी राशन कार्डधारी और सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से सम्पर्क कर ई-पोस मशीन से ई-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी नहीं कराया जाएगा, वैसी स्थिती में माह मई से उनका नाम राशन कार्ड से विलोपित हो जाएगा।

### 21.78 करोड़ की कोकीन बरामद

मुंबई((एजेंसी) : मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रग्स की बड़ी खेप बरामद की गई है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने 21.78 करोड़ रुपए की कोकीन की तस्करी करने की कोशिश करने के आरोप में गिनी की एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला केन्या की राजधानी नैरोबी से मुंबई एयरपोर्ट पर उतरी थी। डीआरआई एक अधिकारी ने बताया कि हमें खुफिया सूचना मिली थी, जिसके आधार पर हमारी मुंबई क्षेत्रीय इकाई की एक टीम ने विदेशी महिला यात्री को एयरपोर्ट पर रोका। तलाशी के दौरान अधिकारियों को उसके चेक-इन लगेज में सफेद रंग के पाउडर के तीन पैकेट मिले। इसके बाद उन पैकेट्स का एनडीपीएस टेस्ट किट से जांच की गई। उन्होंने आगे बताया कि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस टेस्ट में पता चला कि पैकेट में कोकीन रखी गई है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आम लोगों ने की मुलाकात

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में बुधवार को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

मुख्यमंत्री स्वयं एक-एक लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं एवं परेशानियों को जाना तथा उनसे आवेदन प्राप्त किए। मुख्यमंत्री हेमन्त ने सभी आवेदनों पर समुचित समाधान एवं निराकरण का भरोसा लोगों को दिलाया। मौके पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरणके लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। मौके पर कई विभिन्न संगठनों के लोगों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की।



## मांडविया रांची में 220 बिस्तरों वाले ईएसआईसी अस्पताल का गुरुवार को करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली, (एजेंसी) : केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 17 अप्रैल को झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम में स्थित 220 बिस्तरों वाले नव विकसित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप और ईएसआईसी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

डॉ. मांडविया इस अवसर पर ईएसआई लाभार्थियों को सम्मानित करेंगे, उन्हें नकद लाभ प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र प्रदान करेंगे। इसके अलावा वे इस अस्पताल के निर्माण में शामिल श्रमिकों को भी सम्मानित करेंगे। इस आधुनिकीकृत अस्पताल से 5 लाख से अधिक बीमित व्यक्तियों (आईपी) और उनके आश्रितों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

नामकुम में ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना मूल रूप से 1987 में हुई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य बीमित श्रमिकों और उनके परिवारों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। विगत चार दशकों से अधिक समय से इस अस्पताल ने रांची और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक श्रमिकों की स्वास्थ्य सेवा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## मुख्यमंत्री वैवाहिक समारोह में शामिल हुए



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब पहुंचे। वे यहां डॉ राजन कुमार सिंह के सुपुत्र कुशल के वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुशल को **शेष पृष्ठ-4.....**

## बॉर्डर पर मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर

जगदलपुर(एजेंसी) : छत्तीसगढ़ में नारायणपुर और कोंडागांव जिले की सरहद पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों ने 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मारे गए नक्सलियों में हलदर डिविजनल कमेटी मेंबर पर 5 लाख और रामे एरिया कमेटी मेंबर पर 5 लाख का इनाम था। शव के साथ एके -47 जैसे ऑटोमैटिक वेपंस भी बरामद हुए हैं। जवानों ने 2025 में अब तक 148 नक्सलियों को मार गिराया है।

दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि, कोंडागांव और नारायणपुर **शेष पृष्ठ-4.....**

## झामुमो के कैंप कार्यालय पहुंचे हेमंत, हुआ स्वागत

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची,: झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो के नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन बुधवार को पार्टी के हरमू स्थित कैंप कार्यालय पहुंचे। यहां उनका स्वागत पार्टी के महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य और विनोद कुमार पांडेय ने बुके देकर किया।

मौके पर उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया और पार्टी के अन्य सदस्यों से मशविरा किया। मौके पर पार्टी महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने बताया कि पूरी पार्टी युवा अध्यक्ष के रूप में हेमंत सोरेन को पाकर गौरान्वित है।



उन्होंने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन आने वाले दिनों में पार्टी के कार्यों का निर्धारण करेंगे और नई उर्जा से पार्टी को मजबूती देंगे। उन्होंने बताया कि अगले दो-तीन माह में बरियातू स्थित पार्टी का केंद्रीय कार्यालय भी बनकर तैयार हो जाएगा। इस नए कार्यालय का उदघाटन पार्टी के संस्था पक संरक्षक शिबू सोरेन करेंगे। पार्टी का यह कार्यालय लगभग बनकर तैयार है।

## बहुत जल्द पाउडर प्लांट के साथ मिल्क प्रोडक्ट प्लांट का होगा शिलान्यास: मंत्री

रांची,16 अप्रैल (हि.स.)। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ मीनेश शाह ने बुधवार को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान झारखंड में मेधा डेयरी सहित एनडीडीबी की कार्य योजना पर चर्चा हुई। इस मौके पर एनडीडीबी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ मीनेश शाह ने बताया की रांची के होटवार में नया पाउडर प्लांट के साथ मिल्क प्रोडक्ट प्लांट का निर्माण होने जा रहा है। एनडीडीबी के जरिये शुरू होने वाले इस प्लांट का शिलान्यास के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का समय निर्धारित किया जा रहा है। बहुत जल्द इस नये प्लांट की आधारशिला रखी जाएगी। इसके साथ ही गिरिडीह में 50 हजार लीटर का एक और नया प्लांट लगाने की योजना है। डॉ मीनेश शाह ने बताया की उन्होंने खुद गिरिडीह जा कर स्थल निरीक्षण किया है वहीं झारखंड में राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत राज्य के किसानों को अच्छे नस्ल की गाय उपलब्ध कराने को लेकर एक सेंटर का निर्माण किया जाएगा। अब गाय खरीद के लिए राज्य के किसानों को दूसरे राज्य जाने की जरूरत नहीं होगी। राज्य सरकार और जेएमएफ के जरिये इसका प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।



केंद्र सरकार से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद जमशेदपुर या रांची में अच्छे नस्ल की गाय उपलब्ध कराने का सेंटर शुरू किया जाएगा । मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात के क्रम में वेटनरी डॉक्टरों की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा हुई। पशु पालकों को समय पर वेटनरी डॉक्टर उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित कराया जाएगा। इस मौके पर मेधा डेयरी के प्रबंध निदेशक जयदेव विश्वास भी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री की स्वीडन और स्पेन यात्रा 18 को, जाएगी 11 सदस्यीय टीम

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांचीः झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जाएगी। इसके लिए पॉलिटिकल क्लीयेंस मिल गया है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य राज्य में निवेश आकर्षित करना और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी साझेदारी की पहचान करना है। टीम में मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। टीम 18 अप्रैल को रांची से विदेश के लिए रवाना होगी और 19 से 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर रहेगी।

टीम के सदस्य


स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जाने वालों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सेवानिवृत आईएफएस और टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के अध्यक्ष एके रस्तोगी शामिल हैं।



इनके अलावा उद्योग सचिव अरवा राजकमल, जेएसएमडीसी के एमडी राहुल कुमार सिन्हा, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, एमडी जेआईआईडीसीओ वरुण रंजन, संयुक्त निदेशक उद्योग प्रणव कुमार पाल, मुख्यमंत्री के निजी सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह शामिल हैं।

कितना होगा खर्च

मुख्यमंत्री के इस दौरे को आयोजित करने के लिए पुणे की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को 3.50 करोड़ रुपये प्लस जीएसटी का भुगतान किया जायेगा। इसके अलावा 25 लाख रुपये आकस्मिक और दैनिक मदों पर खर्च किये जायेंगे।



Page 2_Page 3.qxd 4/16/2025 8:05 PM Page 1



## संक्षिप्त खबर

### गिरिडीह में पहली बार साउथ एशियन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह:** वर्ल्ड फूनाकोशिश शॉटोकन कराते ऑर्गनाइजेशन के तत्वाधान में तीन दिवसीय साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश से कुल 400 कराटे प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले देश इस प्रकार से हैं भारत, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मलेशिया के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसकी जानकारी वर्ल्ड पुनाकोसी के झारखंड के चीफ सेंसेई उज्जवल सिंह ने दी इस प्रतियोगिता का शुभारंभ धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, सलूजा गोल्ड चेयरमैन डॉक्टर अमरजीत सिंह सलूजा एवं संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह संघ के संरक्षक देवेंद्र सिंह चुन्नु कांत के द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। इस प्रतियोगिता को संचालित रूप से करवाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां संपन्न हो चुकी है।

### गिरिडीह पुलिस ने आयोजित किया जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**कई मामलों का हुआ निपटारा**




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** नगर भवन में बुधवारवो को गिरिडीह पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।इस कार्यक्रम की शुरूआत एसपी डॉ. विमल कुमार, एसडीपीओ जीतवाहन, डीएसपी कोसर अली, नीरज सिंह और साइबर डीएसपी आबिद खान द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। लगातार तीसरी बार आयोजित हुए इस कार्यक्रम में इस बार कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही किया गया। इस मौके पर प्राप्त शिकायतों में घरेलू विवाद और भूमि संबंधी मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। जिन मामलों का समाधान कार्यक्रम स्थल पर संभव था, उन्हें तत्काल सुलझाया गया। वहीं, कुछ मामलों को संबंधित थानों को भेजते हुए नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में प्रोबेशनल डीएसपी नीलम कुजूर, कैलाश महतो, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम महतो और पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूदे रहे।

### आर्मी में प्रवेश कैसे लिया जाए, इस पर प्रशिक्षण दिया छात्राओं को



**नई पत्र वार्ता वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** श्री रामकृष्ण महिला महाविद्यालय में एनसीसी की कक्षाएं प्रारंभ हुई ,जिसमें 22जेएच बीएन हजारीबाग से पीआई. स्टॉफ हवलदार रमेश कुमार ने छात्राओं को ड्रिल एवं आर्मी में प्रवेश कैसे लिया जाए इस पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर सीटीओ पूनम प्रभा मुंडू द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर कक्षा लिया गया। गौरतलब है कि प्रथम वर्ष में 57 कैडेट्स का नामांकन लिया गया है। इस मौके पर कक्षा के उपरांत सभी उपस्थित कैडेट्स को अल्पाहार भी दिया गया। वहीं मौके पर मौजूद कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मधुश्री सेन सान्याल ने एनसीसी की कक्षाएं शुरू होने पर छात्राओं को बधाई दी और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अनुशासन एवं एकता बनाए रखने में यह काफी कारगर सिद्ध होगा। इस कक्षा के सफल संचालन में पीटीआई पूनम कुमारी, महेंद्र कुमार ,चिंता देवी एवं प्रतिमा देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मनरेगा मजदूरों को पिछले चार पांच माह से नहीं मिली है मजदूरी

**डीडीसी ने दिया बहुत ही जल्द भुगतान का संकेत**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत मनरेगा मजदूरों को पिछले चार पांच माह से मजदूरी नहीं मिली है. लंबे समय से मजदूरी का भुगतान नहीं मिलने के चलते प्रखंड क्षेत्र के मनरेगा मजदूर भुखमरी के कगार पर आ खड़े हो गये हैं. ग्रामीण स्तर पर लोगों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश से सरकार ने मनरेगा योजना की शुरूआत की गई थी.लेकिन बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा मजदूरों की दुर्दशा को देखकर ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार की उक्त महत्वकांक्षी मनरेगा योजना अब अपने ही उद्देश में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है. मनरेगा मजदूरों के पास इतनी भी पर्याप्त राशि नहीं होती है कि वे मजदूरी भुगतान के अभाव में ज्यादा दिनों तक अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। ऐसे में उन्हें यदि तीन चार महीनों तक मजदूरी नहीं दी जाय तो उनके समक्ष रोजी रोटी के लाले पड़ जाते हैं. थक हार कर मजदूर पलायन को मजबूर हो जाते हैं ओर मजदूर दूसरे प्रदेश में जाकर मजदूरी करके अपने परिवार का भरन पोषण करने को मजबूर हो रहे हैं. वहीं मनरेगा मजदूर बबिता देवी,रंजीत पंडित, हेमंती देवी, शांति देवी,सुलेखा देवी,आदि मनरेगा मजदूरी नहीं मिलने से काफी बदहाल स्थिति में जी रहे हैं।उप विकाश आयुक्त स्मृता कुमारी ने कहा मनरेगा मजदूरों की भुगतान भारत सरकार के द्वारा किया जाता है। कुछ महीनों से मजदूरों का भुगतान बकाया है। इस मामले में हमलोगों ने राज्य सरकार को भी अवगत कराया है। आवंटन मिलने के बाद बहुत जल्द ही मजदूरों का भुगतान हो जाएगा। इधर भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि मजदूरों को भुगतान नहीं होने से लोग पलायन को मजबूर हो रहे हैं। इसलिए सरकार से मांग है कि समय पर मजदूरों का मजदूरी भुगतान हो जाने से लोगों का चूल्हा जलता।इन्होंने अविलंब भुगतान की मांग की है। साथ ही साथ सामग्री का भी भुगतान समय पर उपलब्ध कराने की मांग रखी है।

# पूर्ण सीएचसी, एचएससी, बीपीएचयू को विभाग को करें हैंडओवर: उपायुक्त

**अपूर्ण सीएचसी एचएससी, बीपीएचयू के निर्माण कार्य में लाएं तेजी, निर्धारित तिथि तक करें कार्य पूरा**

**पीएम-भीम 15 वें वित्त आयोग एवं एनएचएम के तहत विभिन्न एजेंसियों के द्वारा किए जा रहें कार्यो की प्रगति की उपायुक्त विजया जाधव ने की समीक्षा, दिया जरूरी दिशा निर्देश**





**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** पिछले दिनों मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्राप्त दिशा निदेर्शों को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त एवं विजया जाधव ने जिले में पीएम-भीम, 15 वें वित्त आयोग एवं एनएचएम के तहत निमार्णाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), स्वास्थ्य उप केंद्र (एचएससी) एवं ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) के प्रगति कार्यो की क्रमवार समीक्षा की।

मौके पर कार्यकारी एजेंसी जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत सिविल सर्जन डॉ ए बी प्रसाद, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार, नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीपीएम दीपक कुमार, डैम अमीत कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने क्रमवार 15 वें. वित्त आयोग के तहत 17 भवन (जिसमें 15 एचएससी, 01 पीएचसी एवं 01 सीएचसी), पीएम-अभीम के तहत 40 भवन (जिसमें 34 एचएससी, 05 बीपीएचयू एवं 01 पीएचसी) एवं एनएचएम के तहत 08 भवन (एचएससी) के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

समीक्षा क्रम में कुछ भवनों का निर्माण कार्य पूरा होने एवं कुछ का निर्माण कार्य प्रगति पर होने की बात सामने आयी। इस पर उपायुक्त ने निर्माण कार्य पूरा होने वाले भवनों को अविलंब हैंडओवर करने की कार्रवाई करने को कहा। इस बाबत एक कमेटी जिसमें संबंधित बीडीओ, एमओआइसी एवं प्रतिनियुक्त अभियंता शामिल रहेंगे। प्राकल्लन के अनुसार निर्माण कार्य पूरा हुआ है कि नहीं, जांच कर भवन को हैंडओवर करने की कार्रवाई* को संबंधित विभाग द्वारा सुनिश्चित कराएंगे।

समीक्षा क्रम में 15 वें वित्त आयोग के तहत जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता द्वारा शेष चार (पीपड़ाडीह, धनडाबर, महुआटांड एवं रानीपोखर एसएचसी) भवनों में से दो (धनडाबर एवं रानीपोखर एसएचसी) का निर्माण क्रमशः 31 मई एवं 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण करने की बात कहीं। वहीं, दो में भूमि विवाद के कारण एकरारनामा की प्रक्रिया में विलंब की बात कहीं। उपायुक्त ने दो दिनों में एकरारनामा के कार्य को पूरा कर निर्माण कार्य शुरू करने को कहा।

समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने भूमि संबंधित किसी भी विवाद, भूमि उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में उप विकास आयुक्त, उपायुक्त एवं अपर समाहर्ता से पत्राचार करने को कहा। उन्होंने विभाग द्वार तैयार एसओपी का पालन करने का कार्यकारी एजेंसियों को निर्देश दिया।

उधर, भवन प्रमंडल विभाग द्वारा पीएम-अभीम के तहत वित्तीय वर्ष 21-22, 22-23 के तहत 12 पूर्ण भवनों को जांचउपरांत हैंडओवर की प्रक्रिया पूरा करने को कहा। वहीं, 04 भवनों (चिंदरी,चंडीपुर,केरी एवं देवगड़ा एचएससी) को क्रमशः 15 मई एवं 30 जून तक पूरा करने को कहा। वहीं, एनएचएम के तहत 08 भवनों में से पूर्ण को हैंडओवर, भूमि उपलब्धता, विवाद को लेकर पत्रचार करने एवं शेष कार्य प्रगति वाले भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पूर्ण भवनों को हैंड ओवर की प्रक्रिया को हर हाल में 30 अप्रैल तक पूरा करने को निर्देश दिया।

इसके अलावा उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सभी एमओआइसी से पत्राचार करके नये भवन, भवन मरम्मति की आवश्यकता वाले केंद्रों की सूची तैयार कर 03 दिनों में जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही, चिन्हित स्वास्थ्य उप केंद्रों में पुरूष, महिला, दिव्यांग शौचालय निर्माण को लेकर प्राक्कलन तैयार करने को कार्यपालक अभियंता को कहा।

कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार विमर्श कर संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशाझ निर्देश दिया। सीएसआर नोडल पदाधिकारी को सीएसआर के तहत नावाडीह, बेरमो एवं फुसरों अस्पतालों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की बात कहीं।


## 14 महीनो से गरीब मूलवासी रैयत किसान लगातार कर रहे हैं आंदोलन :अवधेश सिंह



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** झारखंड उच्च न्यायालय के रिट याचिका में पारित आदेश एवं अपर समाहर्ता गिरिडीह के निर्देश के आलोक में रजिस्टर टू का सत्यापित उपलब्ध कराने की मांग को लेकर विगत 7 दिनों से नीलम कुमारी एवं दासो मुर्मू के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसान जनता पार्टी के सदस्यों ने बुधवार को भी किसी अधिकारी कर्मचारी को तिसरी ब्लॉक के अंदर घुसने नहीं दिया। किसान जनता पार्टी के जिला महासचिव भागीरथ रॉय ने कहा कि रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति देने के लिए तिसरी अंचल अधिकारी ने दो दो बार शुल्क जमा लिया पर रजिस्टर टू का सत्यापित नहीं दिया।14 महीना से गरीब आदिवासी मूलवासी रैयत किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं पर तिसरी अंचल अधिकारी को कोई परवाह नहीं है।जबकि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में जमुआ, बगोदर और गांडेय अंचल में दनादन रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति दिया जा रहा है। विगत 20 मार्च को तिसरी में जब रोड जाम किया गया था तो तिसरी अंचल अधिकारी ने कहा था कि जमुआ जाकर रजिस्टर टू की सत्यापित प्रति देने की प्रक्रिया का विधि समझ कर आते हैं उसके बाद रजिस्टर टू देंगे। लेकिन अब तक रजिस्टर टू नहीं मिला।इसलिए विवश होकर हम किसानों ने यह संकल्प लिया है कि जब तक रजिस्टर टू नहीं मिलेगा तब तक किसी भी अधिकारी कर्मी को तिसरी ब्लॉक के अंदर घुसने नहीं देंगे चाहे इसके लिए जो भी सजा भुगतना पड़ेगा हम किसान भुगतने को तैयार हैं। तिसरी ब्लॉक जाम करने के कार्यक्रम में मुंशी मुर्मू बैजून मुर्मू, जोशील मरांडी,मदन तुरी,खुशबू देवी, मोहन बेसरा, दशमी देवी, जीतन बेसरा, दहनी देवी, फागू राय, एलिजाबेद मुर्मू, जसिंता मरांडी,सुनीता किस्कू, मानुवेल हंसदा, गीता देवी, सुशीला किस्कू, रूपा सोरेन, अनीता टुडू, संगीता मरांडी, हीरामन राय, सुमनी सोरेन,मुन्ना टुडू, रघु मुर्मू, हीरामणि बास्के, मंजू सोरेन, बिशना मरांडी, चारों मरांडी, बबुआ मरांडी, पानो सोरेन, शांति मरांडी, सुनीता मरांडी, सरिता मरांडी, सरिता देवी, लालिया देवी, तालो हेंब्रम सहित कई सौ किसान उपस्थित रहे।

### बांग्ला नव वर्ष पर मचाई धूम, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन





**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** बंगाली समिति की ओर से नववर्ष पर बांग्ला पंजिका का पहला दिन 01बैसाख सन 1432 वर्ष वरण उत्सव पहला बैशाख का आयोजन स्थानीय ईश्वर स्मृति भवन में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।समाज के लोगों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इस दौरान कॉन्स्टेंट गीत नृत्य का दौर चला। इस दौरान वृषभ परंपरा का विहंगम स्वरूप देखने को मिला। इसमें बताया गया है कि झारखंड में बस्तर समाज और इसकी परंपरा बेहद समृद्ध है और इसे एकजुट रखा।

### बीएसएल के आनंद राज टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज प्रतियोगिता के राष्ट्रीय सेमीफाइनल के लिए चयनित

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** देश के कॉरपोरेट सेक्टर के लिए सबसे प्रतिष्ठित एवं अग्रणी माने जाने वाले बिजनेस क्विज टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज का 21वां संस्करण के उड़ीसा क्लस्टर के फाइनल में बीएसएल के सहायक महाप्रबंधक (अधिशासी निदेशक-संकार्य सचिवालय) आनंद राज ने जीत हासिल करते हुए आगामी 11 मई को मुंबई में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के नेशनल सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज प्रतियोगिता के प्रीलिम्स का पहला स्तर मार्च महीने में ऑनलाइन आयोजित किया गया था जिसमें पूरे देश से 1.3 लाख से अधिक कॉरपोरेट क्षेत्र के अधिकारियों ने भाग लिया था। टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज के 21वां संस्करण के ओडिशा क्लस्टर का आयोजन ताज ब्रांड होटल आईएचसीएल राजकुटीर में किया गया जिसमें ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ राज्य से प्रतिभागी शामिल हुए। ओडिशा क्लस्टर के फाइनल राउंड के लिए चयनित 12 प्रतिस्पर्धियों में बोकारो स्टील प्लांट से प्रबंधक (सतर्कता) सौम्या खाती, वरीय प्रबंधक (एचएसएम) राहुल पांडा, और सहायक महाप्रबंधक (अधिशासी निदेशक-संकार्य सचिवालय) आनंद राज शामिल थे। क्लस्टर फाइनल के बाद आनंद राज इस राउंड के चैंपियन बनें और राष्ट्रीय सेमीफाइनल के लिए चुने गए जबकि बोकारो स्टील प्लांट से ही राहुल पांडा, वरीय प्रबंधक (एचएसएम) ओडिशा क्लस्टर के फाइनल राउंड के उपविजेता बने। नेशनल सेमीफाइनल में अन्य 11 क्लस्टर विजेता भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि आनंद राज वर्ष 2021 में टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज प्रतियोगिता के राष्ट्रीय चैम्पियन बने थे और इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अब तक एकमात्र सेल के अधिकारी हैं। बोकारो स्टील प्लांट के शीर्ष प्रबंधन ने आनंद राज तथा राहुल पांडा को इस उपलब्धि पर बधाई तथा आनंद राज को टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज के आगामी राउंड में सफलता की शुभकामनाएं दी हैं।

## मोदी जब-जब डरता है ईडी को आगे करता है:सतीश केडिया



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार मोदी सरकार के हालिया क्रूर कदम नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को अन्याय पूर्ण तरीके से जब्त करने और पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक जोरदार प्रदर्शन केंद्रीय सरकार के आयकर विभाग कार्यालय के समक्ष किया गया। इस प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा यह मामला सिर्फ कानूनी प्रक्रिया का मामला नहीं है। यह कानून के शासन का मुखौटा पहने हुए एक व्यक्ति द्वारा राज्य प्रायोजित अपराध है। नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को जब्त करना और राहुल और सोनिया के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करना राज्य की शक्तियों का दुरुपयोग करने जैसा है। केंद्र की मोदी सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों को लगातार भारतीय जनता पार्टी का हथियार बना लिया है। लेकिन हम कांग्रेस के लोग हैं। हमारे अंदर वह खून है जीस खून ने देश को आजादी दिलाई।हम गुरूर जब तक तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के सचिव नरेश वर्मा ने कहा यह सब मामले मूल मुद्दों से देश का ध्यान भटकने के लिए है। जिस तरह से राहुल गांधी देश में आर्थिक मुद्दों पर और अन्य मुद्दों पर पोल खोल रहे हैं। उन मुद्दों से ध्यान भटकाने और हमारे नेता को डराने की जो कोशिश की जा रही है उनसे हम डरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस देश की विचारधारा है। उस विचारधारा को तोड़ने मरोड़ने की कोई भी कोशिश कामयाब होने वाला नहीं है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ऋषिकेश मिश्रा, लड्डू खान, परेश नाथ मित्र, निजाम अंसारी, कृष्ण सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गा शर्मा, युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यश सिन्हा, सरफराज अंसारी, योगेश्वर मेहता, इतवारी वर्मा, वाहिद अंसारी, सुजीत मंगल, रोशीनता टुडू, इशरत, मदन लाल विश्वकर्मा,सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। सभी केंद्र सरकार के खिलाफ मोदी सरकार होश में आओ मोदी जब-जब डरता है ईडी को आगे करता है

## मार्शल आर्ट्स में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने दिखाए दमखम, बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में 31 सफल



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारोः** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मार्शल आर्ट्स प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। विद्यार्थियों को उनकी दक्षता के आधार पर येलो, ऑरेंज, ग्रीन, ब्लू और पर्पल बेल्ट प्रदान किए गए। विद्यालय की प्राथमिक इकाई के 20 और वरिष्ठ इकाई से 11 छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी श्रेणियों में बेल्ट हासिल की है। सभी प्रतिभागियों को टेंशिनकान शोतोकान रियू कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी आधिकारिक ग्रेडिंग प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया।

विदित हो कि यह फेडरेशन टेंशिनकान कराटे फेडरेशन ऑफ जापान से मान्यता प्राप्त है और कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (केएआई) से स्वीकृत है। डीपीएस बोकारो खेल कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सहयोग से अपने विद्यार्थियों को लगातार कराटे का सघन प्रशिक्षण दे रहा है। इसके जरिए बच्चे अनुशासन, आत्मरक्षा और शारीरिक फिटनेस के गुर सीख रहे हैं। इसी कड़ी में उक्त बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया था, जिसमें प्राइमरी विंग से आकृति मिश्रा ने येलो बेल्ट, रियांशी चौधरी और मायोन शरव ने ऑरेंज बेल्ट, आरुष सिंह, आश्वी आद्या, आरुष प्रकाश, अभिनंदन गुप्ता, अचिन्त्य सिंह, आर्नव शर्मा और अनिका दास ने ग्रीन बेल्ट प्राप्त किए। वहीं, युवान यश, ऋद्धिमा चौधरी, एन. सारवण सद्रु, अधिराज झा, अथर्व कश्यप और सान्वी ने दो-दो ब्लू बेल्ट, भाव्या बिष्ट, रेयांश प्रकाश और सिद्दी सुमन ने एक-एक ब्लू बेल्ट तथा सारा हयात ने दो पर्पल बेल्ट हासिल किए। सीनियर विंग से भव्या स्वरूप और तियासा चटर्जी ने ऑरेंज बेल्ट, विहान कुमार और आर्यव शर्मा ने ग्रीन बेल्ट, अंजली सिन्हा, अंशिका गुप्ता, अर्नव झा और शिवानी कुमारी ने दो-दो ब्लू बेल्ट, ऋषिता राज शर्मा ने दो पर्पल बेल्ट तथा सयाति सखी ने एक पर्पल बेल्ट प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

बुधवार को विद्यालय में आयोजित एक विशेष एसेंबली के दौरान डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं खेल कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ए.एस. गंगवार तथा महासचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक खेदू गोराईं ने प्रमाण-पत्र व बेल्ट के साथ सफल प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। डॉ. गंगवार ने कराटे को आत्मरक्षा का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि यह छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन और आत्मविश्वास भी पैदा करता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

Page 3_Page 3.qxd 4/16/2025 10:30 PM Page 1



# बड़की बौआ में श्री श्री 108 मारुति नंदन सात दिवसीय महायज्ञ आरंभ

**जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र**

**निछानी जोरिया में जल भरण वैदिक मंत्रोचारण के साथ किया गया**







## 501 कलश के साथ किया गया नगर भ्रमण

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : बौआ कला उत्तर पंचायत के बड़की बौआ में श्री श्री 108 मारुती नंदन महायज्ञ का सात दिवसीय महोत्सव बुधवार को नगर भ्रमण के साथ जल भरणी से आरम्भ हुआ. बड़की बोआ महायज्ञ स्थल से कुंवारी कन्याएं और महिलाओं ने 501 कलश के साथ नगर भ्रमण एवं जल भरण के लिए निकली। साथ में पुरुषों ने धर्मध्वजा के साथ नगर भ्रमण में शामिल थे. जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा. गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा भक्तिमय था.कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए निछानी जोरिया पहुंचा. जहां मुख्य यजमान दयानंद महतो उनकी धर्मपत्नी फूल कुमारी देवी , साधु महतो संग मंजू देवी,संजय सिंह संग कविता सिंह, भागीरथ महतो संग भवानी देवी , महेंद्र सिंह संग झरना देवी ने जोड़े में जल भरण की विधि पूरा की. जल भरण की विधि वैदिक मंत्रोचारण के साथ आचार्य अचितानंद पाण्डेय, सुबोध पाण्डेय , ऋषिकेश पाण्डेय , राजेंद्र पांडा, हलदर पांडा, दिलीप पांडे,पवन पांडे, रिंकू पाण्डेय, राजू पाण्डेय ने वैदिक रीति रिवाज से संपन्न कराया.जल भरण के बाद कलश यात्रा बड़की बोआ महायज्ञ स्थल पहुंचा।

जहां कलश स्थापना की गई.श्री श्री मारुति नंदन महायोगी सात दिनों तक चलेगा. महायज्ञ के साधु महतो ने कहा कि श्री श्री 108 मारुति नंदन महायज्ञ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है.मौके पर टेकलाल महतो, देवनारायण महतो, संतोष साव, अरुण रवानी, जादू महतो, शिवलाल महतो, बिरजू बाउरी, फनी भूषण महतो, शंकर रजक, कमल रवानी, गोपाल रवानी,दीपक महतो, किरण कुमारी, श्वेता कुमारी, खुशबू कुमारी, जया कुमारी, दीपिका कुमारी, संध्या कुमारी, साक्षी कुमारी, पार्वती कुमारी आदि शामिल थे.

# जिला कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड मामले में आईडी के कार्रवाई के विरोध में जुलूस निकाल जताया रोष






**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : अपराह्न 3:30 बजे धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को केंद्र सरकार के द्वारा मनमाने एवं अन्य तरीके से जप्त करने तथा कांग्रेस के चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर आरोप पत्र दाखिल करने के खिलाफ रणधीर वर्मा चौक धनबाद से आयकर कार्यालय धनबाद तक कांग्रेस जनों के द्वारा भारी संख्या में सम्मिलित होकर विरोध और आक्रोश प्रदर्शन किया. जिसका नेतृत्व धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने किया.विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि कांग्रेस के चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और हमारे पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ ईडी द्वारा भाजपा के दबाव में आकर आरोप पत्र दाखिल करना केंद्र की शक्तियों का भयानक दुरुपयोग कर रहा है यह लोकतंत्र में विपक्ष के विचार पर सीधा हमला है. केंद्र के शासन द्वारा राजनीतिक धमकी का एक भद्दा प्रयास है जो पूरी तरह से बदले की भावना से ग्रसित है. जिसे हम कांग्रेस जन सड़क पर उतर कर कड़ा विरोध करते हैं. श्री सिंह ने कहा कि नेहरू जी के जमाने में शुरू हुआ एक अखबार, धीरे-धीरे आर्थिक रूप से कमजोर हो गया.कांग्रेस ने उसे वापस चलाने की कोशिश की, इसमें भ्रष्टाचार कहां है?

नेहरू जी ने तो देश के लिए तीन अखबार निकाले थे- नेशनल हेराल्ड, नवजीवन और कौमी आवाज.वहीं, भाजपा-आरएसएस की बात करें तो आज हर जगह उनके बड़े-बड़े कार्यालय मिलेंगे. उनके पास इतना पैसा कहां से आ गया. जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा पिछले दो दिन से प्रतिशोध, उत्पीड़न और धमकी देने की राजनीति जारी है.कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद जिला कार्यकारी अध्यक्ष रशीद रजा अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, प्रदेश महासचिव रवींद्र वर्मा, राम गोपाल भुवानिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुमार गौरव, महिला जिला अध्यक्ष सीता राणा, एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जहीर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह योगी आदि मौजूद थे.

# निरसा प्रखंड के सेक्टर 6 के सभी सेविका ने आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा मनाया




**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : प्रखंड के सेक्टर 6 देवियाना पंचायत रागामटिया आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा और पोषण पखवाड़ा शपथ लिया गया.पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक या कार्यक्रम चलता रहेगा.

सेविका शबनम परवीन ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को पोषण के बारे में जानकारी दी. खान-पान में साग, हरी सब्जी, अंकुरित दाल, आंगनबाड़ी से जो पोषण आहार मिलता है, उसे सेवन करें. पोषण पखवाड़ा विभिन्न प्रकार के पोषण मटका, रंगोली के माध्यम से अनाज, पोषण स्टोर लगाया गया. ठेकुआ, हलुआ, बेसन के लड्डू, फल, हरी सब्जियां, चावल, दाल, चीनी, भिंडी, पपीता, मिर्च व अन्य बहुत अच्छी तरीके से बनाया गया था.छिल्का स्वादिष्ट, चावल के खीर पोषण आहार बनाया गया था.गोद भराई नीतू बाउरी की किया गया. सुपरवाइजर संजू मैडम उपस्थित सेविका संजू कुमारी, मिनॉटी विशाल, शबनम परवीन, मंजू शीला, रोमा भंडारी, कविता बाउरी, धुर्वा धारा, रीना रक्षित, रेखा बाउरी, मधुमिता मोदी, नमिता बाउरी, रीता गोराई, नमिता भंडारी, अनुपमा आइच, सहायिका नसीमा खातून, पार्वती हेंब्रम, पोषण सखी सुष्मिता विशाल, असम खातून आदि उपस्थित थे.

# मध्य विद्यालय राधानगर में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं को शिक्षण समाग्री वितरण किया गया



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : मध्य विद्यालय राधानगर में बुधवार को एक समारोह आयोजित कर छात्र छात्राओं के बीच पुस्तक व शिक्षण सामग्री वितरण किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित मुखिया महेश पटवारी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला के द्वारा बच्चों के बीच पुस्तक, एफएलएन किट एवं विद्यालय किट वितरण किया. इस मौके पर मुखिया महेश पटवारी ने बच्चों से कहा कि आप सभी प्रतिदिन विद्यालय आये और मन लगाकर पढ़ाई करें. विद्यालय की पढ़ाई ही आप सबों का भविष्य तय करता है. अगर सही पढ़ाई करेंगे तो वह बच्चा देश का महान व्यक्ति बन सकता है. उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को अपने बच्चों की तरह माने और उसे सही शिक्षा दें तभी बच्चे विद्यालय में आयेंगे. उन्होंने कहा कि विद्यालय में जो भी विकास का कार्य होगा, उसे अति शीघ्र पुरा किया जायेगा. प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आप सभी को स्कूल किट पुस्तक और कॉपियां निशुल्क देती हैं, ताकि आप मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन करें.आप सभी प्रतिदिन विद्यालय आये और मन लगाकर पढ़ाई करें. मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला, रामानुज सिंह, कुमारी रंभा, हिमांशु कुमार, मोहम्मद शमसुद्दीन, नंदकिशोर कुमार, वासुदेव खवास, स्नेहा बर्नवाल, पूजा कुमारी, धीरज कुमार, झूलन गोस्वामी, रूबी कुमारी आदि मौजूद थे.

# वर्तमान मुखिया की बेरुखी से निराश ग्रामीणों की मदद को लेकर आगे आए पूर्व मुखिया

**सनव्वर आलम ने अपने निजी फंड से कराई नाले की सफाई, ग्रामीणों में हर्ष**



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : एक दिन की बारिश में ही पंचायत के विकास की पोल खुल गई. कुमारधुबी, शिबलीबाड़ी उत्तर पंचायत में बड़ा नाला एक दिन की बारिश में ही पूरी तरह जाम हो जाने से नतीजन ये हुआ कि अगल बगल के दर्जनों घरों में नाले का गंदा पानी घुस गयी .जब ग्रामीण इसकी शिकायत लेकर मुखिया मलका मेहर निगार के घर गए और उनसे नाले की सफाई के लिए गुहार लगाया तो मुखिया पति का जवाब था कि उनके पास फंड नहीं है,जिससे वे नाले की सफाई करा सके. ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया के पति मो. मुस्तकीम ने बेरूखी से कहा कि आप लोग किसी और के पास जाकर नाला साफ करवा लीजिए. तब ग्रामीण ने पूर्व मुखिया मो. सनव्वर आलम से नाले की सफाई करने को कहा तो पूर्व मुखिया ने तत्काल अपने निजी फंड से नाले की साफ सफाई कराई. ग्रामीणों का एक आरोप ये भी है कि चुनाव के वक्त मुखिया मलका मेहर निगार ने गरीबों का साथ देने का वादा किया था. चुनाव जीतने के बाद वादा तो दूर, पंचायत में दिखाई तक नहीं देती हैं. पूर्व मुखिया सनव्वर आलम द्वारा नाले की सफाई से ग्रामीणों में हर्ष देखा गया.

# धनसार में जेआरजी बैंक के नए शाखा का हुआ उद्घाटन



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : जेआरजी बैंक (झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक )के नए शाखा धनसार का उद्घाटन बुधवार को बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार के द्वारा जोड़ा पोखर,शक्ति मंदिर के निकट किया गया. इस क्षेत्र में शाखा खोलने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के शहरी ग्राहकों को सरल सुलभ एवं बेहतर बैंकिंग सेवा प्रदान करना है.जेआरजी बैंक जहां एक और केसीसी , स्वयं सहायता समूह, उद्यमी दीदी एमएसएमई पीएमइजीपी, पीएमएफएमइ एवं अन्य भिन्न योजनाओं के साथ झारखंड प्रदेश के समस्त क्षेत्र में प्रबल उपस्थिति दर्ज कर रही है.

श्री बरियार ने बताया कि यह शाखा गिरिडीह क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आता है एवं इस क्षेत्र की 43वीं शाखा है. हमारे जेआरजी बैंक की पूरे राज्य में कुल 450 शाखाएं हैं हमारे पास तकरीबन 70 लाख से ज्यादा ग्राहक हैं एवं हम प्रदेश के तीसरे सबसे बड़े अग्रणी बैंक में से हैं. हमारे बैंक का कुल व्यवसाय तकरीबन 18400 करोड़ का है जिसमें डिपॉजिट के क्षेत्र में 11570 करोड़ एवं ऋण पोर्टफोलियो 6870 करोड़ का है.

हमारा लक्ष्य किसानों एवं कामगारों को न्यूनतम दर पर ऋण उपलब्ध कराना है । प्राथमिक क्षेत्र के ऋण जैसे केसीसी ,मुद्रा योजना, छात्रों के लिए शिक्षा ऋण इत्यादि हैं. महिलाओं के उत्थान हेतु, जेआरजी बैंक स्वयं सहायता समूह के अलावा स्टैंड अप इंडिया के तहत ऋण प्रदान करती है. श्री बरियार में बताया कि आज की तारीख में हमारे बैंक के पास हर बैंकिंग उत्पाद उपलब्ध हैं जिसमें मोबाइल बैंकिंग, व्हाट्सएप बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग भी है.

इसके अलावा सरकार की मुख्य तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, एवं अटल पेंशन योजना जिसमें की 60 साल के बाद 5000 तक का पेंशन प्राप्त किया जा सकता है.एपीवाई के क्षेत्र में जेआरजी बैंक का प्रदर्शन उत्कृष्ट है । इस अवसर पर गिरिडीह क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरपी रजक, उप क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक कुमार पाठक, धनसार शाखा प्रबंधक प्रदीप्तो हलधर ,वरीय शाखा प्रबंधक,धैया अतुल आनंद, कार्यालय सहायक सुनैना,निलेश डोकानियां एवं अलावा काफी संख्या में ग्राहक भी उपस्थित थे.

## संक्षिप्त खबर

# महारथी कर्ण नाटक के साथ ही धनबाद के कलाकारों को नाट्य कार्यशाला का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**एनएसडी विशेषज्ञ ने कलाकारों को थियेटर की बारीकियां सिखाई, मंच पर नौ रसों का अद्भुत संगम**



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

भूली : पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय एवं कला निकेतन के संयुक्त तत्वावधान में भूली में चल रहे प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला में जिले के कलाकार को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है. वरिष्ठ रंगकर्मी व निर्देशक बशिष्ठ प्रसाद सिन्हा के द्वारा ₹आंगिकम्‍ भुवनम्‍ यस्य वाचिकम्, सर्व वांगमयम्‍ आहार्यम्‍.चन्द्रतारादि तम्‍ नुमः सात्विक शिवम. के व्याकरणिक गुणों की जानकारी दी गई. बशिष्ठ प्रसाद सिन्हा ने बताया की नाट्य कार्यशाला में प्रशिक्षण के दौरान ₹महारथी कर्णह्ल नामक नाटक तैयार किया जा रहा है जिसका मंचन 2 मई को किया जायेगा.कार्यशाला में आकाश सहाय, क्रान पासवान, दीपक पंडित, धर्मवीर कुमार, नित्या सहाय, अनुराधा श्रीवास्तव, निशांत कुमार, राकेश कुमार, सतीश कुमार, मुरलीधर महतो, नितीश कुमार, रिया कुमारी, मुस्कान सिन्हा, सुजल सिन्हा, अमित कुमार आदि कलाकार शामिल थे.

## थियेटर विशेषज्ञ ने दिया मंच के नौ भागों में नौ रसों व अलंकारों का ज्ञान

कार्यशाला में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली (एनएसडी) से आये मुक्ति दास के द्वारा थियेटर में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न विधाओं की बारीकियों से जानकारी दी जा रही है.मुक्ति ने कलाकारों को व्यायाम, भाव संगीत-नृत्य, अभिनय, संवाद अदायगी, रूप सज्जा आदि की जानकारी दी. कार्यशाला में भरत मुनि द्वारा रचित पंचम वेद अर्थात नाट्य शास्त्र जो थियेटर का एक संविधान है. जिसके आधार पर नाटक की अवस्था, रस, अलंकार एवं मंच की बनावट, प्रकाश संयोजन आदि की विधिवत प्रशिक्षण दिया जा रहा है. अभिनय, कण्ठ, स्वर, ताल, गति, शारीरिक प्रयोग, शुद्ध उच्चारण, मंच के नौ भागों में नौ रसों एवं अलंकारों का प्रयोग आदि की भी जानकारी दी जा रही है.

# लगातार बारिश से कतरास शहर में तीन दिनों से विद्युत व्यवस्था चरमरायी



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : कतरास शहर में मूसलाधार बारिश के बाद शहर की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है. पिछले तीन दिनों से शहर की बिजली व्यवस्था ठप पड़ा है. विद्युत विभाग के द्वारा बेहतर रखरखाव नहीं होने के कारण स्थानीय लोग अंधेरे में जीने को मजबूर है. विद्युत व्यवस्था चरमराने के कारण आम लोगों के साथ-साथ व्यवसाय करने वालों पर बुरा असर पड़ा है. इस समय लग्न का बाजार चल रहा है. दुकानदार कमाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं, लेकिन विद्युत विभाग उनके सारे मेहनत पर पानी फेर रहा है. लचर विद्युत व्यवस्था के चलते छोटे-छोटे उद्योग ठप पड गए हैं. लोगों के बीच रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है. शहर के बैंकों की स्थिति काफी खराब हो गई है.सारा शहर का एटीएम बंद है. आम लोग एटीएम से पैसा निकासी करने में परेशान है. शहर का जो मुख्य इलाका प्रभावित है.उसमें पचगढ़ी बाजार के रोड, हनुमान मेंशन इकबाल मेंशन, दुर्गा मार्केट, खेतान टावर, स्टेशन रोड आदि क्षेत्र के दुकानदार त्राहिमाम कर रहे हैं.

## पांच जगहों पर जंफर कटने से विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी

मंगलवार की रात 3:30 बजे पीवीसी टावर से पांच जगह जंफर कट जाने के कारण विद्युत व्यवस्था चरमराई है.साथ ही जगह-जगह तार गिर गया है. आज शाम 5:30 बजे के बाद नार्मल हो जाएगा. राकेश कुमार महतो,सहायक विद्युत अभियंता सब स्टेशन तिलाटांड कतरास.

# कांग्रेस के ऐप के जरिये पंचायतों के कार्यकर्ता भी देंगे सुझाव



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में संगठन सृजन अभियान के तहत चल रहे मंथन कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष और पर्यवेक्षकों की बैठक सह प्रशिक्षण केंद्र का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। कार्यक्रम में पहुंचे अध्यक्ष और पर्यवेक्षकों को संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि प्रखंड स्तर की कमिटी संगठन की रीढ़ होती है। प्रखंड स्तर के कार्यकताओं को सम्मान देने के लिए हमारे पास कार्यक्रम है। संगठन में पंचायत, मंडल, प्रखंड और नगर वार्ड स्तर पर 12 सदस्य समिति कार्य करेगी। इसमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और नौ महासचिव होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की सुविधा के लिए झारखंड कांग्रेस ऐप लॉन्च कर दिया गया है। इस ऐप में प्रदेश कांग्रेस से लेकर पंचायत स्तर तक के नेता और कार्यकर्ता अपने कार्यों की रिपोर्ट और संगठन के बारे में सुझाव शिकायत दे सकते हैं। संगठन के कार्यकताओं से निरंतर संवाद और जुड़ाव बनाए रखने के लिए कनेक्ट केंद्र की भी शुरूआत कर दी गई है। उन्होंने प्रखंड अध्यक्ष और पर्यवेक्षकों को कर्तव्य और उत्तरदायित्व की जिम्मेवारी देते हुए अगले 100 दिनों की कार्य सूची भी दी। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पिछले डेढ़ माह से विभिन्न स्तरों पर संगठन के नीचे पायदान से लेकर ऊपर तक संवाद कर संगठन की मजबूती के लिए विस्तारित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की शिकायतों सुझावों को सुनने उसका समाधान करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। सांगठनिक पदाधिकारी को अधिकार संपन्न बनाया जाएगा और काम करने वाले सम्मानित होंगे। कार्यक्रम में सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद, विधायक दल नेता प्रदीप यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, राजेश ठाकुर, प्रदीप बलमुचू सहित अन्य मौजूद थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## वक्फ के खिलाफ आंदोलन को लेकर रेलवे में सुरक्षा की बढ़ी चौकसी



### पूर्व मध्य रेलवे के आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त बनाने का दिया निर्देश

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : लोकसभा व राज्यसभा में वक्फ संसोधन बिल पास होने के खिलाफ उठ रहे आंदोलन की अंदरूनी तेवर को लेकर रेलवे में सुरक्षा का अलर्ट के तहत सुरक्षा की चौकसी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने व संदिग्धों पर कड़ी निगरानी के लिए पूर्व मध्य रेलवे के आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने सभी मण्डल सुरक्षा आयुक्त को विशेष निर्देश दिया है। सुरक्षा व्यवस्था का मॉनिटरिंग रेलवे बोर्ड में पदस्थापित आरपीएफ डीजी मनोज यादव के नेतृत्व में आरपीएफ के अपर महानिदेशक एससी पाढ़ी खुद कर रहे हैं। साथ ही आरपीएफ के सीआईबी,एसआईबी सहित खुफिया एजेंसी को भी अलर्ट मोड पर कर दिया गया है। अप्रिय घटना की आशंका को लेकर गया जंक्शन सहित पूर्व मध्य रेलवे में सुरक्षा बढ़ायी गई है। पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था



को दुरुस्त बनाने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया हैगया-धनबाद, गया-पटना,गया-डीडीयू व गया-कियूल रेल सेक्शन पर सुरक्षा की चौकसी बढायी गई है। गया-धनबाद रेल सेक्शन के कोडरमा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, हजारीबाग रोड आरपीएफ इंस्पेक्टर भी एन कुमार, गोमो आरपीएफ इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा के नेतृत्व में गश्ती अभियान तेज किया गया है। रेल ट्रैक सहित स्टेशनों व ट्रेनों की सुरक्षा को लेकर अधिकारी व जवानों की चौकसी बढायी गई है।

## महादलित टोलों में लगने वाले विकास शिविर की तैयारी को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा

### योजना के लाभ से कोई लाभुक छुटे नहीं इसे लेकर अधिकारियों व कर्मियों को दिया दिशा-निर्देश



### फतेहपुर के महादलित टोलों में 19 अप्रैल से लगेगा विकास शिविर

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): फतेहपुर प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रखंड के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के टोलों में 19 अप्रैल से लगने वाले डा. आंबेडकर समग्र सेवा योजना विकास शिविर को लेकर बीडीओ ने समीक्षा बैठक की। इसमें मौजूद नोडल पदाधिकारियों व कर्मियों से शिविर की तैयारी की जानकारी ली। साथ ही कहा कि योजना से कोई भी महादलित परिवार वंचित रह नहीं जाए इसका विशेष ख्याल रखने के प्रति सजग रहेंगे।बीडीओ शशिभूषण साहू ने बताया कि प्रखंड के सभी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति टोला में लगने वाली विकास शिविर की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिक, बैंकर्स, मुखिया सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं विकास मित्रों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। उनसे महादलित टोला में 19 अप्रैल से लगने वाले विकास शिविर को लेकर अब तक किंगई तैयारी के बारे बारी-बारी से जानकारी ली गई। साथ जो भी थोड़ा बहुत काम अगर बाकी भी रहा गया हो तो उसे बचे दो दिनों पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर से पूर्व वैसे लाभुक जो योजना से वंचित है उनका सभी प्रकार की आवश्यक दस्तावेज विकास मित्रों के माध्यम से तैयार करा लिया गया है। ताकि वंचितों को ऑन स्पॉट योजनाओं का लाभ दिया जा सके। बीडीओ ने बताया कि विशेष विकास शिविर का नाम बदलकर अब डा. आंबेडकर समग्र सेवा योजना कर दिया गया है। इस योजना के तहत सरकार की 22 मुख्य कल्याणकारी योजनाओं से वंचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लाभुकों को शिविर में आन द स्पाट लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महादलित टोलों में प्रत्येक सप्ताह बुधवार और शनिवार को शिविर लगेगा। एक दिन में नौ पंचायत में शिविर लगना है। शिविर के लिए एक नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। शिविर में सभी विभाग के कर्मी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर लगाने की सभी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। जनप्रतिनिधियों से पंचायत के सभी अनुसूचित टोला में शिविर को लेकर प्रचार प्रसार कराने एवं शिविर में उपस्थित रहने की जिम्मेवारी दी गई है। समीक्षा बैठक में सीएचसी प्रभारी डॉ अशोक कुमार सिंह सहित सभी नोडल पदाधिकारी, मुखिया, सभी बैंक के शाखा प्रबंधक, सीएसपी संचालक, विकास मित्र आदि उपस्थित रहे।

## नालंदा में किसानों का यूनिक फार्मर आईडी बनाने का कार्य प्रारंभ

नालंदा, (एजेंसी) :नालंदा जिलान्तर्गत प्रखंड के माधोपुर पंचायत में किसानों के लिए यूनिक फार्मर आईडी बनाए जाने का कार्य 11 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। यह पहल आधार कार्ड की तर्ज पर की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान प्रदान करना और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक सरलता से पहुंचाना है।अभी तक कुल 21 किसानों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया गया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी (प्रशिक्षु) अनीशा कुमारी ने बताया यूनिक फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों का पूरा प्रोफाइल एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगा। इससे उन्हें सस्ती दरों पर ऋण, कृषि इनपुट, तकनीकी सलाह और विपणन की सुविधा भी आसानी से मिलेगी।

# आरपीएफ में आईजी स्तर के अधिकारी नुरुल होदा की बिहार की राजनीति में हुई एंट्री

## धनबाद रेल मंडल मुख्यालय के पूर्व आरपीएफ कमांडेंट रहे नुरुल होदा की अपनी रहीं एक बड़ी पहचान

### मुकेश साहनी के नेतृत्व में बीआईपी पार्टी में हुए शामिल, बिहार विधानसभा सीट से लड़ेंगे चुनाव

राजेश मिक्की





गया : आरपीएफ में तेज तर्रार और जिंदादिल इंसान के रूप में पहचान स्थापित किए आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी आईजी नुरुल होदा नौकरी से त्यागपत्र देकर बिहार की राजनीतिक में इंट्री कर लिया है। वे मुकेश साहनी के नेतृत्व में पार्टी में शामिल हुए तथा बिहार विधानसभा में किसी सीट से चुनाव लड़ेंगे। हंसमुख स्वभाव के कर्मठय व्यक्तित्व वाले तथा भ्रष्टाचारियों और अपराधियों के दांत को खट्टे करने वाले आरपीएफ के आईजी स्तर के अधिकारी नुरुल होदा की पहचान धनबाद रेल मंडल से लेकर दिल्ली तक स्थापित है। उनके कार्य शैली को आज भी लोग याद करते हैं। बिहार के सीतामढ़ी जिले के मेहसौल आजाद चौक मुहल्ला के रहने वाले नूरुल होदा बुधवार को सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी की पार्टी में शामिल हुए।

बुधवार को पटना मौर्या लोक होटल के सभागार में अपने समर्थकों के साथ मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी में शामिल हुए। मुकेश सहनी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। नूरुल होदा सीतामढ़ी जिले के किसी विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

मुकेश सहनी ने कहा कि नूरुल होदा दो माह पहले हमसे मिले थे। तब उन्होंने बिहार की सेवा करने की बात कही थी। उस वक्त वो आईजी के पद पर तैनात थे। हमने कहा कि आप जैसे अच्छे लोग अगर राजनीति में आते हैं तो यह बिहार के लिए काफी बेहतर होगा। आज वह पार्टी में शामिल हो गए। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। हमलोग एक साथ मिलकर बिहार के गरीबों की आवाज उठाएंगे। गरीब की हक की लड़ाई लड़ेंगे।

बता दें कि 1995 में सीतामढ़ी के मेहसौल आजाद चौक निवासी नुरुल हुदा ने यूपीएससी की परीक्षा पास की थी। इनकी प्रारंभिक पढ़ाई सीतामढ़ी से ही हुई है। इनका चचेरी भाभी अभी सीतामढ़ी की मेयर हैं। वहीं एक भाई कोलकाता में सिविल सेवा अधिकारी हैं। नुरुल होदा का यूपीएससी से पूर्व इनका चयन अवर सेवा चयन परिषद और 39वीं बीपीएससी में भी हुआ था। लेकिन इन्होंने योगदान नहीं दिया था। प्रारंभिक शिक्षा की बात करें तो सीतामढ़ी से ही हुई। इसके बाद बिहार विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र और कालांतर में दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की भी उपाधि हासिल की। नुरुल होदा अंग्रेजी के साथ उर्दू, फारसी और अरबी भाषाओं की भी जानकारी रखते हैं। वे एक उत्साही मैराथन धावक और प्रतिभागी हैं जो प्रतिदिन 10 किमी दौड़ते हैं। सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में अपने पैतृक निवास स्थान में सैकड़ो बच्चों को मुफ्त आधुनिक शिक्षा देते हैं।

नुरुल होदा ने रेलवे सुरक्षा आयुक्त, धनबाद और आसनसोल के रूप में नक्सलवाद एवं अपराध नियंत्रण तथा संवेदनशील क्षेत्रों में रेलवे सुरक्षा के लिए प्रभावी कार्य किया। इन्होंने नई रणनीतियों को लागू किया. वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त (दिल्ली मंडल), उप-महानिरीक्षक (रेल अपराध) रेलवे बोर्ड और महानिरीक्षक (रेलवे) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रेलवे में यात्री सुरक्षा और अपराध नियंत्रण से संबंधित कई नवीन प्रयोग किए। उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें दो बार विशिष्ट सेवा पदक और दो बार डीजी चक्र से सम्मानित किया जा चुका है।

## युवती से मोबाइल के जरिए पहले किया प्यार, फिर शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण



**प्रेमी को ढूंढते फतेहपुर पहुंची युवती को अर्द्ध बेहोशी की हालत में अस्पताल में कराया गया भर्ती**

**फतेहपुर पुलिस ने पूछताछ के बाद युवती को डोभी थाने की पुलिस को कर दिया सुपुर्द**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): युवक ने युवती से मोबाइल के जरिए पहले किया प्यार फिर शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। अब युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया है। पीड़ित युवती ने प्रेमी को ढूंढते फतेहपुर पहुंच गई। गोपीमोड़ में युवती अर्द्ध बेहोशी की हालत में मिली। उसे दयाल 112 की पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में लाकर भर्ती कराया। फतेहपुर पुलिस ने पूछताछ के बाद पीड़ित युवती को डोभी थाने की पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। पीड़ित युवती डोभी थाना क्षेत्र की रहने वाली, वहीं प्रेमी युवक फतेहपुर थाना क्षेत्र के रैसीर का है। लड़की का बीडीओ सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित युवती ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। फोन पर फतेहपुर थाना क्षेत्र के रैसीर गांव निवासी प्यारे लाल कुमार से बात हुई। उसके बाद बात चीत का सिलसिला जारी हो गया। मोबाइल पर बात होते होते दोनों प्रेम में हो गया और दोनों प्रेम में काफी आगे बढ़ गए। युवक ने उसके साथ ही शादी करने का इरादा जताया। हालांकि जब युवती के परिवार वालों को दोनों की प्रेम कहानी कांपता चला गया। इस बीच परिजनों ने युवती की छह जगहों पर शादी लगाया। जिसे युवक कैंसिल कर शादी नहीं होने दिया। बराबर बोलते रहा कि इससे मैं शादी करूंगा। आप जो दूसरे को दहेज दे रहे है। वो हमें दे दीजिए। युवती के अनुसार उसके परिजन चार लाख रुपये युवक को दे दिया।युवती ने बताया कि उसका प्रेमी युवक ने उसे शादी का प्रलोभन देकर पंद्रह दिन पहले हजारीबाग ले गया। वहां मकुंदगंज मुहल्ला में एक होटल लिया और वहीं उसे रखा। युवती ने बताया कि इस दौरान युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस बीच जब वह शादी करने के लिए प्रेमी युवक पर दबाव बनाया। तब युवक उसे अकेला छोड़कर वहां से भाग गया। फिर वह युवक के आधार कार्ड पर अंकित पता पर फतेहपुर के गोपीमोड़ पहुंची। लेकिन प्रेमी नहीं मिला, बल्कि प्रेमी युवक के घर वाला उसकी मां के फोन पर घमकी दे रहा है। युवती ने बताया कि शादी प्यारे लाल से हीं करूंगी। अन्यथा उसके घर के आगे जान दे दूंगी। इधर, थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि युवती का मामला डोभी थाना क्षेत्र का है। इसलिए युवती को पूछताछ करने के बाद उसे डोभी थाने की पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

## नेशनल हेराल्ड केस स्वतंत्रता सेनानियों के साथ विश्वासघातः सम्राट चौधरी

पटना, (एजेंसी) : नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दायर होने के बाद भाजपा हमलावर है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और पार्टी की राज माता सोनिया गांधी ने भारत को लूटा है। स्वतंत्रता सेनानियों को लूटा गया।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश को और राजद बिहार को लूटने वाली पार्टी है। नेशनल हेराल्ड शेयर घोटाला में जहां कांग्रेस के राहुल गांधी और सोनिया गांधी आरोपी हैं , वहीं राजद प्रमुख लालू प्रसाद चारा घोटाला में सजायाफ्ता है। लालू परिवार के आधा दर्जन लोग रेलवे की नौकरी के बदले जमीन मामले में आरोपी हैं। दोनों दलों का प्रथम परिवार जमानत पर है।

सम्राट चौधरी ने भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान नेशनल हेराल्ड मामले की चर्चा करते हुए कहा कि 2010 में जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी और राहुल गांधी कांग्रेस के महासचिव थे, तब 'नेशनल हेराल्ड' अखबार का स्वामित्व रखने वाली यंग इंडिया लिमिटेड कंपनी के करोड़ो रुपये के बाजार मूल्य वाले 1057 शेयर मात्र 5 लाख रुपये में खरीद लिए गए। इनमें से 76 फीसद शेयर अपने पास रख कर राहुल गाँधी मात्र 5 लाख रुपये में 2000 करोड़ की कंपनी के मालिक ( डायरेक्टर ) बन गए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने पर ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले की जांच शुरू की, सबूत जुटाए और उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया। अब ईडी ने सोनिया गांधी और राहुल गाँधी के खिलाफ आरोपपत्र भी दायर कर दिया है।

उन्होंने कहा कि यंग इंडिया लिमिटेड कंपनी में स्वाधीनता सेनानियों का शेयर था, इसलिए नेशनल हेराल्ड घोटाला स्वाधीनता सेनानियों के साथ विश्वासघात है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में कार्रवाई रद करने की कांग्रेस की अपील 2016 में ही खारिज कर चुका है।

## हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस में चोरी के तीन मोबाइल के साथ अपराधी गिरफ्तार





नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस में यात्रियों का मोबाइल चोरी करते एक अपराधी को चोरी के तीन मोबाइल के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। रेल सूत्रों ने बताया कि आरपीएफ पोस्ट गया व सीपीडीएस विंग के सब इंस्पेक्टर जावेद एकबाल के नेतृत्व में बुधवार को13009 अप हावड़ा-योगगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस में अपराधिक निगरानी के लिए गया जंक्शन से जवान तैनात हुए। गया-डीडीयू रेल सेक्शन के डेहरी स्टेशन पहुंचने से पहले ट्रेन के जनरल कोच में बैग लिए एक युवक को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। इसकी सूचना निरीक्षक प्रभारी डेहरी ऑन सोन रामविलास राम को दिया गया। डेहरी ऑन-सोन स्टेशन प्लेटफार्म पर ट्रेन पहुंची तो वहां इंस्पेक्टर व जवान पहुंच गए। संदिग्ध युवक जनरल कोच से उतर कर तेजी से बहार जाने के लिए बढ़ने लगा लेकिन प्लेटफार्म पर वर्दी वाले को देखकर उसने अपना रास्ता बदल लिया। संदेह और गहरा होने पर उक्त व्यक्ति को पानी टंकी के पास घेर कर रोका गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम धर्मेन्द्र बिंद पिता महेंदर बिंद पता रामपुर थाना चैनपुर जिला गया बताया। बैग की तलाशी लेने पर यात्रियों से चोरी किये गए तीन मोबाइल फोन बरामद हुआ तथा एक पुराना इस्तेमाली ब्लेड भी मिला।इस संबंध में जीआरपी थाना में मामला दर्ज कर पूछताछ के बाद अपराधी को जेल भेज दिया गया।

## बाहुबली राजद विधायक रीतलाल पर कसा शिकंजा, एसएसपी ने कहा-जरूरत पड़ी तो होगी गिरफ्तारी



पटना, (एजेंसी) : दानापुर से राजद के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव पर पटना पुलिस ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अपराधों में संलिप्त प्रभावशाली व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो रीतलाल यादव की गिरफ्तारी की जाएगी। यदि वे फरार रहते हैं, तो न्यायालय से वारंट प्राप्त कर नोटिस जारी किया जाएगा और संपत्ति की कुर्की की जाएगी।

अवकाश कुमार ने बताया कि बिल्डर द्वारा दिए गए आवेदन के साथ एक ऑडियो पेन ड्राइव भी मिली है, जिसमें रंगदारी और धमकी का उल्लेख है। ऑडियो की आवाज का मिलान फॉरेंसिक जांच से कराया जा रहा है। पुख्ता सबूत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले में आरोपित बाहुबली विधायक रीतलाल यादव फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। फिलहाल, मिले सभी सबूतों के आधार पर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा भी इस मामले की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि एक बिल्डर से रंगदारी की लिखित शिकायत मिलने पर यह कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में राजद विधायक रीतलाल यादव के दानापुर स्थित कोथमा आवास सहित कुल 8 ठिकानों पर विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और पटना पुलिस ने छापेमारी की थी, जहां रीतलाल यादव के घर से लगभग 10 लाख रुपये नकद, लगभग 70 लाख रुपये के चेक, कई खाली चेक, जमीनी दस्तावेज और चार पेन ड्राइव बरामद हुए थे।

## आगा एनजीओ की कार्यशाला में बोले पीएचईडी के मुख्य सचिव-नल जल योजना सिर्फ योजना नहीं, राष्ट्रीय संकल्प

पटना, (एजेंसी) : राज्य में गहराते पेयजल संकट और हर घर नल का जल योजना को जमीन पर प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रन विभाग, मनरेगा और दूसरे संबंधित विभाग के सीनियर अधिकारी और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पंकज कुमार ने कहा- देश में पेयजल संकट सबसे बड़ी चुनौती है।

पंकज कुमार ने कहा कि नल जल योजना से राज्य के हर नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा- यह सिर्फ एक योजना नहीं है। बल्कि हर नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित जल उपलब्ध कराने का राष्ट्रीय संकल्प है। पंकज कुमार ने कहा- इसके लिए पीएचईडी, मनरेगा और अन्य विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि नल जल योजना सिर्फ योजना नहीं यह राष्ट्रीय संकल्प है।

आगा की ओर से आयोजित कार्यशाला में भू-जल स्तर में लगातार गिरावट को लेकर चर्चा हुई। गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा- देश के कई हिस्सों में भूजल पर ज्यादा निर्भरता की वजह से जलस्तर तेजी से गिरा है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज, जल संरक्षण उपायों को ग्रामीण योजनाओं से जोड़ना जैसे कुछ समाधान बताए। जबकि मुख्य सचिव पंकज कुमार ने सुझाव दिया कि मनरेगा के तहत तालाब, चेक डैम और जल संरचनाओं के निर्माण की गति बढ़ाई जाए। पेयजल संकट एक सामूहिक चुनौती पंकज कुमार ने कार्यशाला के समापन सत्र में सभी हितधारकों से अपील की कि वे जल संरक्षण और प्रबंधन के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इसका समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने इस दिशा में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया।

## गन्ना उद्योग विभाग किसानों से सीधा संवाद करेगी

बेतिया, (एजेंसी) : गन्ना उद्योग विभाग की विशेष कार्य पदाधिकारी प्रीति सिन्हा ने शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया के सभागार में बुधवार के दिन मुख्यमंत्री कृषि यांत्रिकरण योजना पर किसानों के साथ वार्ता की तथा कहा कि सरकार अनुदानित कृषि यंत्रों की सूची बढ़ाने पर बिचार कर रही है। योजनाए स्वीकृत होकर जल्द ही आप तक पहुंचाई जायेगी।

उन्होंने कहा कि किसानों से संवाद इसलिए आवश्यक है कि गन्ना उद्योग विभाग किसानों से सीधा संवाद कर सके। कोई शिकायत व सुझाव हो तो बताये, उनकी समस्याओ का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि गन्ना का पैदावार बढ़े और किसानों का आर्थिक विकास हो।समारोह की अध्यक्षता शुगर इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड डॉ जे पी त्रिपाठी ने की। उन्होंने मुख्यमंत्री कृषि यांत्रिकरण के तहत वितरित किये गये यंत्रो की जानकारी तथा अनुदान के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने गन्ना की खेती को वैज्ञानिक तरीके से करने की सलाह दी।मवेशी के गोबर से बने खाद के उपयोग की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि मवेशी कम होते जा रहे है।खेतो में अंधाधुन डीएपी का उपयोग घातक है। उन्होंने कहा कि खेत की ताकत कम्पोस्ट है।किसान कम्पोस्ट के उपयोग से किसान खेतो की ऊर्बरा शक्ति बढ़ा सकते है। उन्होंने ट्राइकोडर्मा के उपयोग की सलाह दी।

## पृष्ठ एक का शेष...

### बॉर्डर पर मुठभेड़ में 2...

जिले की सरहद पर स्थित किलम-बरगुम इलाके में नक्सलियों का जमावड़ा है। इसी सूचना के आधार पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और बस्तर फाइटर्स की टीम को 15 अप्रैल को मौके पर भेजा गया। सर्चिंग के दौरान शाम को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई।

### मुख्यमंत्री वैवाहिक समारोह.....

सुखद दाम्पत्य जीवन की मंगलकामनाएं और शुभाशीष दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने डॉ राजन कुमार सिंह एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई दी।

# उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों से संबंधित समीक्षा बैठक

**मासिक समीक्षा बैठक में दिया अहम निर्देश**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में कृषि विभाग (कृषि/आत्मा/उद्यान), मत्स्य, पशुपालन,गव्य विकास, सहकारिता विभाग एवं भूमि संरक्षण विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में वषार्पात की स्थिति, एग्री स्मार्ट ग्राम योजना, रबी फसल, गर्मा फसल आच्छादन, रबी बीज वितरण, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला, फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना, अम्लीयक मृदा सुधार, उर्वरक की उपलब्धता, गोदाम निर्माण, सौर ऊर्जा चलित मिनी कोल्ड रूम, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, धान अधिप्राप्ति, मत्स्य के अंतर्गत वेद व्यास आवास योजना, तालाब जलाशय, समेकित मत्स्य पालन एवं राजस्व वसूली तथा भूमि संरक्षण के अंतर्गत तालाब जीर्णोद्धार, परकोलेशन टैंक, डीप बोरिंग पशुपालन विभाग के अंतर्गत पशुधन योजना आदि की समीक्षा की गई।बैठक में बताया गया कि माह जनवरी से मार्च 2025 तक सामान्य वषार्पात 50 एमएम के विरुद्ध वास्तविक वषार्पात 21.23 एमएम ही हुई है। इसके अलावा रबी फसल आच्छादन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के विरुद्ध वास्तविक आच्छादन में कमी रहने के कारण उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इसे बढ़ाने हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने रबी बीज वितरण की जानकारी लेते हुए किसानों के बीच शत प्रतिशत वितरण को लेकर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत प्राप्त आवेदनों, ई केवाईसी आदि की समीक्षा की।



बताया गया कि जिले में ऋणमाफी हेतु कुल 26261 आवेदन स्टेट नोडल को भेजा गया था जिसमें से 25136 किसानों को इसका लाभ मिला है। उपायुक्त ने शत प्रतिशत किसानों को इसका लाभ देने एवं अन्य बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के तहत जिले के दो विधानसभाओं में चयनित (नाला विधानसभा के जगन्नाथपुर एवं जामताड़ा विधानसभा के बोरवा) ग्रामों में कृषि कार्य एवं इसके विकास हेतु किए जा रहे कार्यों एवं व्यय की गई राशि की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं इसके अलावा उन्होंने कृषक पाठशाला के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया।

वहीं उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी से धान अधिप्राप्ति को लेकर दिए गए लक्ष्य एवं वास्तविक अधिप्राप्ति की समीक्षा कर लाभुकों के भुगतान आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने भूमि संरक्षण के द्वारा तालाब जीर्णोद्धार, पाकोर्लेशन टैंक, डीप बोरिंग आदि की समीक्षा की। साथ ही मत्स्य विभाग संचालित वेद व्यास आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा एवं राजस्व वसूली आदि बिंदुओं पर समीक्षा की। उपायुक्त द्वारा पशुपालन, सहकारिता सहित अन्य की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया साथ ही कहा कि जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, उसमें निष्ठावान होकर आप लोग कार्य करें। किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त खबर

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** टाउन हॉल,गिरिडीह परिसर में डॉ. बिमल कुमार,पुलिस अधीक्षक,गिरिडीह की उपस्थिति में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' इसके अतिरिक्त जिला अंतर्गत सभी अनुमण्डल क्षेत्र में भी उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आम जनता के समस्याओं का यथासंभव ऑन स्पॉट समाधान किया गया एवं आम जनता की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी भी आम जनता के साथ साझा की गई। गिरिडीह जिला अंतर्गत आयोजित जनशिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत कुल 133 शिकायत प्राप्त हुए सभी प्राप्त शिकायतों का पंजीकरण करते हुए आवेदक को प्राप्ति रसीद निर्गत किया गया। प्राप्त शिकायतों में से 53 मामलो का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया एव 80 लंबित शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित थाना प्रभारी एव वरीय पदाधिकारी को अग्रतर कारवाई हेतु निर्देशित किया गया।

### 25 अप्रैल तक प्रतिदिन लाभुकों के बीच करें खाद्यान्न वितरण: उपायुक्त

**ई-केवाईसी के कार्य में लाएं तेजी, खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों को चिन्हित कर करें कार्रवाई**

**समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की, दिया जरूरी दिशा निर्देश**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ) सह बीडीओ, सीओ, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक, डीएसडी ट्रांसपोर्टर, विभिन्न मिलर के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। समीक्षा बैठक क्रम में खाद्यान्न उठाव, डोर स्टेप डिलीवरी एवं जविप्र दुकानदारों के द्वारा लाभुकों के बीच वितरण की समीक्षा की। समीक्षा में पाया कि जविप्र दुकानदारों द्वारा लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण संतोषजनक नहीं है। इस पर सभी बीएसओ सह बीडीओ, सीओ को विपणन पदाधिकारी, एजीएम, जविप्र दुकानदारों के साथ बैठक कर आगामी 25 अप्रैल 2025 तक प्रतिदिन चावल दिवस घोषित करते हुए प्रतिदिन लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्धारित तिथि तक शतप्रतिशत खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बीएसओ सह बीडीओ/सीओ को खाद्यान्न डीएसडी द्वारा जविप्र को उपलब्ध कराने के साथ ही वीडियो जारी कर अपनेझअपने जन वितरण प्रणाली दुकानदार से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए लाभुकों से अपील करने, जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने, ग्रास सभा के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक संदेश पहुंचाने की बात कहीं। समीक्षा क्रम में ग्रीन राशन कार्ड धारियों के बीच भी खाद्यान्न वितरण को कहा। वहीं, लूंगी-साड़ी-धोती योजना के तहत भी आहतार्धारी लाभुकों के बीच वस्त्र वितरण करने को कहा। साथ ही, इसकी राशि विभाग को जमा करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड के ई-केवाईसी में जिले का प्रदर्शन बेहतर है, इसे आगे भी जारी रखना है। ई-केवाईसी को शतप्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही,छह माह से अधिक समय से राशन का उठाव नहीं करने वाले लाभुकों को चिन्हित कर ग्रामसभा के माध्यम से राशन कार्ड की सूची से नाम विलोपित करने की कार्रवाई को कहा। वहीं, धान अधिप्राप्ति की समीक्षा क्रम में 15 अप्रैल तक जो धान क्रय हुआ है, उसे मीलर को भेजने एवं मीलर द्वारा ससमय सीएमआर उपलब्ध कराने का कहा गया है। धान क्रय व मिलर को धान भेजने में कहीं कोई अंतर नहीं होना चाहिए। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में आधार पंजीयन, आधार में नाम सुधार को लेकर विशेष शिविर पंचायतवार लगाने को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचारझप्रसार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी निर्देश दिया।

### वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को लेकर हेड पोस्ट आफिस के पोस्ट मास्टर से मिला नागरिक अधिकार मंच




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर 2 स्थित प्रधान डाकघर में नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव है। यहां लोगों को बैठने के लिए बेंच की बहुत कमी है जबकि अधिकतर लोग वरिष्ठ नागरिक ही यहां आते हैं जिनको खड़ा रहने में बहुत ही दिक्कत का सामना करना होता है साथ ही लोगों को पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था नहीं है। नागरिक अधिकार मंच का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल इसके केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में जिसमें रघुवर प्रसाद, अर्जुन पांडेय, लक्ष्मण शर्मा और अनुराग मिश्र शामिल थे। प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर सतीश कुमार से उनके कार्यालय में बुधवार को मिलकर उपरोक्त बातों से अवगत कराया साथ ही कहा कि खाता धारकों को बहुत पहले मिले एटीएम कार्ड की वैधता की तिथि समाप्त हो जाने के बाद कई महीनों से नया एटीएम कार्ड नहीं प्रदान किया जा रहा है। जिस कारण खाता धारकों को पैसा निकालने के लिए बहुत देर तक लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है जिससे उन्हें बहुत दिक्कत हो रही है। खास कर वरिष्ठ नागरिकों को तो विशेष परेशानी होती है। इस डाकघर का साइबर भी हमेशा धीमा ही चलता है जिससे काम की गति भी धीमी रहती है। पोस्टमास्टर सतीश कुमार से इन सभी समस्याओं के जल्द निदान हेतु आग्रह किया गया और कहा गया कि जरूरत हो तो अपने ऊपरी पदाधिकारियों को भी इन विषयों से अवगत करा दें। जल्द समाधान नहीं होने की स्थिति में नागरिक अधिकार मंच द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पोस्टमास्टर ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इनके उचित समाधान का भरोसा दिया और अपने ऊपर के सक्षम पदाधिकारियों को भी इससे अवगत कराने की बात कही।

## उपायुक्त ने की जिला तकनीकी समिति की बैठक

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में जिला तकनीकी समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रस्तावों पर विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला स्तरीय तकनीकी समिति के समक्ष विभिन्न फसलों, सब्जी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन हेतु स्केल ऑफ फाइनेंस से संबंधित डर निर्धारण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तावित मजदूरी दर में वृद्धि के फलस्वरूप स्केल ऑफ फाइनेंस के सभी फसलों में अल्प मूल्य वृद्धि कर प्रस्ताव तैयार किया गया है जिस पर सबों ने सहमति प्रदान की।




वहीं इसके अतिरिक्त बैठक में सभी बैंकों से सम्बद्ध प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि किसानों को अनावश्यक रूप से बैंक शाखा द्वारा परेशान नहीं किया जाय एवं केसीसी ऋण से ससमय संतृप्त करें, क्योंकि कृषि मौसम आधारित होता है, समय निकल जाने के बाद पूंजी उपलब्ध कराने पर भी उसकी भरपाई नहीं की सकती है। वहीं गाय, बकरी, मुर्गी एवं बतख पालन तथा मिश्रित मत्स्य पालन, मत्स्य बीज उत्पादन एवं जलाशय में केज द्वारा मत्स्य पालन हेतु उपलब्ध प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।इस मौके पर उप विकास आयुक्त , उप निर्वाचन पदाधिकारी , जिला कृषि पदाधिकारी के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## मिहिजाम में पोषण पखवाड़ा जागरूकता अभियान चलाया गया

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**मिहिजाम :** मिहिजाम के कानगोई आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण पखवाड़ा जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी देवकी पंजियारा ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त आहार जिसमें प्रोटीन, आयरन, फोलिक एसिड, फल,हरी एवं पत्तेदार सब्जियां,साबुत अनाज, दवाई खानी चाहिए, और स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित रूप से अपनी और अपने बच्चों की जांच करवानी चाहिए। शिशुओं के जन्म के पहले 1000 दिनों में दिये जाने वाले पोषण युक्त भोजन भी बच्चों को कुपोषण से बचाते हैं।

शिशुओं के जन्म के बाद भी सभी माता पिता को अपने बच्चों को सभी प्रकार के पोष्टिक आहार को खाने में देना चाहिए। हम सभी को अपने दैनिक जीवन में अपने घर तथा आस पास साफ सफाई रखें , एवं स्वस्थ भोजन करना चाहिए। स्वयं सेवको ने गांव में माता-पिता को बच्चों में कुपोषण के कारण होने वाले बीमारियों से बचाव के उपाय बताए एवं साफ सफाई, शिक्षा तथा बच्चों के लिए अनेक सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया ताकि इन योजनाओं के माध्यम से वे अपने बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सकें। स्वयं सेवको ने बच्चों को पौष्टिक आहार एवं फल का वितरण किया। मौके पर सीमा कुमारी, राज, अंशु कुमारी, चन्द्रशेखर, विश्वजीत कुमार आदि स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन की महागामा इकाई की बैठक

**गोड्डा :** राजेंद्र स्टेडियम ऊर्जानगर में झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन की महागामा इकाई की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला संयुक्त सचिव मुरारी प्रसाद शर्मा एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष सह अनुमंडल प्रवक्ता रीतेश रंजन ने किया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान हाशमी ने पूर्व में आयोजित ध्यानाकर्षण रैली की समीक्षा की एवं रैली को सफल बनाने हेतु सभी सदस्यों को बधाई दी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड उपाध्यक्ष निलेश कुमार ने कहा कि अप्रैल तक सभी संकुलों में झारोटेफ की इकाई का गठन कर लिया जाएगा। वहीं प्रखंड संयुक्त सचिव नियाज अहमद ने राजेंद्र पंडित को कार्यकारी कोषाध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पेश किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत कर लिया गया। शहजाद अनवर ने प्रखंड स्तर पर एक आकस्मिक कोष के गठन की बात कही तथा प्रखंड सचिव गंगेश गुंजन ने आगामी कार्यक्रमों के तैयारी की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में सुनील पंडित, अंजनी चौधरी, नितेश दुबे, कमर मुस्तर, अजीमुद्दीन, कुंदन कुमार शाही, उत्तम कुमार आदि उपस्थित थे।

## देशबंधु महाविद्यालय में दर्शनशास्त्र विषय के लिए गेस्ट फैकल्टी की भर्ती

**24 अप्रैल को होगा साक्षात्कार**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**मिहिजाम :** चित्तरंजन स्थित देशबंधु महाविद्यालय ने दर्शनशास्त्र विषय में एक गेस्ट फैकल्टी नियुक्त करने के लिए वॉक-इन साक्षात्कार का आयोजन करने की घोषणा की है। इस बाबत महाविद्यालय द्वारा एक आधिकारिक सूचना जारी की गई है। यह प्रतिष्ठित संस्थान काजी नजरूल विश्वविद्यालय से संबद्ध है और यूजीसी की धारा 2(एफ) व 12(बी) के तहत मान्यता प्राप्त है। साथ ही, यह संस्था आयकर अधिनियम की धारा के तहत कर छूट की श्रेणी में आती है। साक्षात्कार 24 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे से आरंभ होगा। इच्छुक उम्मीदवारों को प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे के बीच महाविद्यालय में पंजीकरण कराना आवश्यक है। साक्षात्कार का आयोजन प्राचार्य कक्ष में किया जाएगा। एक पद के लिए यह नियुक्ति की जा रही है और विषय दर्शनशास्त्र होगा। शैक्षणिक योग्यता के लिए यूजीसी द्वारा निर्धारित मापदंड लागू होंगे। आवेदक के पास एमए में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। नेट , सेट या पीएचडी धारकों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। उम्मीदवारों को अपने सभी मूल दस्तावेज, उनकी स्वप्रमाणित प्रतियां और एक वैध पहचान पत्र के साथ उपस्थित होना होगा। यह अवसर विशेष रूप से उन नवयुवकों के लिए उपयुक्त है जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने करियर की शुरूआत करना चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट पर संपर्क किया जा सकता है।

## फतेहपुर थाना क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई का हुआ खुलासा

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**विन्दापाथर :** फतेहपुर थाना क्षेत्र के बाघमारा और मिरगापहड़ी के सीमावर्ती इलाके में अवैध लकड़ी कटाई का एक बड़ा मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस क्षेत्र में पिछले काफी समय से अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई की जा रही है। कटे हुए लकड़ियों का एक बड़ा ढेर क्षेत्र में देखा गया है, जो इस अवैध कार्य की पुष्टि करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस धंधे को अंजाम देने में बंगाल से जुड़े लकड़ी माफियाओं की अहम भूमिका है। यह माफिया समूह लंबे समय से इलाके में सक्रिय है और स्थानीय प्रशासन की आंखों में धूल झोंकते हुए पर्यावरण का नुकसान कर रहा है। इस पूरे मामले पर प्रशासन की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि इस अवैध कटाई की गंभीरता से जांच हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।



पेड़ों की बेतहाशा कटाई से न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि इससे जंगली जानवरों के आवास भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, अवैध लकड़ी तस्करी से सरकार को भी राजस्व की भारी क्षति हो रही है।अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस मामले में संज्ञान लेता है और अवैध लकड़ी तस्करों पर लगाम लगाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। फतेहपुर थाना क्षेत्र से सटे खागा, पालोजोरी और मसलिया क्षेत्रों में अवैध लकड़ी मिलों का संचालन धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो इन मिलों में अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों की प्रोसेसिंग की जा रही है और इस पूरे नेटवर्क में कई बाहरी माफियाओं की संलिप्तता बताई जा रही है। यह मिलें पूरी तरह गैरकानूनी तरीके से चल रही हैं और न ही इनके पास वैध लाइसेंस है, न ही किसी सरकारी मान्यता की जानकारी सामने आई है। इसके बावजूद इन इलाकों में खुलेआम लकड़ी की चीराई और सप्लाई का कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस धंधे की जानकारी संबंधित अधिकारियों को पहले से है, लेकिन अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। इससे अंदेशा जताया जा रहा है कि इस पूरे नेटवर्क को कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त हो सकता है।पर्यावरण और राजस्व को हो रहा नुकसान इन अवैध मिलों के कारण बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं सरकार को भी लकड़ी पर लगने वाले टैक्स और राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है। मांग उठी है सख्त कार्रवाई की स्थानीय समाजसेवी संगठनों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन अवैध मिलों पर छापा मारकर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए और पर्यावरण सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## राजबांध में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**पुलिस की पब्लिक के साथ जुड़ाव की एक और पहल**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**शिकारीपाड़ा :** पुलिस को जनता का रक्षक समझा जाता है पर कई बार पुलिस पब्लिक के बीच संवाद हीनता के कारण दोनों के बीच एक दूरी आ जाती है जिससे पुलिस की छवि प्रभावित होती है। यही नहीं कई बार आम लोगों के सहयोग न मिलने से पुलिस अपने को असहाय पाती है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर झारखंड पुलिस विभाग ने जनता के बीच जाकर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में आज बुधवार को शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के राजबांध ग्राम में दुमका पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु डीएसपी अमित रविदास , शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी अमित लकड़ा , अंचलाधिकारी शिकारी पाड़ा कपिल देव ठाकुर, बीडिओ एजाज आलम एवं अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित थे। हालांकि पुलिसके द्वारा जनता के बीच जाने की यह पहल तो बहुत अच्छी है तथापि कार्यक्रम में मात्र 12 आवेदन ही आए जिसका ऑनस्पाट निपटारा नहीं हो सका। अंचलाधिकारी शिकारी पाड़ा कपिल देव ठाकुर ने कहा कि इस तरह की जन शिकायत समाधान कार्यक्रम शिविर में पुलिस लोगों के बीच पहुंचकर उनकी तात्कालिक समस्याओं या छोटी-मोटी जमीनी विवाद या अन्य झगड़ा झंझटों का तत्काल निवारण करती है और यही इन शिविरों का उद्देश्य है।



## नाबालिक बेटी की बारामदगी के लिए पिता ने डीआईजी से लगाई गुहार

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** देवघर जिले के पालोजोरी थाना क्षेत्र के एक लाचार पिता ने अपनी नाबालिक बेटी की बरामदगी के लिए दुमका पहुंचकर बुधवार को संताल परगना क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के कार्यालय में आवेदन देकर गुहार लगाई है। नाबालिक के पिता का कहना है कि पिछले महीना 23 तारीख से उसकी बेटी लापता है पालाजोरी थाना में केस दर्ज होने के बाद भी पुलिस अभी तक बेटी को बरामद करने के लिए प्रयास नही कर रही है और न ही अभी तक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। उल्टे अभियुक्त के परिजन पीड़ित परिवार को बार बार धमकी दे रहे हैं। इस कारण से पूरा परिवार डरा सहमा रहता है। थाना प्रभारी, डीएसपी एवं पुलिस अधीक्षक देवघर के पास भी आवेदन देने और कई बार आग्रह करने के बाद भी अभी तक पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता से परेशान होकर अंततः उनके पिता ने डीआईजी दुमका के कार्यालय में जाकर आवेदन दिया है एवं इसकी एक प्रति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी भेजी गई है। बेटी की बरामद भी नहीं होने से पीड़ित परिवार काफी परेशान है। उन्होंने चिंता व्यक्त की की कहीं अपराधी उनकी बेटी की जान ना ले लिया हो। पीड़ित परिवार मूल रूप से दुमका जिला के निवासी हैं। वर्तमान में वह अपने ससुराल में कल जोड़ी थाना क्षेत्र में निवास करते हैं।

## पंचायत के लिये कचरा उठाव वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** उप विकास आयुक्त-सह -उपाध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति के द्वारा जिला के शहरी क्षेत्र से सटे हुये पंचायत दुधानी, बंदरजोरी, पुराना दुमका, कुरूवा, घाटरसिकपुर, सरुवा, लखीकुण्डी एवं कडहरबिल, पंचायत के लिये कचरा उठाव वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही संबंधित पंचायत के मुखिया तथा पंचायत सचिव के साथ बैठक की गई। बैठक का मुख्य उदेश्य साफ-सफाई को सुदृढ करना तथा गांवों को प्लास्टिक प्रबंधन की ओर अग्रसर करना है। कचरा उठाव वाहन का संचालन एवं रख-रखाव पंचायत मद तथा/ग्रामीणों के सहयोग मद की राशि द्वारा कराने पर सहमती दी गई है। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 02 दुमका के द्वारा उक्त आठ पंचायत के सभी ग्रामों में साफ-सफाई के लिए कचरा उठाव वाहन उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में सभी संबंधित मुखिया के द्वारा पंचायत को साफ रखने तथा प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने हेतु आश्वासन दिया गया।

उप विकास आयुक्त के द्वारा कहा गया कि संबंधित पंचायत सचिव तथा मुखिया अपनी देख रेख में कचरा वाहन द्वारा कचरा उठाव कार्य करायें एवं समय समय पर ग्रामीणों के साथ बैठक कर जागरूक एवं प्रेरित करने जोर दिया जाय। सभी पंचायत में आवश्यकतानुसार सोकपीट, नाडेप एवं पंचायतस्तरीय प्लास्टि पृथ्थीकरण शेड का निर्माण कराया जाय। ताकि दिसम्बर तक सभी गांवों को मॉडल गांव बनाया जा सकें।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** रानीश्वर थाना क्षेत्र में दुमका सिउड़ी मुख्य पथ के रानीश्वर बाजार के पास मंगलवार के देर रात अज्ञात वाहन के चपेट में आकर युवक का मौत हो गया हैं । सुखजोड़ा गांव के बिट्टू धीवर अपने घर से पैदल रानीश्वर आ रहा था ।रानीश्वर बाजार के पास अज्ञात वाहन की चपेट ने आकर गंभीर रूप से घयल हो गया था ।रानीश्वर थाना का पुलिस इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने भर्ती कराया था ।प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सिउड़ी रेफर किया गया था । सिउड़ी से उसे बर्दमान रेफर किया था ।जानकारी के अनुसार बर्दमान ले जाने के क्रम में रास्ते मे मौत हो गया हैं ।

## संपादकीय

### चोकसी पर चौकसी

हाल ही में मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत लाने और अब बेल्जियम में सबसे बड़ी बैंकिंग धोखाधड़ी करके फरार हुए हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी के गहरे निहितार्थ हैं। इससे देश में अपराध करके भागने वालों के लिये सख्त संदेश जाएगा कि वे साफ बचकर नहीं निकल सकते। जांच एजेंसियों की सतर्कता, अधिकारियों की तत्परता और सत्ताधीशों की सजगता स्थितियां बदल सकती है। बहरहाल, चोकसी की गिरफ्तारी से यह उम्मीद जरूर जगी है कि देर-सवेर भारत लाकर उस पर मुकदमा चलाया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि साल 2018 में देश के सबसे बड़े बैंक घोटाले के जरिये चोकसी एंड पार्टी ने पूरे देश की बैंकिंग व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था। चोकसी पर आरोप है कि उसने पंजाब नेशनल बैंक के साथ करीब तेरह हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। आरोप है कि इस धोखाधड़ी में कथित तौर पर बैंक अधिकारियों और अन्य लोगों की भी गहरे तक मिलीभगत थी। दरअसल, इस बड़े घोटाले के सार्वजनिक होने से पहले ही मेहुल चोकसी और सह-आरोपी उनका भतीजा नीरव मोदी भारत से भागने में सफल हो गए थे। नीरव को वर्ष 2019 में ब्रिटेन में गिरफ्तार कर लिया गया था। वह अभी भी वहीं हिरासत में है। लेकिन येन-केन-प्रकारेण तथा लगातार नयी दलीलें देकर अपना प्रत्यर्पण टालने में सफल रहा है। दरअसल, पश्चिमी देशों में सशक्त नागरिक व मानव अधिकारों का दुरुपयोग ये अभियुक्त अपनी खाल बचाने के लिये बखूबी करते हैं। दूसरे उनके पास घोटाले का पर्याप्त पैसा है, जिससे वे महंगी कानूनी लड़ाई के जरिये अपना बचाव करने में कामयाब होते रहे हैं। बहरहाल, भले ही चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी हो गई है,लेकिन उसकी जल्दी वापसी इतनी भी आसान नहीं है। इस मामले को देख रहे अधिकारियों को अभी लंबी कानूनी लड़ाई के लिये तैयार रहना होगा। यह तय है कि चोकसी अपनी रिहाई सुनिश्चित करने तथा अपना प्रत्यर्पण टालने के लिये कानूनी मोर्चे पर कोई कसर नहीं छोड़ने वाला है। निश्चित रूप से हमें बचाव पक्ष के वकीलों की रणनीति को लेकर कोई आश्चर्य न होगा कि चोकसी के खराब स्वास्थ्य को आधार बनाकर जमानत लेने का प्रयास किया जाए। खबरों में बताया जा रहा है कि चोकसी कैंसर का इलाज करा रहा है। वहीं दूसरी ओर देश में अपराध करके भागने वाले लोग विदेशी अदालतों में यह दलील देने से नहीं चूकते कि भारत में जेलों के हालात खराब है और वे उन स्थितियों में नहीं रह सकते। ऐसे में भारतीय जांच एजेंसियों को इस तरह के कुतर्कों का पुख्ता तरीके से मुकाबला करने के लिये पूरी तैयारी के साथ विदेशी अदालतों में अपना पक्ष सशक्त ढंग से रखना होगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस प्रकरण में भारत के सबसे बड़े बैंक घोटाले की जांच दांव पर है। इसके अलावा इस मामले में भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम की प्रभावशीलता की भी कसौटी शामिल है। जिसे राजग सरकार ने वर्ष 2018 में मेहुल चोकसी व नीरव मोदी के देश से भागने के बाद लागू किया था। यह विडंबना ही कही जाएगी कि चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने तथा अधिनियम के प्रावधानों के तहत उसकी संपत्ति जब्त करने की प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पिछले सात सालों से मुंबई की एक अदालत में लंबित है। बहरहाल, देश के सबसे बड़े बैंकिंग घोटाले में चोकसी के खिलाफ कार्रवाई तेज की जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के सख्त कानूनी प्रावधानों के चलते पिछले कुछ सालों में बैंकिंग धोखाधड़ी में शामिल राशि में उल्लेखनीय कमी आई है। निस्संदेह, यह एक स्वागत योग्य पहल है, लेकिन बड़ी मछलियों पर शिकंजा कसने तथा बैंक के खाताधारकों का भरोसा हासिल करने के लिये अधिक प्रयासों की जरूरत है। ऐसे मामलों में कानूनी प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक अदालतों के जरिये तेज करने तथा भगोड़े आर्थिक अपराधियों को कूटनीतिक प्रयासों के जरिये भारत लाने के प्रयासों को भी गति देने की जरूरत है। बैंकिंग व्यवस्था में खाताधारकों का भरोसा कायम रखने के लिये यह अपरिहार्य शर्त है।

## (चिंतन-मनन)

### प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे।

एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा कर-के योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए।

परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए।

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

–ललित गर्ग–

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषतः किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है। यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है? यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा दोगलापन है? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है।

खुलेआम सार्वजनिक मंचों पर राष्ट्र-विरोधी विचारों का जहर घोला जा रहा है। वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडम्बनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है।

वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। क्या वक्फ कानून के विरोधी यह बताने की स्थिति में हैं कि वक्फ बोर्डों ने अभी तक कितने गरीब मुसलमानों की सहायता की? यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। अब यह झूठ फैलाया जा रहा है कि नए वक्फ कानून के जरिये सरकार मस्जिदों और कब्रिस्तानों पर कब्जा करना चाहती है। यह निरा झूठ और शरारत ही है। वक्फ कानून के विरोधी भले ही लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हों, लेकिन ये उसकी धज्जियां ही उड़ा रहे हैं। वे वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने के लिए तैयार नहीं। मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा। इसके साथ ही इनाम देने को लेकर योजनाएं बनाई गयी। हिंसा के दौरान इस बात का खास ध्यान देने का अलर्ट किया गया कि रेल और नॉर्मल ट्रांसपोर्ट न चल पाए। मौका मिलने पर हिंदुओं की हत्या करना भी टारगेट था। कुछ हिन्दुओं को मारा भी गया है। हिंदुओं के घरों के साथ मंदिरों पर हमले किए गए, घर जलाए गए, आजीविका नष्ट की गई, बलात्कार की धमकियां दी गयी, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि नए वक्फ कानून का विरोध करने वाले न केवल सांप्रदायिक घृणा में डूबे हैं, अराजकता एवं उन्माद पर सवार है, आतंकी माहौल बनाकर हिन्दुओं को भयभीय-आतंकित करना चाहते है। क्योंकि उन्हें यह भरोसा है कि ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पुलिस उनके खिलाफ कुछ नहीं करने वाली। ज्यादा चिन्ताजनक तो यह है कि अराजक लोग चाहते हैं पलायन करने के लिए मजबूर लोग फिर कभी अपने घरों को न लौट पाएं। इन जटिल एवं अनियंत्रित होते अराजक हालातों में शांति, सौहार्द एवं सामान्य हालातों को निर्मित करने के लिये आवश्यक है कि केंद्र सरकार बंगाल में हस्तक्षेप करने के लिए आगे आए, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि सुप्रीम कोर्ट वहां के हालात का स्वतः संज्ञान ले। उसे वक्फ कानून विरोधी हिंसक तत्वों के उपद्रव के लिए ममता सरकार को जवाबदेह बनाना ही होगा।

ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। ममता अपने बलबूते चुनाव जीतने का माद्दा रखती है तो फिर हिंसा का सहारा क्यों लेती है? अराजकता फैलाकर अपने ही शासन को क्यों दागदार बनाती है? क्यों अपने प्रांत की जनता को डराती है, भयभीत करती है? क्या ये प्रश्न ममता की राजनीतिक छवि पर दाग नहीं है?

# शिक्षक और सड़क दोनों मंजिल तक पहुंचाने के कारगर सेतु

–किशन सनमुखदास भावनानी–

भारत आदि-अनादि काल से संस्कृति, मानवीय सभ्यता, मान-सम्मान की संप्रभुता का अभूतपूर्व खजाना भारत माता की मिट्टी में ही समाहित रहा है। ऊपर से सोने पर सुहागा हमारे बड़े बुजुर्गों, बुद्धिजीवियों सहित आध्यात्मिकता के माध्यम से कहावतों, वचनों, शब्दों का ऐसा अनमोल पंक्तियों द्वारा हमारे पास स्वर्ण रूपी संयोजित है, जिसके एक एक शब्द में मोती भरे हैं! अगर भारत का हर नागरिक इन पंक्तियों के बोध का ज्ञान अपने जीवन में अपना कर उसके अनुसार अपने जीवन को ढालें तो यह विचार, कहावतें उन पर आ रही विपत्तियों, तकलीफों, विपरीत समय में एक म जबूत ढाल का काम कर सकते हैं!वैसे तो अनेक पंक्तियां, शब्द, वाक्यांश हैं पर हम आज, , शिक्षक और सड़क दोनों एक एक जैसे हैं जो खुद जहां है वहीं रहते हैं मगर दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा ही देते हैं, , इसपर कुछ बातों का को सांझा कर शिक्षा ग्रहण करने की कोशिश करेंगे।

साथियों बात अगर हम शिक्षक और सड़क की करें तो दोनों हमारे लिए अति महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आज के परिपेक्ष और डिजिटल भारत में, जैसे हमारा सांस लेना आवश्यक है। इसके बैगर हम जी नहीं सकते है। वैसे ही शिक्षक और सड़क के बिना विद्यार्थी और लोग अधूरे है। शिक्षक और सड़क नहीं होंगे तो वह विकास प्राप्त करने में असमर्थ हो जाएंगे।

साथियों बात अगर हम शिक्षक की करें तो, शिक्षक एक व्यक्ति को कुशल नागरिक बनाता है। शिक्षक वह प्रकाश है जो सभी के ज़िन्दगी में रोशनी भर देता है। शिक्षक एक मोमबत्ती रूपी ज्ञान का उजाला है जो लोगों को अँधेरे से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाती है। शिक्षक की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। शिक्षक अपने शिक्षा के जरिये व्यक्ति समाज और राष्ट्र का निर्माण करता है। उनकी शिक्षा की वजह से व्यक्ति में आत्मविश्वास का संचार होता है जिसकी वजह से वह अपने ज़िन्दगी में कुछ कर गुजरने की चाहत रखता है। शिक्षक एक खूबसूरत आईने की तरह है जिससे व्यक्ति अपने वजूद की पहचान कर पाता है। शिक्षा वह मजबूत ताकत है जिससे हम समाज को सकारात्मक बदलाव की ओर ले जा सकते है। शिक्षक विद्यार्थिओं का मार्ग दर्शक है। ज़िन्दगी के कठिन मोड़ पर जब हम रास्ता भटक जाते है तो कोई न कोई इंसान शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाता है। कम उम्र में बच्चे का जीवन गीली मिटटी की तरह होता है। तब शिक्षक एक कुम्हार की तरह उसे शिक्षा रूप हाथों से एक मजबूत आकार प्रदान करता है। शिक्षक विद्यार्थिओं को आने वाले बेहतर भविष्य के लिए तैयार करते है। विद्यार्थी के मन में विषय संबंधित और जीवन संबंधित कोई भी दुविधा आये तो शिक्षक उस दुविधा को हल करने में हर मुमकिन कोशिश करता है।

शिक्षक की मेहनत की वजह से कोई डॉक्टर, कोई इंजीनियर कोई वकील, सीए, पायलट सैनिक इत्यादि बन कर अपनी मंजिल पर पहुंच जाते है। अगर शिक्षक नहीं होंगे तो यह पद पर कोई व्यक्ति कार्यरत नहीं हो पाएंगे। शिक्षक इंसान को अच्छे और बुरे के बीच फर्क करना सिखाते है। वह अधर्म, घृणा, ईर्ष्या, हिंसा इन बुरी आदतों से विद्यार्थिओं को दूर रहना सिखाते है। शिक्षक शिष्टता, सहनशीलता, धैर्य से जीवन के संघर्षों से पार करना सिखाते है। इसलिए हम कह सकते हैं कि शिक्षक विद्यार्थियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण रोल अदा करता है।

साथियों बात अगर हम सड़क की करें तो, किसी भी देश के आर्थिक विकास में यातायात एवं संचार के साधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। देश का कृषि, व्यापार व औद्योगिक विकास परिवहन के साधनों पर ही निर्भर करता हैं। परिवहन एक महत्वपूर्ण तृतीयक व्यवसाय हैं। आज के परिपेक्ष में बिना सड़क के मानवीय जीवन अधूरा है। इसके बिना जीवन की गाड़ी को आगे बढ़ाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता, हालांकि हजारों या सैकड़ों वर्षों पहले हमारे पूर्वज उस परिस्थितियों से दो चार हुए होंगे पर अभी आधुनिक डिजिटल युग में यह संभव नहीं।

साथियों बात अगर हम सड़क निर्माण के विशाल चरणों और सड़क के महत्व की करें तो, सड़क निर्माण में कार्य के कई चरण हैं, जैसे क्षेत्र सर्वेक्षण, मिट्टी सर्वेक्षण, यातायात सर्वेक्षण, ज्यामितिक डिजाइन, संरचनीय डिजाइन, और वास्तविक निर्माण क्षेत्र। भारत में सड़कें हाथों के श्रम से, या यंत्रों से, बनाई जाती है। पहले देश में मजदूर बहुतायत से मिलते थे जिसके कारण शारीरिक श्रम का ही अधिकतर प्रयोग किया जाता है, परंतु अब सब मशीनीकरण से हो गया है। भारतीय सड़कों का जाल विश्व का सबसे बड़ा सड़क जाल है। सड़क परिवहन छोटी एवं मध्यम दूरी तय करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। यह विश्वसनीय, तेज, लचीला तया मांगपूरित तरीका है, जो घर-घर जाकर सेवाएं उपलब्ध करा सकता है। यह गांवों को बाजारों, कस्बों, प्रशासनिक व सांस्कृतिक केन्द्रों से जोड़ता है और इस प्रकार उन्हें देश की मुख्य धारा में शामिल करता है। सड़क परिवहन सुदूरवर्ती पहाड़ी, मरुस्थलीय, जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों को जोड़ता है। सड़कें भी विभिन्न प्रकार के लोगों को अपनी मंजिल तक पहुंच आती है जैसे, राष्ट्रीय राजमार्ग- ये राजमार्ग देश की चौड़ाई एवं लंबाई के अनुसार बिछाये गये हैं। ये राज्यों की राजधानियों, बंदरगाहों, औद्योगिक व खनन क्षेत्रों तथा राष्ट्रीय महत्व के शहरों एवं कस्बों को जोड़ते हैं। प्रांतीय राजमार्ग- ये एक राज्य के भीतर व्यापारिक एवं सवारी यातायात के मुख्य आधार होते हैं। ये राज्य के प्रत्येक कस्बे को राज्य की राजधानी, सभी जिला मुख्यालयों, राज्य के महत्वपूर्ण स्थलों तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से संलग्न क्षेत्रों के साथ जोड़ते हैं। जिला सड़केंः ये सड़कें बड़े गांवों एवं कस्बों को एक-दूसरे से तथा जिला मुख्यालय से जोड़ती हैं। ये अधिकांशतया कच्ची होती हैं। इनका निर्माण एवं रख-रखाव जिला परिषदों या सम्बंधित सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है। ग्रामीण सड़केंः ये सड़कें गांवों को जिला सड़कों से जोड़ती हैं।




**कष्ट ही तो वह प्रेरक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और आगे बढ़ाती है। - वीर सावरकर**

**उत्तरदायित्व में महान बल होता है, जहाँ कहीं उत्तरदायित्व होता है, वहीं विकास होता है। - दामोदर सातवलेकर**

# नये वक्फ कानून से दिक्कत किसे है

–राधा रमण–

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद 8 अप्रैल को देशभर में वक्फ संशोधन कानून 2025 लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। वक्फ संशोधन विधेयक को पिछले सप्ताह संसद के दोनों सदनों से मंजूरी मिल गई थी। हालांकि इस कानून को कई मुस्लिम संगठनों और राजनेताओं ने अल्पसंख्यक हितों के खिलाफ बताते हुए कोर्ट में चुनौती दी है। देश के अलग-अलग भागों में इस कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। खासकर कांग्रेस समेत देश के विपक्षी दल इसके विरोध को हवा दे रहे हैं। इस कानून के विरोध में याचिका दाखिल करनेवालों में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, ऑल इंडिया मजलिस-ए इत्तेहादुल मुसलमीन के अध्यक्ष सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के प्रतिनिधि समेत 12 लोग शामिल हैं। उधर, केंद्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर मांग की है कि मामले की सुनवाई की पूर्व सूचना उसे भी दी जाए ताकि समय रहते वह भी अपना पक्ष रख सके। इस बीच, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशभर में ह्यवक्फ बचाव अभियानह्ल शुरू कर दिया है। इसके तहत एक करोड़ लोगों का हस्ताक्षर कराकर प्रधानमंत्री को सौंपा जाएगा। यह अभियान 7 जुलाई तक चलेगा। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर इस कानून में क्या है जिससे मुस्लिम संगठनों और विपक्षी दलों का ह्यइस्लामह्ल खतरे में आ गया है।

दरअसल, विपक्ष और नये वक्फ कानून का विरोध करनेवालों का कहना है कि सारा विवाद वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों पर कब्जे को लेकर है। देशभर में वक्फ बोर्डों के पास 9.4 लाख एकड़ की जमीन है। इससे ज्यादा भूमि का स्वामित्व रेलवे और सशस्त्र बलों के पास है। वक्फ बोर्डों के पास यह सम्पत्तियां मुसलमानों द्वारा दान की गई हैं, जिन पर दरगाह, मस्जिद, कब्रिस्तान, मदरसा, दुकान आदि स्थापित हैं। इसके अलावा बहुतेरी कृषि भूमि भी है। इसकी देखरेख के लिए देश के हर राज्य में वक्फ बोर्ड गठित किया गया है। समय-समय पर इन वक्फ बोर्डों पर आर्थिक घपले के आरोप लगाये जाते रहे हैं लेकिन चूंकि वक्फ मामलों की सुनवाई सरिया कानून के तहत होने, वक्फ के फैसले को चुनौती नहीं दी जा सकने और सार्वजनिक अदालतों में नहीं होने के कारण कोई भी आरोप साबित नहीं हो पाए हैं। उधर वक्फ बोर्डों के पदाधिकारी मालामाल होते रहे हैं।

नये वक्फ कानून से आम मुसलमानों को कोई कठिनाई नहीं आएगी। वैसे भी वक्फ ने अपनी आमदनी का उपयोग किसी गरीब मुसलमान की पढ़ाई-लिखाई अथवा उसका जीवनस्तर सुधारने के लिए किया हो इसका उदाहरण नहीं मिलता। काश, अगर वक्फ बोर्ड मुसलमानों की दशा-दिशा सुधारने की कोई पहल करता होता तो आज हालात कुछ और होते। हां, वक्फ बोर्डों पर काबिज लोग जीवनभर ऐशोआराम का जीवन जरूर जीते रहे।

संसद में वक्फ बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजजू ने बताया कि वक्फ बोर्डों के पास लाखों करोड़ की सम्पत्ति होने के बावजूद इसका इस्तेमाल गरीब मुसलमानों के पक्ष में नहीं होने के कारण अराजकता की स्थिति थी। हम बिल नहीं लाते तो वह संसद भवन पर भी दावा कर सकते थे। गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं कि नये बिल से अब वक्फ के आदेश को अदालत में चुनौती दी जा सकेगी। पहले वक्फ का फैसला ही अंतिम होता था। यह गलत धारणा है कि नया वक्फ कानून मुसलमानों के धार्मिक आचरण, उनके द्वारा दान की गई सम्पत्ति में हस्तक्षेप करेगा। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी कहते हैं कि देशभर में वक्फ का दुरुपयोग करना एक बीमारी बन गई है। इसे रोकने में नया कानून कारगर होगा। आरिफ साहब कहते हैं कि गरीबों, कमजोरों और जरूरतमंदों पर अपनी आमदनी में से खर्च करने की बात कुरआन में भी लिखी गई है। लेकिन वक्फ यह सब कहां करता था। वक्फ के जरिये न तो कोई अस्पताल चलता है न ही बढ़िया स्कूल-कालेज। इसके जिम्मेदारों ने वक्फ को हमेशा अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया है। इसलिए वक्फ की जमीन पर धर्मार्थ काम करने की जरूरत है।

उधर, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कहते हैं कि यह कानून मुसलमानों की सम्पत्ति हड़पने के लिए बनाया गया है। यह भारत के मूल विचारों पर हमला है। कांग्रेस इसका विरोध करेगी। ऑल इंडिया मजलिस-ए इत्तेहादुल मुसलमीन के अध्यक्ष सांसद असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि भाजपा मस्जिद-मन्दिर में टकराव बढ़ाकर देश को अस्थिरता में धकेलना चाहती है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कहती हैं कि वह पश्चिम बंगाल में कानून को लागू नहीं होने देंगी। मुंगेरीलाल की तरह हसीन सपने देखते हुए बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कहते हैं कि अगर बिहार में उनकी सरकार बनती है तो वह इस कानून को लागू नहीं होने देंगे। सपा-बसपा के नेता भी कुछ इसी तरह की बात कहते हैं। मुझे कहने दीजिए कि विपक्ष के नेता वक्फ कानून का विरोध कर सिर्फ और सिर्फ मुसलमानों के हमदर्द बनने का दिखावा कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने संविधान के अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। ये वही लोग हैं जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगाए टैरिफ पर चुप रहते हैं। ये वही लोग हैं जो महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या आदि पर सड़क पर निकल कर विरोध करना भूल गए हैं। ये वही लोग हैं जो समाज में जातीयता का जहर घोलने पर आमादा हैं। ये वही लोग हैं जो जाने-अनजाने भाजपा की बनाई बिसात पर चौसर खेलने को अभिशप्त हैं।दरअसल, भाजपा तो शुरू से चाहती है कि देश का जनमत हिन्दू-मुस्लिम में विभाजित हो जाए ताकि उसे आसानी से बहुमत मिलता रहे। सवाल नये वक्फ कानून पर नहीं, बल्कि कानून बनाने के समय पर होना चाहिए। 2014 और 2019 में जब भाजपा को संसद में पूर्ण बहुमत था। उस समय भाजपा चाहती तो यह कानून आसानी से बनाया जा सकता था। लेकिन तब भाजपा ने ऐसा नहीं किया। अब जबकि लोकसभा में भाजपा के महज 240 सांसद हैं तब यह कानून बनाकर भाजपा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान, राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी, हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा के जीतनराम मांझी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार सरीखे अपने सहयोगी दलों के नेताओं की मुस्लिम परस्ती को खुलेआम चुनौती दे दिया है। साथ ही यह संदेश भी कि ह्यवृंदावन में रहना है तो राधे-राधे कहना होगाह्ल। बिहार में इसी साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होनेवाले हैं। इसका सर्वाधिक नुकसान नीतीश की पार्टी जनता दल (यू), चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) और जीतनराम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा को होगा। भाजपा ने अपने चक्रव्यूह में इन्हें घेर लिया है और निकलने का इनके पास कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है। वक्फ बिल पर संसद में जनता दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीवरंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की दलील सुनकर जदयू में भगदड़ की स्थिति बन गई और उसके दर्जनभर से अधिक नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। कई अभी पार्टी छोड़ने की कगार पर बैठे हैं और उचित समय का इंतजार कर रहे हैं।

वरिष्ठ पत्रकार राजदीप सरदेसाई ठीक ही तो कहते हैं कि ह्यजिस तरह से जदयू और तेलुगुदेशम पार्टी ने संसद में वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया, वो बताता है कि पिछले दस महीनों में सियासत का चक्का कितनी तेजी से घूमा है। नीतीश और नायडू दोनों ने अब भाजपा की प्रमुख स्थिति को स्वीकार कर लिया है। इसमें भी नीतीश का बार- बार पालाबदल राजनीति में विचारधारा हीनता का स्पष्ट उदाहरण है। चंद्रबाबू नायडू का मामला थोडा पेचीदा है। वे एक ऐसे राज्य की कमान संभाल रहे हैं, जहां भाजपा बड़ी ताकत नहीं है। उनके पास प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक अनुभव है, जिसकी मदद से वे भाजपा पर निर्भर हुए बिना भी आंध्र प्रदेश की सत्ता में बने रह सकते हैंह्ल विपक्ष का एक तर्क यह भी है कि केंद्र सरकार मुसलमानों की जमीन हड़पने के बाद ईसाइयों और फिर मन्दिरों की जमीन पर कब्जा करेगी। लेकिन यह दूर की कौड़ी है। बहरहाल, सबकी नजरें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हैं और देखना दिलचस्प होगा कि शीर्ष अदालत इस समस्या का कैसे समाधान करती है।

7_Page 3.qxd 4/16/2025 8:56 PM Page 1





# जिसमें मन को खुशी मिले वही काम करें

हर इंसान की पसंद, जरूरतें और प्राथमिकताएं दूसरे से अलग होती हैं। इसलिए दूसरों की बिन मांगी सलाह पर अमल करने के बजाय हमें वही करना चाहिए, जो खुद को सही लगे। मैंने दिल्ली विश्वविद्यालय से जूलॉजी में एमएससी किया था। मैं बचपन से ही पढ़ाई में काफी अच्छी थी और मुझे टीचिंग का प्रोफेशन बहुत पसंद था। मैं करियर को लेकर ज्यादा महत्वाकांक्षी नहीं हूं और न ही मेरे मन में ज्यादा पैसे कमाने की लालसा है। मेरे पैरेंट्स चाहते थे कि मैं आगे रिसर्च करूं और साइंटिस्ट बनूं। इसलिए उनका मन रखने के लिए मैंने रिसर्च के लिए बीएचयू में अप्लाई कर दिया था और वहां से बुलावा भी आ गया था। इसी बीच बरेली के एक कॉलेज में भी मुझे जॉब मिल गई जिसे छोड़कर मैं बनारस नहीं जाना चाहती थी।

तब परिवार के अलावा दोस्तों और पास-पड़ोस के लोगों ने मुझे बहुत समझाया कि ऐसे मौके बार-बार नहीं मिलते और इन्हें खोना मूर्खता होगी। तुम्हें आगे रिसर्च करना चाहिए। इससे भविष्य और उज्जवल होगा। इसके लिए मुझे लोगों से कई तरह की बातें सुनने को मिलीं, पर मैं अपने फैसले पर अडिग रही। मेरा मानना है कि हमें वही कार्य करना चाहिए, जिससे हमारे मन को सच्ची खुशी मिले। अब मैं अपने कार्य से पूरी तरह संतुष्ट हूं और मुझे अपने उस निर्णय पर जरा भी अफसोस नहीं है। मैं इस बात का पूरा यकीन करती हूं कि हर इंसान को अपने जीवन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण निर्णय खुद ही लेने चाहिए।

## ध्यान नहीं दिया व्यर्थ की बातों पर

मैंने शास्त्रीय संगीत में विशारद की उपाधि हासिल की है, पर शादी के बाद घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियों में व्यस्त हो गई। मैं जॉब करना चाहती थी, लोगों के सामने स्टेज पर गाना चाहती थी, जब भी मैं अपनी यह इच्छा जाहिर करती तो मेरे मायके-ससुराल वाले साथ मिलकर मुझे समझाने लगते कि ये सब बेकार की बातें हैं, बाहर की दुनिया स्त्रियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर गाने का इतना ही शौक है तो घर पर ही रियाज कर लिया करो, लेकिन मैं अपनी पहचान बनाना चाहती थी। इसलिए मैंने लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। अपनी सारी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाते हुए शहर की कुछ सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर मैंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गाना शुरू कर दिया। आज जब लोग मेरे गायन की प्रशंसा करते हैं तो इससे मुझे सच्ची आत्म-संतुष्टि मिलती है। इतना ही नहीं, अब पारिवार के लोग भी मेरी इस कामयाबी पर गर्व करते हैं।

## इन सात मंत्रों से रहा जा सकता है खुश

- अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखें। साथ ही प्रतिदिन अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। याद रखें, जिंदगी में कुछ भी असंभव नहीं है, बस पूरी शक्ति के साथ प्रयास करने की जरूरत है। नकारात्मक सोच रखने से न केवल हमारा आत्मविश्वास कमजोर होता है, बल्कि हमारा स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है।
- पुरानी यादों और बातों को भूलकर वर्तमान पर अपना ध्यान केंद्रित करें। याद रखें यदि आप सिर्फ पुरानी यादों और बातों के बारे में सोचती रहेंगी तो वर्तमान का सुख उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं, लेकिन जहां जाने पर आपका मन दुखी हो जाता हो, वहां बिल्कुल न जाएं।
- जब भी मौका मिले मनपसंद संगीत सुनें। कई शोध-अध्ययनों से यह बात साबित हो चुकी है कि पसंदीदा संगीत तनाव के स्तर को काफी कम कर देता है।
- न किसी ने सही कहा कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में घंटों बीत जाते हैं। इसलिए स्वयं भी हंसें और दूसरों को भी हंसने का अवसर प्रदान करें।
- आप जो खाती हैं वही आपके चेहरे और शरीर से झलकता है। खानपान या रहन-सहन में थोड़ी-सी लापरवाही का असर सीधा आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए अपने खानपान पर पर्याप्त ध्यान दें। मौसमी सब्जियों और फलों का नियमित सेवन करें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि आपका खानपान कलरफुल हो अर्थात आपके भोजन में हर रंग का समावेश होना चाहिए।
- विशेषज्ञों का कहना है कि संतुलित डाइट से आप हमेशा फिर रह सकती हैं। न चेहरे पर रौनक तभी आती है, जब आपके शरीर को पूर्ण विश्राम मिले। इसके लिए जरूरी है कि पर्याप्त नींद लें। पर्याप्त नींद लेने से न केवल चेहरे पर चमक आती है, बल्कि स्वास्थ्य भी सही रहता है।





# स्ट्रीट शॉपिंग में अच्छी बार्गेनिंग के लिए फॉलो करें ये स्मार्ट ट्रिक्स

**स्ट्रीट शॉपिंग में सही बार्गेनिंग करने के लिए आप कुछ आसान ट्रिक्स को फॉलो कर सकती हैं और अच्छे सामान सही दामों में खरीद भी सकती हैं।**

दिल्ली की सरोजिनी नगर मार्केट हो या फिर मुंबई की लिंकिंग रोड मार्केट, भला किसे सस्ते दामों में अच्छे सामान की शॉपिंग करना अच्छा नहीं लगता है। यूं कहा जाए कि स्ट्रीट शॉपिंग कई लोगों की जरूरत नहीं बल्कि शौक होता है। दरअसल स्ट्रीट मार्केट ऐसे मार्केट होती है जिसमें कई तरह की अच्छी और ब्रांडेड चीजें भी सही दामों में मिल जाती हैं। जब भी स्ट्रीट शॉपिंग की बात आती है तब आप में से कई लोग दुकानदार के बताए दामों पर ही चीजें खरीद लेते होंगे और कई लोग दाम कम कराने के लिए अच्छी बार्गेनिंग भी करते होंगे।

इस तरह की मार्केट में कई बार दुकानदार किसी भी सामान के दाम मनचाहे ढंग से बताते हैं और अगर आपने ठीक तरह से बार्गेनिंग नहीं की तो वो आपको सस्ते दामों वाले सामान भी ज्यादा दामों पर बेच सकते हैं। इसलिए स्ट्रीट शॉपिंग में आपको अच्छी बार्गेनिंग की जरूरत होती है जिससे आप सही सामन उचित दामों में खरीद सकें। अगर आपको बार्गेनिंग नहीं आती है तो आप कुछ स्मार्ट ट्रिक्स से स्ट्रीट शॉपिंग में बार्गेनिंग कर सकते हैं।

## कई दुकानों और स्टालों की जांच करें

आप चाहे दिल्ली की सरोजिनी नगर में स्ट्रीट शॉपिंग कर रही हों या गोवा की फ्ली मार्केट में सामान खरीद रही हों, सबसे पहले आपको किसी एक सामान के लिए कई अलग -अलग स्टालों की जांच करनी चाहिए। ऐसा करके आप देखेंगे कि अधिकांश दुकानों और स्टालों में एक ही तरह के कपड़े और सामान हो सकते हैं। कई बार किसी कपड़े का पैटर्न, प्रिंट, कलर सब लगभग एक जैसा ही होता है लेकिन उनके दाम अलग होते हैं ऐसे में अगर आपको कोई ऐसी चीज मिलती है जो आपको पसंद है, तो कई दुकानों से उसके दाम पता करें। इससे



आपको यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि क्या कोई दुकानदार कीमत को ज्यादा बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। सामान्य तौर पर मार्केट की छोटी दुकानों की तुलना में सड़क के किनारे के स्टालों की दरें हमेशा सस्ती होंगी आप सही कीमत के हिसाब से बार्गेनिंग करके शॉपिंग करें।

## थोड़ा झूठ भी है जरूरी

स्ट्रीट शॉपिंग के समय आपके लिए थोड़ा झूठ बोलना भी अच्छा होता है। यदि आप चाहते हैं कि दुकानदार आपको गंभीरता से ले, तो आपको यह दिखाना होगा कि आप अलग-अलग जगह और कीमतों से परिचित हैं। आप स्ट्रीट शॉपिंग दुकानदार से यह कह सकते हैं कि आप उस खास जगह और बाजारों में अच्छी तरह से खरीदारी करते हैं और आप हर एक सामान के सही दामों से परिचित हैं। ये स्मार्ट बार्गेनिंग ट्रिक आपको सस्ते दामों में अच्छी चीजें दिला सकती है।

## अपने एक्सप्रेशन को न्यूट्रल रखें

कई बार आपको स्ट्रीट शॉपिंग में कोई ऐसा सामान मिल जाता है जो आपकी पसंद का होता है और आप उसे बहुत दिनों से ढूढ़ रहे होते हैं। ऐसे में उस सामान को देखकर ज्यादा एक्साइटेड होने की बजाय अपने एक्सप्रेशन को न्यूट्रल रखें। कभी भी दुकानदार के सामने ये न जटाएं कि आपको किसी सामान की बहुत ज्यादा जरूरत है। अगर दुकानदार आपकी जरूरत को समझ जाता है तो वो बढ़ चढ़ कर दाम बताता है। इसलिए आपका न्यूट्रल रिएक्शन बार्गेनिंग में मदद कर सकता है।

## दुकानदार की कीमत का आधा दाम बताएं

कुछ मामलों में यह बेतुका लग सकता है, लेकिन हमेशा जब भी आओ स्ट्रीट शॉपिंग कर रहे हों तब आप दुकानदार द्वारा बताए दाम का लगभग 50-60% कम करने से आप उस कीमत के करीब पहुंच जाते हैं, जो वास्तव में उस सामान की कीमत है। दरअसल स्ट्रीट शॉपिंग में दुकानदार अपनी इच्छा से दाम बढ़ा देते हैं जो बार्गेनिंग से कम किये जा सकते हैं।

## चीजों में ढूढें डिफेक्ट

जब आप स्ट्रीट शॉपिंग के लिए जाएं तो किसी भी सामान में कोई ऐसा डिफेक्ट ढूंढने की कोशिश करें जो वास्तव में डिफेक्ट न होकर उस कपड़े का डिजाइन या कलर ही हो। लेकिन आप डिफेक्ट के नाम पर अच्छी बार्गेनिंग करके स्ट्रीट शॉपिंग (भारत के इन राज्यों में उठाएं स्ट्रीट मार्केट का मजा) में चीजों के दाम कम करा सकती हैं। स्ट्रीट मार्केट में मिलने वाले बहुत से कपड़े वास्तव में ऐसे होते हैं जो होल सेल से आते हैं और इसमें कोई बहुत छोटा सा डिफेक्ट भी हो सकता है जैसे बटन का ढीला होना या किसी जगह की सिलाई खुलना। सामान सेलेक्ट करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप उसके हर इंच को स्कैन कर लें। यदि डिफेक्ट ज्यादा बड़ा नहीं है तो आप इसके दाम कम करा सकते हैं। वास्तव में यह एक स्मार्ट बार्गेनिंग ट्रिक है।

# मेहंदी का रंग चढ़ेगा गहरा जानिए आसान तरीके

महिलाएं 16 श्रंगार करती है, सजती - संवरती है। उन्हीं में से मेहंदी भी श्रंगार का ही हिस्सा है। इसके बिना तीज त्योहार या किसी भी प्रकार का पर्व पूरा नहीं होता है। लेकिन बदलते दौर में मेहंदी के रंग भी फीके पड़ने लगे हैं। कुछ नुस्खें है जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेहंदी का रंग गहरा कर सकती हो। तो आइए जानते हैं 5 आसान से टिप्स -

- मेहंदी को घोलते समय उसमे में सादा पानी नहीं मिलाते हुए चाय की पत्ती का पानी डालें। इसे बनाने के लिए तपेली में एक कप पानी रखें,उसमे पत्ती डाल दें। पानी को थोड़ी देर उबाल लें और ठंडा होने के बाद उससे मेहंदी घोल लें।
- मेहंदी घोलने से पहले मेहंदी में ही तेल डाल दें। इससे मेहंदी का कलर एक जैसा आता है। वहीं मेहंदी हल्की सी सुख जाने के बाद एक कटोरी में पानी लेकर उसमें शक्कर डाल दें। इसके बाद रूई की मदद से मेहंदी पर लगाएं। कलर अच्छा आएगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप रूई की मदद से अचार का तेल भी लगा सकते हैं। इससे मेहंदी का कलर खूब जमेगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप इसे हटा देते हैं, और लेकिन पानी से हाथ नहीं धोएं। इसके पहले थोड़ी देर के लिए घरेलू बाम का इस्तेमाल करें। अपने हाथों पर हल्के हाथों से लगा लें। ध्यान रहे उंगलियों के पोरस पर नहीं लगाएं। ताकि गलती से आंख में नहीं लग जाएं।
- मेहंदी सूखने के बाद रूई की मदद से हल्के हाथों से मेहंदी का तेल लगा लें। इसके बाद करीब 3 घंटे तक हाथों पर पानी नहीं लगाएं। फिर देखिए कितना गहरा रंग आता है।





# कैसा होना चाहिए बच्चे का पूरे हफ्ते का डाइट चार्ट

**सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को अच्छी डाइट की जरूरत होती है। अगर आप बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं, तो इससे उसके विकास में काफी मदद मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बता रहे हैं कि ढाई साल के बच्चे का हफ्तेभर का डाइट चार्ट कैसा होना चाहिए।**

## सोमवार का भोजन चार्ट

ढाई साल के बच्चे को सुबह 7 से 8 बजे एक कप दूध में ड्राई फ्रूट्स के साथ एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में 830 से 930 बजे के बीच बच्चे को नारियल की चटनी के साथ एक डोसा खिलाएं। इसके कुछ देर बाद 11 से 1130 बजे बच्चे को चुकंदर और गाजर का एक कप सूप पिलाएं। 1 से 2 बजे के बीच बच्चे का लंच करवाना है जिसमें उसे आधा कप हरी मटर के चावल और आधा कप चिकन करी खिलानी है। वेजिटेरियन हैं तो आधा कप चावल, आधा कप सहजन की दाल में एक चम्मच घी डालकर और आधा कप दही दें। शाम को 430 से 530 बजे बच्चे को पनीर सैंडविच दें और फिर रात को 730 से 8.15 बजे डिनर में एक मटर का परांठा और आधा कप दही खिलाएं।

## मंगलवार की डाइट

सुबह बच्चे को एक कप दूध में बादाम और एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। नाश्ते में बच्चे को सेरेलेक खिला सकती हैं। इसके थोड़ी देर बाद एक वेज रोज और आधा कप तरबूज खिलाना है। लंच में आधा कप वेज पुलाव और आधा कप रायता खिलाएं। शाम को एक कप मैंगो जूस पिलाएं। अब डिनर में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप चुकंदर की सब्जी दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बुधवार का खाना

25 साल के बच्चे को सुबह ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक इडली और दो चम्मच नारियल की चटनी खिलाएं। कुछ देर बाद एक कप संतरे का जूस पिलाना है। लंच में आधा कप चावल, आधा कप दाल पालक, एक चम्मच घी और आधा कप दही खिलानी है। इसके थोड़ी देर बाद एक रागी का लड्डू और एक केला खिलाएं। डिनर में बच्चे को आधा कप वेजिटेबल खिचड़ी के साथ आधा कप दही दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बृहस्पतिवार का भोजन चार्ट

सुबह उठने के बाद बच्चे को एक कप केले के मिल्क शेक में एक चम्मच शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। कुछ देर बाद बच्चे को आधा कप मिक्स वेज सूप और आधा कप अनानास खिलाना है। दोपहर को लंच में आधा कप मिक्स वेजिटेबल राइस और आधा कप दाल फ्राई खिलाएं। लंच के बाद एक बेसन का लड्डू और आधा कप खरबूजा खिलाएं। डिनर में आधा कप वेज नूडल्स दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शुक्रवार का डाइट चार्ट

शुक्रवार को सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक कप पोहा खिलाएं। फिर थोड़ी देर बाद एक संतरा देना है। बच्चे को लंच में आधा कप चावल, आधा कप लौकी की दाल और एक चम्मच घी डालकर खिलाएं। शाम को एक वेज कटलेट के साथ आधा कप लस्सी पिलाएं। रात को डिनर में एक परांठा और आधा कप दाल फ्राई में एक चम्मच घी डालकर परोसें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शनिवार का खाना कैसा रखें

सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। थोड़ी देर बाद एक कप पपीता और 4 से 5 खजूर खिलाएं। लंच में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप गाजर और आलू की सब्जी दें। शाम को एक कप गाजर का सूप पिलाएं। रात को डिनर में आधा कप वेजिटेबल पास्ता खिलाएं। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।



संक्षिप्त खबरें

## वित्त मंत्रालय की सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों के साथ अब 6 मई को होगी बैठक



नई दिल्ली, (एजेंसी) : वित्त मंत्रालय ने वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा और अन्य मुद्दों को लेकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों के साथ होने वाली बैठक में बदलाव किया है। अब यह बैठक छह मई को होगी। इससे पहले यह बैठक 17 अप्रैल को होनी थी। इस बैठक की अध्यक्षता वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों के साथ होने वाली बैठक में बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जन धन योजना और मुद्रा योजना सहित सरकार की प्रमुख योजनाओं के लक्ष्यों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इस बैठक में चालू वित्त वर्ष के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंडअप इंडिया और पीएम स्वनिधि योजनाओं सहित वित्तीय समावेश की प्रमुख योजनाओं के लक्ष्यों पर भी चर्चा होगी।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने बीते वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-दिसंबर तिमाही में 1.29 लाख करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ कमाया है। ये सालाना आधार पर 31.3 फीसदी अधिक है। इस अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन में रिकॉर्ड शुद्ध लाभ, बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और पर्याप्त पूंजी भंडार जैसे प्रमुख वित्तीय मापदंडों के मामले में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## शिक्षकों ने नेपाल सरकार का आग्रह ठुकराया, आंदोलन 15वें दिन भी जारी



काठमांडू, (एजेंसी) : नेपाल के सभी निजी तथा सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की हड़ताल का बुधवार को 15वां दिन है। देशभर के शिक्षक आज भी काठमांडू की सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार ने शिक्षकों की मांग को देखते हुए संसद का बजट अधिवेशन बुलाने का फैसला भी ले लिया है, लेकिन इसके बावजूद शिक्षक महासंघ सिर्फ आश्वासन पर अपनी हड़ताल खत्म करने को तैयार नहीं है। महासंघ ने देशभर के बाकी शिक्षकों को भी काठमांडू आने की अपील की है।

प्रधानमंत्री निवास में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में शिक्षकों के मुद्दों को हल करने के लिए 25 अप्रैल से संसद सत्र बुलाकर शिक्षक संबंधी विधेयक पेश करने का फैसला लिया है। इसके बाद शिक्षा मंत्री विद्या भट्टराई ने हड़ताली शिक्षकों से आंदोलन खत्म करने का आग्रह भी किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षकों की हड़ताल के कारण दसवीं की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच नहीं हो पा रही है, जिसके साथ ही 12वीं की बोर्ड परीक्षा में भी विलंब हो रहा है। उन्होंने शिक्षा अधिनियम सहित शिक्षकों की मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया है।

नेपाल शिक्षक महासंघ की उपाध्यक्ष और सरकार से वार्ता करने के लिए गठित समिति की संयोजक नानुमया पराजुली सहित महासंघ के अन्य नेताओं ने सरकार के इरादे पर अविश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से मौखिक आश्वासन मिला है। संसद सत्र में इस बिल को पेश किया जाएगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी तक विधेयक संसदीय समिति के ही पहुंच पाया है, जहां एक-एक बिंदुओं पर सहमति होने में कम से कम एक महीने का समय लग सकता है। पराजुली ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिन से आंदोलित शिक्षक खाली हाथ वापस नहीं जाने वाले हैं।

## अमेरिकी नागरिकता के लिए इंटरव्यू देने गया फिलिस्तीनी छात्र गिरफ्तार

वाशिंगटन, (एजेंसी) :अमेरिका की नागरिकता लेने के लिए इंटरव्यू देने पहुंचे फिलिस्तीनी छात्र को मंहगा पड़ गया। उसे अमेरिका की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। छात्र पर आरोप है कि गाजा युद्ध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में छात्र ने सक्रिय भूमिका निभाई थी।

फिलीस्तीनी छात्र मोहसिन महदावी पिछले करीब दस साल से अमेरिका में रह रहा है। वह 2015 से वहां का ग्रीन कार्ड धारक भी है। वह मंगलवार को अमेरिकी नागरिकता के लिए यूएस स्टेट वर्मोंट के इमिग्रेशन दफ्तर में पहुंचा था। जब वह नागिरकता के लिए इंटरव्यू देने अंदर आफिस में गया तो उसे पहले हिरासत में लिया गया। उसके बाद लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। छात्र अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर चुका है। अब वह मास्टर डिग्री करना चाहता है।उधर गिरफ्तार किए गए छात्र महदावी के वकील लूना ड्रोबी ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने छात्र को फिलिस्तीनियों के समर्थन में आवाज उठाने के कारण गिरफ्तार किया है। यह पूरी तरह से असंवैधानिक है।

## यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस और स्वीडन में तनातनी

स्टाकहोम, (एजेंसी) :रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर यूरोपीय देशों ने रूस पर दवाब बनाना शुरू कर दिया है। इसकी शुरूआत स्वीडन ने कर दी है। हाल ही में यूक्रेन मिसाइल हमले करने पर स्वीडन ने रूस के राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब किया है।

स्वीडिश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक इंटरनेशनल मानवीय नियमों के मुताबिक लोगों के बुनियादी ढांचों की सुरक्षा करना रूस का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। इस मामले में स्वीडन ने रूस के राजदूत से अपने देश का रूख भी स्पष्ट करने को कहा है। इस तरह राजदूत को तलब करना यह दिखाता है कि स्वीडन यूक्रेन पर हमलों को लेकर रूस के प्रति खासा नाराज है। गौरतलब है कि रविवार को रूस ने यूक्रेन के सुमी शहर पर मिसाइल से हमला किया था। इस हमले में 35 लोग मारे गए थे।

# लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, शुरूआती दबाव के बाद उछले सेंसेक्स और निफ्टी



नई दिल्ली, (एजेंसी) : घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन हरे निशान में बंद होने में सफल रहा। आज दिन के पहले सत्र में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। मजबूती के साथ खुलने के बावजूद बिकवाली का दबाव बनने पर शेयर बाजार कुछ देर के लिए गिरकर लाल निशान में भी आया, लेकिन दोपहर 2 बजे के करीब खरीदार पूरी तरह से हावी हो गए। खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ने रफ्तार पकड़ ली और सेंसेक्स 77 हजार अंक के स्तर को पार कर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.40 प्रतिशत और निफ्टी 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एफएमसीजी, रियल्टी, बैंकिंग, आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने तीन लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 415 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 412.24 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.76 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,078 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,636 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,309 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 133 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,556 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,857 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 699 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 261.89 अंक उछल कर 76,996.78 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन गई। बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक 191.12 अंक की कमजोरी के साथ 76,543.77 अंक तक गिर गया। हालांकि दोपहर 2 बजे के करीब खरीदारों ने मोर्चा संभाला, जिसके कारण यह सूचकांक निचले स्तर से 560 अंक से अधिक उछाल कर 375.34 अंक की तेजी के साथ 77,110.23 अंक तक पहुंच गया। हालांकि आखिरी वक्त में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई बिकवाली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे गिर कर 309.40 अंक की बढ़त के साथ 77,044.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 15.55 अंक की मामूली मजबूती के साथ 23,344.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक 55.50 अंक की कमजोरी के साथ 23,273.05 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि आज का कारोबार खत्म होने के डेढ़ घंटा पहले खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे यह सूचकांक निचले स्तर से 175 अंक से अधिक उछल कर 123.65 अंक की तेजी के साथ 23,452.20 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 108.65 अंक की मजबूती के साथ 23,437.20 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आज दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंडसइंड बैंक 7.11 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 4.36 प्रतिशत, ओएनजीसी 3.67 प्रतिशत, ट्रेंट लिमिटेड 3.25 प्रतिशत और एशियन पेंट्स 1.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, मारुति सुजुकी 1.61 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.25 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 0.99 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 0.92 प्रतिशत और लार्सन एंड टूब्रो 0.92 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## उत्तर प्रदेश सरकार और एनएसई में हुआ एमओयू, पब्लिक से राशि जुटा सकेंगे एमएसएमई

लखनऊ, (एजेंसी) : उत्तर प्रदेश सरकार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने राज्य के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को पूंजी जुटाने में सहायता देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत एमएसएमई अब एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म के माध्यम से आईपीओ लाकर धन जुटा सकेंगे।यह एमओयू प्रबंध निदेशक, यूपीएसआईसी राज कमल (आईएएस) और एनएसई की सीनियर मैनेजर निधि महेश्वरी के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, एमएसएमई आलोक कुमार (आईएएस) और सचिव प्रांजल यादव (आईएएस) भी उपस्थित रहे। इस मौके परप्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा, ्मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उद्योग मंत्री राकेश सचान के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार एमएसएमई को एक मजबूत और अनुकूल



पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान कर रही है। इस एमओयू से एमएसएमई को इक्विटी बाजार में पहुंच मिलेगी, जिससे वे अपने व्यवसाय को विस्तार दे सकेंगे।

एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीराम कृष्णन ने बताया कि अब तक एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर 612 कंपनियां सूचीबद्ध हो चुकी हैं और उन्होंने कुल 17,003 करोड़ से अधिक की पूंजी जुटाई है। उनका कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 1,76,565 करोड़ है। उत्तर प्रदेश के एमएसएमई को भी इस मंच का लाभ अवश्य उठाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई कार्यरत हैं। राज्य सरकार इन उद्यमों को वित्तीय और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एमएसएमई नीति 2022 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्धता के लिए 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है। यह समझौता प्रदेश के एमएसएमई को सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा, जिससे न केवल पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी बल्कि उनकी बाजार पहुंच भी व्यापक होगी। एनएसई, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से राज्य भर में सेमिनार, जागरुकता सत्र, रोड शो और एमएसएमई कैंप आयोजित करेगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमियों को सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया और आईपीओ के माध्यम से पूंजी जुटाने के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा।

दरअसल, एनएसई इमर्ज एनएसई का विशेष मंच है, जो एमएसएमई को पूंजी बाजार से जोड़ने का अवसर देता है। इससे उद्यमों को पब्लिक फंडिंग, ब्रांड की विश्वसनीयता और नए निवेशकों तक पहुंच जैसे लाभ मिलते हैं।

## मार्च माह में सस्ती हुई खाने-पीने की चीजें, लोगों के साथ सरकार को भी मिली राहत

फरवरी में थी 2.38 फीसदी जो मार्च में घटकर 2.05 फीसदी पर आई

नई दिल्ली,(एजेंसी) : मार्च 2025 में महंगाई से राहत मिली। खासकर खाद्य वस्तुओं और सब्जियों की कीमतों में आई गिरावट ने न केवल आम लोगों को राहत दी बल्कि केंद्र सरकार को भी राहत मिली। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मार्च में खुदरा महंगाई दर केवल 3.34 फीसदी रही जो फरवरी में 3.61 फीसदी थी। यह 67 महीने में सबसे कम वृद्धि है जो अगस्त 2019 के बाद देखी गई है।रिपोर्ट के मुताबिक मार्च में थोक महंगाई दर घटकर 2.05 फीसदी पर आ गई जबकि फरवरी में यह 2.38 फीसदी थी। इससे साफ है कि महंगाई पर काबू पाने में सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीतियों का असर है। मार्च में खाद्य महंगाई की रफ्तार सुस्त हुई है। खुदरा बाजार में खाद्य उत्पादों की कीमतों में 2.69 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई जबकि थोक बाजार में यह 1.57 फीसदी रही। यह दशार्ता है कि कीमतों में बढ़ोतरी की गति धीमी हो गई है जिससे आम आदमी को राहत मिली है। खासकर सब्जियों और प्रोटीन उत्पादों की कीमतों में गिरावट आई है जो खाद्य महंगाई को नियंत्रित करने में मददगार साबित हुई। खाद्य महंगाई नवंबर 2021 के बाद मार्च 2025 में सबसे कम रही है। मार्च में खाद्य महंगाई दर 2.69 फीसदी रही जो नवंबर 2021 के बाद का सबसे निचले स्तर पर था। इसमें प्रमुख योगदान सब्जियों और दालों की कीमतों में आई गिरावट का है। हालांकि कुछ खाद्य वस्तुओं जैसे फल और खाद्य तेल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। वहीं विनिर्मित उत्पादों की महंगाई मार्च में बढ़कर 3.07 फीसदी हो गई जबकि फरवरी में यह 2.86 फीसदी थी। इसके अलावा मार्च में ईंधन और बिजली की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखी गई जिससे थोक मुद्रास्फीति दर 0.20 फीसदी हो गई जो फरवरी में 0.71 फीसदी थी। खुदरा खाद्य महंगाई मार्च में 2.69 फीसदी रही जबकि थोक खाद्य महंगाई केवल 1.57 फीसदी भी। यही नहीं पिछले कुछ महीनों की तुलना में मार्च में महंगाई में सुस्ती आई है जिससे केंद्र सरकार और आरबीआई की नीतियों की सफलता साफ तौर पर दिखाई दे रही है। हालांकि कुछ वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से लोगों पर बोझ पड़ रहा है।

## वित्त वर्ष में रेपो दर घटकर 5.5 फीसदी रहेगी, मार्च में मुद्रास्फीति 3.3 फीसदी रही



नई दिल्ली,(एजेंसी) : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दी है। एक रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया है कि जून और अगस्त की आरबीआई की नीति बैठक में ब्याज दरों में 25-25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि इस वित्त वर्ष में रेपो दर घटकर 5.5 फीसदी रह जाएगी।

इसके अलावा, उम्मीद की जा रही है कि आसान लिक्विडिटी की स्थिति बनी रहेगी और ब्याज दरों में कटौती का लाभ लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

मार्च में सीपीआई मुद्रास्फीति 3.3 फीसदी रही, जो बाजार की 3.5 फीसदी की उम्मीद से कम है। खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार तीसरे महीने भी अपस्फीति में रहीं, जो पिछले महीने की तुलना में 0.7 फीसदी कम है, जिसका कारण सब्जियों, दालों, अंडों और मछली-मांस की कीमतों का कम होना है। अनाज और दूध की कीमतों में क्रमिक गति सामान्य रही, जबकि चीनी और फलों की कीमतें उंची रहीं। रिपोर्ट में कहा गया है, अप्रैल में मुद्रास्फीति का आंकड़ा मार्च के स्तर के करीब है। प्याज और टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट के कारण अप्रैल के पहले 10 दिनों में सब्जियों की कीमतों में 0 से 5 फीसदी की कमी आई है।

रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026 में सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति के औसतन 3.7 फीसदी रहने का अनुमान है, जो आरबीआई के लक्ष्य और पूवार्नुमान 4 फीसदी से काफी कम है। नई गेहूं की फसल बाजार में आने के साथ अप्रैल से खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आने की संभावना है। इसके अलावा, आईएमडी ने भी 2025 के लिए सामान्य मानसून का पूवार्नुमान जारी किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल ही में रुपए की मजबूती, चीन से आयातित सामानों के दामों में तुलनात्मक कमी, तेल की नरम कीमतें और कमजोर घरेलू विकास के कारण कोर मुद्रास्फीति भी नरम रहने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है विकास के 100 संकेतकों के हमारे फ्रेमवर्क से पता चलता है कि मार्च तिमाही पिछली दो तिमाहियों की तुलना में बेहतर है, लेकिन जून 2024 से काफी नीचे है।

## नए शिखर पर पहुंचा सोना, एमसीएक्स पर पहली बार सोना 95 हजार के पार

यूएस गोल्ड फ्यूचर्स भी 3,316.32 डॉलर प्रति औंस के ऑल टाइम हाई लेवल पर

नई दिल्ली, (एजेंसी) : पूरी दुनिया में सोने की कीमत में तूफानी तेजी का रुख बना हुआ है। गोल्ड की कीमत बुलेट की रफ्तार से भाग रही है। आज सोने की कीमत ने कमोडिटी मार्केट में मजबूती का नया इतिहास रच दिया। कमोडिटी एक्सचेंज एमसीएक्स में गोल्ड फ्यूचर्स का भाव आज पहली बार 95 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गोल्ड फ्यूचर्स आज 3,300 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार करके मजबूती के नए शिखर पर पहुंच गया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टैरिफ वॉर की चिंता में कमी आने के बावजूद सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में अभी भी सोने की मांग लगातार तेज बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज स्पॉट गोल्ड 1.94 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,294.87 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि बाद में इसका भाव ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल कर 3,287.79 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर सेटल हुआ। इसी तरह यूएस गोल्ड फ्यूचर्स आज 2 प्रतिशत से अधिक उछल कर पहली बार 3,316.32 डॉलर प्रति औंस के ऑल टाइम हाई लेवल तक पहुंचने में सफल रहा।

भारत के मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज एमसीएक्स की बात करें, तो गोल्ड फ्यूचर्स ने आज प्रति 10 ग्राम 1,079 रुपये यानी 1.15



प्रतिशत की मजबूती के साथ 94,530 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरूआत की थी। बाजार खुलने के बाद जैसे-जैसे कारोबार बढ़ता गया, वैसे-वैसे सोने के भाव में भी तेजी आती गई। दोपहर 1 बजे के करीब गोल्ड फ्यूचर्स 1,551 रुपये यानी 1.66 प्रतिशत की तेजी के साथ 95,002 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया। एमसीएक्स पर गोल्ड फ्यूचर्स का ये अभी तक का सबसे ऊंचा स्तर है।

गोल्ड मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तमाम घोषणाओं के बावजूद ट्रेड वॉर को लेकर अभी तक बाजार निश्चिंत नहीं हो सका है। इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती की आशंका ने भी निवेशकों को सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में सोने में निवेश करने के लिए प्रेरित किया है। इसके साथ ही डॉलर की कमजोरी से भी निवेशकों का सोने में निवेश करने के लिए उत्साह बढ़ा है। यही वजह है कि आज भारत में एमसीएक्स के साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमत ने मजबूती का नया रिकॉर्ड बना दिया है।

मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के ज्यादातर देशों को टैरिफ के मामले में राहत देने का ऐलान किया है, लेकिन चीन के साथ उनका विवाद बढ़ता जा रहा है। चीन और अमेरिका दोनों में से कोई भी देश झुकने को तैयार नहीं है, जिसके कारण विश्व की दो सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्तियों के बीच ट्रेड वॉर तेज होने की आशंका बढ़ गई है। इसी वजह से दुनिया भर के निवेशक अपने पैसे को सुरक्षित रखने के लिए सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में गोल्ड में निवेश कर रहे हैं।

इसी तरह कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का कहना है कि वैश्विक चिंताओं ने तो गोल्ड की मांग में बढ़ोतरी की ही है, इस चमकीली धातु से मिल रहे आकर्षक रिटर्न के कारण भी निवेशकों का रुझान इसके प्रति बढ़ा है। 2024 में सोने ने 20 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया, जो स्टॉक मार्केट के एवरेज रिटर्न से ज्यादा है। इसी तरह इस साल के पहले साढ़े तीन महीने में ही सोना में निवेश करने वाले निवेशकों करीब 22 प्रतिशत का रिटर्न मिल चुका है, जबकि अभी इस साल के 8 महीने से भी अधिक का समय बचा हुआ है। सोने की मांग में जिस तरह से तेजी आई है और निवेशकों का जैसा रुझान बना हुआ है, उससे आने वाले दिनों में ये चमकीली धातु 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को भी पार कर सकती है। बाजार में तेजी की उम्मीद के कारण भी निवेशक लगातार सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं, जिससे इस चमकीली धातु का आकर्षण लगातार बढ़ता जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

# किशन यादव ने फिर दिखाया दम, नेशनल बीच ग्रेपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य



वाराणसी, (एजेंसी) :बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के प्रतिभाशाली युवा पहलवान किशन यादव ने एक बार फिर अपनी कुश्ती प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के शिमला में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित नेशनल बीच ग्रेपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में 130 किग्रा वरिष्ठ वर्ग में कांस्य पदक जीतकर बरेका का परचम लहराया।

इस उपलब्धि पर बरेका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने किशन यादव को बधाई दी। बरेका के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार के अनुसार, भारतीय कुश्ती संघ द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में किशन यादव ने अपने दमदार प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया।

बरेका में फिटर पद पर कार्यरत किशन यादव केवल एक कुशल कर्मचारी ही नहीं, बल्कि भारतीय कुश्ती जगत का उभरता सितारा हैं। इससे पहले भी वे सीनियर स्टेट झारखंड, सीनियर स्टेट उत्तर प्रदेश, अंतर रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता, और नेशनल गेम्स (इंडियन ओलंपिक, गुजरात) में पदक जीत चुके हैं।

उनकी उपलब्धियों की फेहरिस्त में उत्तर प्रदेश केसरी (2017 व 2018) का खिताब तथा वर्ल्ड प्रोफेशनल रेसलिंग हब में 100 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक भी शामिल है। किशन यादव की इस शानदार सफलता से बरेका में खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है।

# कोच और कप्तान ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीतने पर खुशी जताई



झांसी, (एजेंसी) : हॉकी पंजाब के कोच राजिंदर सिंह और कप्तान हार्दिक सिंह ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीतने पर खुशी जताई है। कोच राजिंदर सिंह ने कहा कि टूर्नामेंट हमारे लिए अच्छा रहा और हमने बढ़िया प्रदर्शन किया। कप्तान हार्दिक ने कहा कि फाइनल में लड़कों ने अच्छा प्रदर्शन किया। हम जीत से बेहद खुश हैं।

हॉकी पंजाब ने मंगलवार रात उत्तर प्रदेश के झांसी में हुए फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर प्रतिष्ठित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता। हॉकी पंजाब ने 2023 में यह टूर्नामेंट जीता था। पिछले संस्करण में वे हॉकी महाराष्ट्र से क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए थे। इस बार कप्तान हार्दिक सिंह और कोच राजिंदर सिंह की अगुआई में हॉकी पंजाब ने फिर से चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है। हॉकी पंजाब को पूल चरण में हॉकी मध्य प्रदेश से अपनी एकमात्र हार का सामना करना पड़ा था लेकिन फाइनल में अपनी गलतियों को सुधारते हुए हॉकी मध्य प्रदेश को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। क्वार्टर फाइनल में टीम ने हॉकी हरियाणा पर 3-2 से जीत हासिल की। उसके बाद सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश हॉकी के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की था।

टूर्नामेंट के बारे में बात करते हुए पंजाब टीम के कोच राजिंदर सिंह ने हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा टूर्नामेंट रहा और हमने कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन किया। हॉकी मध्य प्रदेश के खिलाफ हार हमारे लिए वाकई एक अहम मोड़ थी। हम जानते थे कि हम एक मजबूत टीम हैं, लेकिन उस हार के बाद हमने फिर से एकजुट होकर सुनिश्चित किया कि हम बाकी मैचों को हल्के में न लें।

फाइनल में हॉकी पंजाब ने पहले एक गोल खाया, लेकिन दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। फाइनल के बाद कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि योजना शुरू से ही आक्रामक होने की थी और लड़कों ने अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि मुझे लगता है कि हमने कुछ मौके गंवाए, लेकिन हम जीत से बेहद खुश हैं। घरेलू सर्किट में प्रदर्शन करना हमेशा शानदार होता है। कुल मिलाकर प्रतियोगिता अच्छी थी और स्वर्ण पदक जीतकर अच्छा लग रहा है।

# चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी और बास्केटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन 17 अप्रैल से, खालसा कॉलेज करेगा मेजबानी

नई दिल्ली, (एजेंसी) : दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में 17 अप्रैल से चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष व महिला) और बास्केटबॉल (पुरुष व महिला) टूनार्मेंट का आयोजन होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट हर वर्ष आयोजित किया जाता है और इस बार भी खेल प्रेमियों को शानदार मुकाबले देखने को मिलेंगे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन हॉकी ओलंपियन और 1975 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य अशोक दिवान के हाथों होगा। इस अवसर पर पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी श्री गौतम वढेरा और मेजबान खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह भी मौजूद रहेंगे।

हॉकी में 10 टीमें, बास्केटबॉल में 16 टीमें लेंगी हिस्सा

कॉलेज की डायरेक्टर फिजिकल एजुकेशन, इंदरप्रीत कौर नंदा के अनुसार टूनार्मेंट में पुरुष हॉकी वर्ग में 6 टीमें और महिला हॉकी वर्ग में 4 टीमें उतरेंगी। पुरुष वर्ग में मुकाबले लीग कम नॉकआउट फॉर्मेट में जबकि महिला वर्ग में राउंड रॉबिन लीग फॉर्मेट में खेले जाएंगे।

बास्केटबॉल टूनार्मेंट की शुरूआत 21 अप्रैल से होगी, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 8-8 टीमें भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता भी लीग कम नॉकआउट फॉर्मेट में खेली जाएगी और फाइनल मुकाबले 25 अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे। इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट का आयोजन पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन समिति को उम्मीद है कि टूनार्मेंट के जरिए युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने का बेहतरीन अवसर मिलेगा।

# ऐतिहासिक जीत के बाद पोंटिंग ने की चहल की तारिफ, बोले- तुमने अपनी तरह गेंदबाजी की हम मैच जीत गए



न्यू चंडीगढ़,(एजेंसी) :आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स ने 111 रन के सबसे कम स्कोर को डिफेंड कर ऐतिहासिक कारनामा किया। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकआर) पर मिली इस जीत के लिए पंजाब के कोच रिकी पोंटिंग ने यजुवेंद्र चहल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि अपनी तरह की गेंदबाजी कर चहल ने केकेआर के बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी और पंजाब को जीत दिलाई।

पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग ने चहल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, हमने इस हफ्ते तुमसे कहा था कि अपनी असली गेंदबाजी पर लौटो। और आज तुमने वही किया। अपनी तरह गेंदबाजी की और हमें मैच जिता दिया।

पोंटिंग ने मार्को यानसन (3/17) और अर्शदीप सिंह (1/11) की भी सराहना की। उन्होंने कहा, अर्शदीप, तुम आमतौर पर नई गेंद से गेंदबाजी करते हो, लेकिन जब टीम ने तुमसे अलग भूमिका निभाने को कहा, तो तुमने पूरी जिम्मेदारी से प्रदर्शन किया। यही टीम भावना हम सबमें चाहिए।

पोंटिंग ने बताया कि उन्होंने कप्तान से चर्चा करके यानसन से पहला ओवर करवाया क्योंकि वे पहले भी सुनील नारायण को जल्दी आउट कर चुके थे और यह रणनीति काम कर गई।

अब छह में से चार जीत के साथ पंजाब किंग्स अंकतालिका में चौथे स्थान पर है। पोंटिंग ने टीम को आगाह करते हुए कहा, इस जीत से बहुत खुश हूं लेकिन हमें ज्यादा उत्साहित नहीं होना है। हमें लगातार मेहनत करते रहना है और मुश्किल मैच कैसे जीतने हैं, यह समझते रहना है।

वहीं मैच ऑफ द मैच बने चहल ने कहा, मेरी हमेशा यही सोच रहती है कि बल्लेबाज को आउट कैसे किया जाए। पिछले मैच में मैंने 56 रन दिए थे, लेकिन मैंने खुद पर भरोसा रखा। हमने योजना बनाई थी कि पावरप्ले में 2-3 विकेट ले लिए जाएं तो मैच में पकड़ बन जाएगी। मैंने अपनी गति में बदलाव किया और बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर किया।

# आईपीएल मैच : 20 अप्रैल को इन्द्रू नाग देव के दर पंहुचेंगी एचपीसीए



धर्मशाला, (एजेंसी) : धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन 20 अप्रैल को इन्द्रू नाग के दर पंहुचेंगी। इस दौरान एचपीसीए द्वारा मंदिर में सुबह हवन और पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मंदिर परिसर में एक भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

गौरतलब है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में किसी भी स्तर के मैच होने से पूर्व एचपीसीए हर बार धर्मशाला के खनियारा स्थित बारिश के देवता इन्द्रू नाग के दर पंहुचकर पूजा और हवन का आयोजन करती है। वहीं मैच के सफल आयोजन के बाद इन्द्रू नाग का आभार जताने के लिए भी पूजा की जाती है। मैच के दौरान किसी भी तरह से मौसम का खलल न पड़े इसके लिए ही इन्द्रू नाग देवता के मंदिर में पूजा पाठ का आयोजन होता है।

एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि 20 अप्रैल को स्थानीय देवता इन्द्रू नाग के मंदिर में पूजा और हवन किया जाएगा तथा बाद में भंडारे का भी आयोजन भी किया जाएगा।

धर्मशाला में आईपीएल के खेले जाएंगे तीन मैच

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में इस सीजन के तीन आईपीएल मैच खेले जाने हैं। पंजाब किंग्स के होम ग्राउंड धर्मशाला में पंजाब चार मई को अपना पहला मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ खेलेगा। वहीं आठ मई को पंजाब की भिड़ंत दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगी। यह दोनों मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होंगे। वहीं 11 मई को पंजाब और मुंबई इंडियंस के बीच दिन में साढ़े तीन बजे से मैच शुरू होगा।

# ड्रीम स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप फुटबॉल 2025: बालिका वर्ग में झारखंड एफए और बालक वर्ग में पंजाब एफसी ने जीता खिताब




गोवा, (एजेंसी) : गोवा के प्रसिद्ध रायया स्पोर्ट्स ग्राउंड में ड्रीम स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप फुटबॉल 2025 का भव्य फाइनल मुकाबला खेला गया। इस रोमांचक फाइनल में देशभर से आई युवा फुटबॉल प्रतिभाओं ने अपना दमखम दिखाया। बालिका वर्ग में झारखंड एफए ने खिताब अपने नाम किया, जबकि बालक वर्ग में पंजाब एफसी ने अपना खिताब बरकरार रखा।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के समापन समारोह में भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुब्रत पॉल और बाईचुंग भूटिया समेत गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे, परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो, पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक दिगंबर कामत, आईपीएस वर्षा शर्मा (डीआईजी, गोवा पुलिस) और गोवा फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कैटानो फर्नांडिस ने शिरकत की। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

झारखंड एफए ने रोमांचक मुकाबले में ओडिशा को दी मात

बालिका वर्ग के नेशनल फाइनल में झारखंड एफए और ओडिशा एफए के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। झारखंड ने 20वें मिनट में अनामिका सांगा के एकमात्र गोल की बदौलत 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। ओडिशा की टीम बराबरी की पूरी कोशिश करती रही, लेकिन झारखंड की कप्तान चांदनी कुमारी की अगुवाई में रक्षापंक्ति ने अंत तक बढ़त कायम रखी। जीत के बाद कप्तान चांदनी ने कहा, यह खिताब हमारे लिए बेहद खास है। हमारी रणनीति गेंद को आगे बनाए रखने की थी, जिससे हम अपनी बढ़त बचा सकें। ड्रीम स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन शानदार रहा। इस मंच ने हमें देश के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया है। मेरा सपना है कि एक दिन भारत का प्रतिनिधित्व करूं, और मेरा परिवार भी मेरे इस सपने के साथ है।बालक वर्ग के फाइनल में पंजाब एफसी ने मोहन बागान सुपर जाइंट को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पंजाब के शुभम गुरूंग ने 10वें मिनट में गोल कर टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई। इसके बाद 64वें मिनट में आशीष लोहार ने दूसरा गोल कर जीत पक्की कर दी। पंजाब एफसी के कप्तान अनिकेत यादव ने कहा, ह्लहमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही, जो हमारी कड़ी मेहनत और एकजुटता का नतीजा है। इस टूर्नामेंट में हमें नॉर्विच सिटी एफसी जैसी अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ भी खेलने का मौका मिला। ड्रीम स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप युवा फुटबॉलरों के विकास के लिए बेहतरीन मंच है। खिताब बचाकर रखना हमारी टीम स्पिरिट का प्रमाण है। समापन समारोह में बाईचुंग भूटिया ने कहा, ड्रीम स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप जैसे टूर्नामेंट भारतीय फुटबॉल के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। देशभर की प्रतिभाओं को एक मंच पर देखना और उनके बीच का जुनून देखना वाकई उत्साहजनक है। इससे आने वाले समय में भारतीय फुटबॉल नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

# यूएफा चैंपियंस लीग 2024-25 : गुइरासी की हैट्रिक रही बेकार, बार्सिलोना से हारकर डॉर्टमंड टूनार्मेंट से बाहर

डॉर्टमंड, (एजेंसी) :यूएफा चैंपियंस लीग 2024-25 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सहरो गुइरासी ने शानदार हैट्रिक लगाई, लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम बोरुसिया डॉर्टमंड प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

डॉर्टमंड ने दूसरे चरण में बार्सिलोना को 3-1 से हराया, लेकिन पहले चरण में 4-0 की करारी हार के कारण कुल 5-3 के अंतर से पराजित होकर टूनार्मेंट से बाहर हो गई। वहीं, बार्सिलोना ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। पहले चरण की बड़ी हार के बाद डॉर्टमंड ने किया जोरदार हमला पहले चरण में 4-0 की हार झेलने के बाद डॉर्टमंड के पास खोने के लिए कुछ नहीं था। टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और बार्सिलोना को बैकफुट पर धकेल दिया। गुइरासी ने पहले चरण में कई अवसर गंवाए थे, लेकिन इस बार उन्होंने 11वें मिनट में पेनल्टी पर कोई गलती नहीं की और अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

# कप्तान अजिंक्य रहाणे ने लिया केकेआर की हार का जिम्मा, बोले- 'हमने बेहद खराब बल्लेबाजी की'

चंडीगढ़, (एजेंसी) : इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) में मंगलवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ 16 रन की हार का सामना करना पड़ा। महज 112 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की टीम 15.1 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। मैच के बाद बेहद हताश दिख रहे कप्तान अजिंक्य रहाणे ने हार की ज़िम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह 'बैटिंग यूनिट की सामूहिक नाकामी' थी।

मैच के बाद प्रेजेंटेशन में रहाणे ने कहा, ₹जो भी हुआ वो आप सबने देखा। काफी निराश हूं। मैं इसकी ज़िम्मेदारी लेता हूं। बतौर कप्तान मैंने भी गलत शॉट खेला, भले ही गेंद मिस कर रही थी, लेकिन वहीं से सिलसिला शुरू हुआ। हमने एक बैटिंग यूनिट के तौर पर बहुत खराब प्रदर्शन किया। हमारे बॉलर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था,

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग संख्या - RCD/DHANBAD/591/2025-26 (2nd Call)
दिनांक – 15.04.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | ''पथ प्रमण्डल, धनबाद अन्तर्गत NH-32 सरायढेला–सुगियाडीह से हीरक पॉइन्ट पथ एवं सेन्ट्रल हॉस्पिटल से को–ऑपरेटिव कॉलोनी पथ (कुल लंबाई– 2.23 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य, वर्ष 2025–26'' |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रुपये 1,85,86,903 / – रूपये मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 45 दिन |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 14.05.2025 (12:00 बजे दिन तक) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 22.04..2025 (10:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद। |
| 7. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 06432-275640 |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, धनबाद

PR 350476 Road (25-26)_D

**झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार**
**बोकारो प्रक्षेत्र, बियाडा भवन, बालीडीह, बी०एस०सिटी०–14**
Email.mdbiadabokaro@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वश्री थर्मो इलेक्ट्रोनिकस इंजिनियरींग, प्लॉट सख्या–I/E-33/1, प्रक्रम–I, रकवा–0.15 एकड़, बोकारो औद्योगिक क्षेत्र, बोकारो स्टील सिटी–14 के स्वत्वाधिकारी श्री शशि भूषण, पिता– रामाशिश विश्वकर्मा द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक मे अत्यधिक उम्र हो जाने के कारण अपने इकाई को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ हैं। इसलिए इकाई को सुचारू रूप से चलाने हेतु सर्वश्री थर्मोवीर इंजिनियरींग सर्विसेज प्रा0 लि0 के निदेशक श्री शशि भूषण को 51 प्रतिशत, श्री प्राक्रम भूशण को 30 प्रतिशत एवं श्रीमती रिद्धी कर्मकार, पत्नी प्रकाश भूषण को 19 प्रतिशत निदेशक परिवर्तन किया जाना है। इकाई का नाम सर्वश्री थर्मो इलेक्ट्रोनिकस इंजिनियरींग से बदल कर सर्वश्री थर्मोवीर इंजिनियरींग सर्विसेज प्रा0 लि0 में परिवर्तित किया जाना है।

अतः उपर्युक्त प्रस्ताव पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करें अन्यथा निर्धारित समय अवधि समाप्ति के उपरांत प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

PR.NO.350462 Industries(25-26):D

क्षेत्रीय निदेशक, जियाडा, बोकारो प्रक्षेत्र।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद**
मोबाईल नं0 : 8789242462 Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com

पत्रांक:–299

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

धनबाद / दिनांक–16.04.2025

ई– निविदा सूचना संख्या – 05/2025-26/RDSD/EE/Dhanbad(DMFT)

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बाधमारा प्रखण्ड अन्तर्गत लोहपिट्टी पंचायत के एन0एच0–32 हरि मंदिर से दोमोहानी तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 196.89600 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 6 महीना |
| 2. | बाधमारा प्रखण्ड के केशरगढ़ा पंचायत सरियाडीह ऊपर बस्ती में 10 नं0 के रास्ते से जमुनीद नदी के रास्ते तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 158.03900 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 6 महीना |
| 3. | बाघमारा प्रखण्ड के धावाचिता पंचायत अन्तर्गत धावाचिता के बरवाडीह गाँव में एन0एच0–32 पथ से कतरी नदी तक तथा कतरी नदी से काली मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ एवं कतरी नदी में पुल निर्माण। | 110.02400 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 4 महीना |
| 4. | बाघमारा प्रखण्ड के हाथुडीह पंचायत अन्तर्गत सरकारी स्कूल से ठाकुर बाँध होते हुए महुदा रेलवे स्टेशन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 106.21800 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 4 महीना |
| 5. | बाघमारा प्रखण्ड के हाथुडीह पंचायत के कचर्रा से राजाभीठा दास टोला तक पथ का निर्माण एवं हाथुडीह पंचायत अन्तर्गत मुख्य पथ से हजारीबाँध होतु महादेव संसक के घर होते बाउरी टोला तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 138.92300 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 4 महीना |
| 6. | बाघमारा प्रखण्ड के धावाचिता पंचायत अन्तर्गत धावाचिता में शिव मंदिर से खेरवारी तक पी0सी0सी0 पथ एवं गार्डवाल का निर्माण। | 106.87600 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 4 महीना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –26.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 26.04.2025 से दिनांक 05.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 07.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– ई0 नरेन्द्र कुमार, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं० – 8789242462 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद

PR 350499 Rural Development(25-26)#D

**झारखण्ड सरकार**
**वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालय– समाहर्त्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह पूर्वी वन प्रमण्डल।**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारतीय वन (बिहार संशोधन) अधिनियम 1989 की धारा 66A में प्रदत्त शक्तियों के तहत बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के अन्तर्गत समाहर्त्ता के शक्तियों का उपयोग करते हुए सरकारी वन भूमि अतिक्रमण की बेदखली हेतु इस न्यायालय द्वारा प्रारम्भ की गई निम्नवत BPLE वादों में अनेको नोटिस के बावजूद विपक्षी अबतक सुनवाई में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस समाचार पत्र के माध्यम से मुकदमे से संबंधित सभी प्रतिपक्षों को सूचित किया जाता है कि निम्नवत निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 11.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन के बाद भी यदि आप उपस्थित नहीं होते है तो अभिलेख में उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर एक–पक्षीय उचित आदेश पारित कर दिया जायगा।

मुकदमे की विवरणी निम्नवत है :–

| क0 | मुकदमा सं0 एवं वर्ष | प्रतिवादी का नाम एवं पता | अतिक्रमित वन भूमि स्थल का नाम, थाना न0, प्लौट न0 एवं रकबा | सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 13 / 19 | 1.नवीन आनन्द, पिता– स्व0 सुरेश प्रसाद 2.विकास आनन्द, पिता– स्व0 सुरेश प्रसाद दोनो सा0– धरियाडीह, थाना+जिला–गिरिडीह, 3.शंकर साव, पिता– स्व0 मदन लाल साव सा0– बजरंग चौक, बरमसिया, थाना+जिला– गिरिडीह 4.संजय जैन, पिता– स्व0 फुलचन्द जैन कोर्ट रोड, गिरिडीह, थाना+जिला– गिरिडीह 5.ललन दास, पिता– स्व0 पूरन दास 6.किशोर दीनदयाल, पिता– स्व0 पुरन दास दोनो सा0– पाण्डेयडीह, थाना– गिरिडीह(मु0), जिला–गिरिडीह | मौजा–पाण्डेयडीह पी0एफ0, थाना–गिरिडीह (मु0), थाना न0–43 प्लौट न0–405 रकबा– 11.00 एकड़ | 23.04.2025 |
| 2 | 51 / 21 | राजदेव यादव, पिता– रामेश्वर यादव, सा0–सांख, थाना– गावां, जिला–गिरिडीह | मौजा–सांख़ पी0एफ0, थाना–गावां, थाना न0–229 प्लौट न0–1274 रकबा– 0.11 एकड़ | 23.04.2025 |
| 3 | 52 / 21 | प्रकाश यादव, पिता– स्व0 गाजो यादव, सा0–सांख, थाना– गावां, जिला– गिरिडीह | मौजा–सांख़ पी0एफ0, थाना–गावां, थाना न0–229 प्लौट न0–1274 रकबा– 0.08 एकड़ | 23.04.2025 |
| 4 | 53 / 21 | चमारी महतो, पिता– स्व0 झरी महतो, सा0–सांख, थाना–गावां, जिला– गिरिडीह | मौजा–सांख़ पी0एफ0, थाना–गावां, थाना न0–229 प्लौट न0–841 रकबा– 0.20 एकड़ | 23.04.2025 |
| 5 | 54 / 21 | पप्पु यादव, पिता– चितरंजन यादव, सा0– सांख, थाना– गावां, जिला– गिरिडीह | मौजा–सांख़ पी0एफ0, थाना–गावां, थाना न0–229 प्लौट न0–841 रकबा– 0.06 एकड़ | 23.04.2025 |
| 6 | 55 / 21 | चन्द्रिका महतो, पिता– स्व0 बालचंद महतो, सा0–सांख, थाना– गावां, जिला– गिरिडीह | मौजा–सांख़ पी0एफ0, थाना–गावां, थाना न0–229 प्लौट न0–1274 रकबा– 0.12 एकड़ | 23.04.2025 |
| 7 | 57 / 21 | बबलु साव, पिता– बंशी साव, सा0–सांख, थाना– गावां, जिला– गिरिडीह | मौजा–सांख़ पी0एफ0, थाना–गावां, थाना न0–229 प्लौट न0–851 रकबा– 0.08 एकड़ | 23.04.2025 |
| 8 | 59 / 21 | माधो महतो, पिता– स्व0 झरी महतो, सा0– सांख, थाना– गावां, जिला– गिरिडीह | मौजा–सांख़ पी0एफ0, थाना–गावां, थाना न0–229 प्लौट न0–841 रकबा– 0.13 एकड़ | 23.04.2025 |

समाहर्त्ता,
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गिरिडीह पूर्वी वन प्रमण्डल।

PR 350447 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

## संक्षिप्त खबरें

### जस्टिस अरुण पल्ली बने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस, शपथ ली



श्रीनगर, (एजेंसी): जस्टिस अरुण पल्ली को बुधवार को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई।

राजभवन में सादे लेकिन प्रभावशाली समारोह में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, हाई कोर्ट के न्यायाधीश, अधीनस्थ न्यायपालिका और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जीएस संधावालिया भी इस अवसर पर मौजूद थे। जस्टिस पल्ली के मूल हाई कोर्ट पंजाब और हरियाणा के वर्तमान और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ-साथ अधिवक्ता, परिवार और मित्र भी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस समारोह में शामिल हुए।

### दुबई से काठमांडू जा रहे विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग



लखनऊ, (एजेंसी): चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (अमौसी एयरपोर्ट) पर बुधवार को दुबई से काठमांडू जा रहे एक विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। ईंधन की कमी के चलते लैंडिंग कराई गई और ईंधन भरने के बाद विमान काठमांडू के लिए रवाना हो गया।

एयरपोर्ट प्रशासन ने आज बताया कि दुबई से 157 यात्रियों को लेकर विमान (फ्लाइट एफजेड 1133) नेपाल के काठमांडू जा रहा था। लखनऊ के आसपास पहुंचने पर पायलट ने अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन से ईंधन कम होने की बात बताते हुए विमान इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन मांगी।इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन से हरी झंडी देकर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करायी। ईंधन भरने के बाद विमान काठमांडू के लिए रवाना हो गया।

अमौसी एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा दिल्ली से लखनऊ आने वाला विमान मंगलवार रात को 10:40 पर अमौसी एयरपोर्ट पर उतरा। यह फ्लाइट एक घंटा 20 मिनट पर देरी से लखनऊ पहुंचा। इस दौरान कुछ यात्रियों का सामान दिल्ली एयरपोर्ट पर छूट गया। इसकी जानकारी मिलने पर यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया। एयरपोर्ट प्रशासन के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए।

### शिवराज चौहान ने ब्राजील के कृषि व्यापार समुदाय के सदस्यों से किया विचार-विमर्श



नई दिल्ली, (एजेंसी): केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों के साथ बैठक में भाग लेने के लिए ब्राजील के दौरे पर हैं। आज उन्होंने साओ पाउलो में ब्राजील के कृषि व्यापार समुदाय के सदस्यों के साथ खाद्य प्रसंस्करण और बायो फ्यूल आदि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर जानकारी दी कि ब्राजील में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में भाग लेने पहुंचा हूं। इस दौरान आज साओ पाउलो में ब्राजील के कृषि व्यापार समुदाय के सदस्यों से संवाद हुआ। इस दौरान कृषि व्यापार, खाद्य प्रसंस्करण, बायोफ्यूल, बायोएनर्जी, तकनीकी नवाचार व आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि दोनों देशों के परस्पर सहयोग और संयुक्त प्रयासों से न केवल हमारे किसान सशक्त तथा समृद्ध होंगे, बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा को भी नई दिशा मिलेगी।

### इसरो में अंतरिक्ष अनुसंधान पर आयोजित शिविर में हिस्सा लेंगे तारकेश्वर

हुगली, (एजेंसी): दसवीं कक्षा के छात्र हिमग्न घोष तारकेश्वर से श्रीहरिकोटा जाकर अगले कुछ दिन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में बिताएंगे। वह अंतरिक्ष अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं का आगे अध्ययन करेंगे। यह खबर बाहर आने के बाद तारकेश्वर के हरिपाल इलाके में उनकी खूब चर्चा हो रही है।

हिमग्न घोष को बचपन से ही अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान में बहुत रुचि थी। वह हमेशा अंतरिक्ष विज्ञान की खबरें पढ़ते और अध्ययन करते हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और रॉकेट विज्ञान में कौशल बढ़ाने के लिए श्रीहरिकोटा स्थित इसरो कार्यालय में विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। यहीं से उन्हें फोन आया।

श्रीहरिकोटा स्थित इसरो कार्यालय देश में नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अंतरिक्ष अनुसंधान पर एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष देश के विभिन्न भागों से छात्रों को वहां आमंत्रित किया जा रहा है। बताया गया है कि इस बार कुल 350 छात्र वहां जाएंगे। बंगाल से 10 लोगों को कॉल आये। उनमें से एक है तारकेश्वर का दसवीं कक्षा का छात्र हिमग्न। वह तारकेश्वर के हरिपाल वार्ड नंबर 10 का निवासी है। वह एक स्थानीय अंग्रेजी स्कूल का छात्र है। वह स्कूल और इलाके में अपनी उपलब्धियों के लिए जाने जाते हैं। बचपन से ही अंतरिक्ष विज्ञान में उनकी गहरी रुचि रही है। माता-पिता को भी अपने बेटे पर गर्व है।

# बसपा पूरी मजबूती से लड़ेगी 2027 का यूपी विधानसभा चुनाव: मायावती






लखनऊ, (एजेंसी):बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कहा कि बसपा साल 2027 में प्रस्तावित यूपी विधानसभा चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी और इसको लेकर रणनीति बनायी जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन में निष्क्रियता व लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ता को संगठन को मजबूत करने और जनता तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का निर्देश दिये। बुधवार को प्रदेश कार्यालय पर बसपा की बैठक में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बसपा प्रमुख ने 2 मार्च की बैठक में दिए गए निदेर्शों की प्रगति रिपोर्ट ली और इसमें पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने को कहा। बसपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ता जा रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में करोड़ों गरीब, बहुजनों के समुचित हित, कल्याण एवं विकास के हिसाब से कार्य न करके पूर्व की सपा सरकार की तरह ही कुछ क्षेत्र व समूह विशेष के लोगों के लिए ही समर्पित है। उन्होंने कहा कि पूर्व की बसपा की सरकारों में कानून व्यवस्था, रोजगार, महिला, किसानों, उपेक्षितों के हितों की रक्षा-सुरक्षा और उन्हें न्याय दिलाने पर बल दिया गया था। इसलिए यूपी और उत्तराखंड में भाजपा की सरकारों को भी धर्म को कर्म के बजाए कर्म को धर्म मानकर कार्य करने का सही संवैधानिक दायित्व निभाना चाहिए।

बसपा मायावती ने कहा कि साल 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनायी जा रही है। बसपा यह चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। मायावती ने कहा कि दलित समाज के वोटों के स्वार्थ की खातिर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर याद करने की होड़ सी लगी रही, लेकिन ऐसे समय पर भी उनकी प्रतिमाओं का अनादर व उनके अनुयाइयों को प्रताड़ित करने व हत्या की वारदातें साबित करती है कि इन बसपा विरोधियों में बाबा साहेब के प्रति आदर-सम्मान राजनीति से प्रेरित छलावा है। बाबा साहेब का आदर तभी संभव है जब उनके बनाये गए देश के मानवतवादी, कल्याणकारी संविधान को उनके धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के आधार सभी जातियों व धर्म के मानने वालों को एक समान बराबरी से जीने का हक दिया जाए। उनके जान माल व मजहब के सुरक्षा की गारंटी सरकार सुनिश्चित करें।

## कटरा-श्रीनगर रेल संपर्क का उद्घाटन स्थगित, प्रधानमंत्री करने वाले थे उद्घाटन



नई दिल्ली, (एजेंसी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बहुप्रतीक्षित उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला-रेल परियोजना (यूएसबीआरएल) का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के कारण स्थगित कर दिया गया है।

रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक (ईडी/आईपी) दिलीप कुमार ने बुधवार को रेल भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रतिकूल मौसम पूवार्नुमान के कारण यूएसबीआरएल का उद्घाटन कार्यक्रम कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। उद्घाटन की अगली तिथि के बारे में आगे जानकारी दी जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और अंजी रेल पुल का उद्घाटन करने वाले थे। साथ ही श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाने वाले थे। उन्हें कटरा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करना था।

मौसम विभाग ने मंगलवार को आने वाले दिनों में जम्मू-कश्मीर में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताते हुए पीला और नारंगी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 16 से 20 अप्रैल के बीच पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में तीव्र पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है, जिसकी तीव्रता 18 और 19 अप्रैल को सबसे अधिक होगी तथा कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होगी। 18 से 20 अप्रैल के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के आसपास के मैदानी इलाकों में गरज और बिजली के साथ बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है।

## कांग्रेस के प्रदर्शन पर बोली भाजपा, गांधी परिवार देश के कानून से ऊपर नहीं



नई दिल्ली, (एजेंसी): नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) की चार्जशीट के बाद राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस देशभर में प्रदर्शन कर रही है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा )ने पलटवार करते हुए कहा कि गांधी परिवार ने गैरकानूनी तरीके से हजारों करोड़ की संपत्ति पर कब्जा किया है। कांग्रेस को धरना देने का अधिकार है, लेकिन जमीन लूटने का नहीं। देश के कानून से कांग्रेस परिवार ऊपर नहीं है।बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बहुत परेशान है और देशभर में धरना देने की बात कर रही है। धरना देने का अधिकार उनका है, लेकिन जमीन और फंड लूटने का अधिकार उन्हें (कांग्रेस को) नहीं है। नेशनल हेराल्ड 1937 में शुरू किया गया था। इसमें 5 हजार शेयर होल्डर्स थे। ये नेहरू खानदान की जागीर कभी नहीं रही है। 2008 में नेशनल हेराल्ड का पब्लिकेशन बंद हो गया, क्योंकि वो चल नहीं रह था। उसके बाद कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को पब्लिश करने वाली एसोसिएटेड जनरल लिमिटेड को 90 करोड़ रुपये दिए थे।

गांधी परिवार का पूरा आचरण भ्रष्टाचार का रहा है। शेयर की हेराफेरी करो और संपत्ति बनाओ, जबकि ये सारी संपत्ति सरकार द्वारा दी हुई थी।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने राजनीतिक पार्टी होने के बावजूद पार्टी फंड को एक निजी संस्था को दे दिया, जो प्रतिबंधित है। जब कंपनी ने लोन वापस करने से मना कर दिया, तो पूरी संपत्ति परिवार के नाम करने की कॉरपोरेट साजिश की गई। यंग इंडियन नाम की एक नई कंपनी बनाई गई, जिसमें 38-38 प्रतिशत हिस्सेदारी राहुल गांधी और सोनिया गांधी के पास थी।

# गांधी परिवार पर ईडी की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष समेत कई हिरासत में



नई दिल्ली, (एजेंसी): देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय जाकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय के बाहर सड़कों पर उतर आए। ये प्रदर्शनकारी नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की चार्जशीट को बोगस बताते हुए विरोध जता रहे थे। पुलिस के साथ इनकी झड़प हुई, जिसके बाद पुलिस ने पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव समेत बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

24 अकबर रोड स्थित दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय के बाहर इकट्ठा होकर प्रदर्शन कर रहे पार्टी कार्यकर्ता वहां से ईडी कार्यालय जाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चल रही ईडी कार्रवाई से भड़के इस विरोध प्रदर्शन में कार्यकताओं और सुरक्षा बलों के बीच मामूली झड़पें हुईं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा जिस राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम कर रही है, उसे जनता स्वीकार नहीं करेगी। ये पूरी तरह से फर्जी मामला है, जिसके दम पर विपक्ष को डराने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जब कांग्रेस अंग्रेजी हुकूमत से नहीं डरी तो भाजपा से क्या डरना, कांग्रेस न डरेगी-न झुकेगी।

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन एवं सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि अदालत में जिस एजेंसी के तहत नेशनल हेराल्ड का मामला पहुंचाया गया है, उसकी मंशा सिर्फ विपक्ष को प्रताड़ित करने की है। गुजरात में कांग्रेस का अधिवेशन होता है और यहां चार्जशीट दायर कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि आने वाले बिहार और असम चुनाव में अपनी संभावित हार और कांग्रेस की सक्रियता को देखते हुए भाजपा चाहती है कि विपक्ष को पूरी तरह से कुचल दिया जाए। इमरान प्रतापगढ़ी ने आनंद भवन और स्वराज भवन जैसी ऐतिहासिक संपत्तियों के दान का हवाला देते हुए नेहरू-गांधी परिवार की विरासत का जोरदार बचाव किया।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की पुलिस के साथ झड़प हुई और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगर यह सोचते हैं कि वे राहुल गांधी और कांग्रेस को डरा लेंगे तो ये उनकी भूल है। हमारा एक-एक कार्यकर्ता मजबूती के साथ इस लड़ाई को लड़ेगा। हम न किसी के दबाव में आए हैं और न आएंगे।

भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब ने कहा कि भाजपा बदले की राजनीति कर रही है। जो भी व्यक्ति संविधान में विश्वास रखता है, वो इस कदम का विरोध करेगा। राहुल गांधी न डरेंगे और न ही माफी मांगने का काम करेंगे। पूरा देश जानता है कि ईडी किस तरह काम करता है और उनके केस का क्या आधार होता है।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में कोई दम नहीं है। इसे लंबे समय से खींचा जा रहा है। यह मामला राजनीति से प्रेरित है। हमें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है, हम कानूनी तरीके से लड़ेंगे और हमें न्याय मिलेगा। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी को निशाना बनाया गया है। सरकार के पास कोई सबूत नहीं है, वे सिर्फ विपक्ष की छवि खराब करना चाहते हैं।

गौरतलब है कि यह पहली बार है जब गांधी परिवार के खिलाफ इस मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। नौ अप्रैल को दाखिल आरोप पत्र में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को भी सह-आरोपित बनाया गया है।

# यूपी के सभी जिलों में खुलेंगे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय, मंडल स्तर पर होंगे क्षेत्रीय कार्यालय



लखनऊ, (एजेंसी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा है कि 1995 में गठन के बाद से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गतिविधियों, क्षेत्र, कार्यप्रकृति में व्यापक परिवर्तन आ चुका है। बदलते समय की आवश्यकताओं के दृष्टिगत इनमें बदलाव किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय खोलने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 75 जिलों में 28 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। इन्हें 18 मंडलों पर पुनर्गठित किया जाए। साथ ही, प्रत्येक जनपद में एक-एक कार्यालय स्थापित किए जाएं और जिन मंडलों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय बनाये जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए दौर की पर्यावरणीय चुनौतियों के समुचित समाधान के लिए बोर्ड में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, तरल अपशिष्ट प्रबंधन, हैजाड्र्स वेस्ट, ई-वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन सेल का गठन किया जाए। इसी प्रकार, लोकशिकायत निवारण, अनुसंधान एवं विकास संबंधी अध्ययन, पर्यावरणीय जन-जागरूकता तथा प्रकाशन, आईटी तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए भी विशेष यूनिट का गठन भी किया जाना चाहिए। इससे बोर्ड की प्रभावशीलता पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

बैठक में मुख्यमंत्री ने उद्योगों से संबंधित अनापत्ति आवेदन (सीटीओ/सीटीई) निस्तारण के समय को और कम करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लाल, नारंगी तथा हरी श्रेणी के लिए अनापत्ति आवेदन का निस्तारण 120 दिनों में किया जा रहा है। इसे क्रमशः अभी 40, 25 और 10 दिनों में किया जाना चाहिए। इस संबंध में आवश्यक तंत्र विकसित करें।

उन्होंने कहा कि रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जाए। बेहतर होगा कि आईआईटी आदि प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों के दक्ष युवाओं को अच्छे पैकेज पर नियुक्ति दी जाए। इस संबंध में नियमानुसार बोर्ड स्तर पर निर्णय लिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अनापत्ति एवं सहमति शुल्क में वर्ष 2008 के बाद कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस संबंध में बोर्ड द्वारा गहन विचार-विमर्श कर आवश्यक परिवर्तन किया जाना चाहिए।

## नासिक में अवैध दरगाह पर चला बुलडोजर, पथराव में 31 पुलिसकर्मी घायल, 15 गिरफ्तार



मुंबई, (एजेंसी): नासिक जिले की काठे गली इलाके में बुधवार को तडके अवैध सातपीर दरगाह के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया गया। इस दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसमें चार पुलिस अधिकारियों सहित 31 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है और मामले की गहन छानबीन जारी है। नासिक के पुलिस उपायुक्त किरण कुमार चव्हाण ने बताया कि अवैध सातपीर दरगाह पर अवैध निर्माण करा लिया गया था। उसे हटाया जा रहा था। तभी भारी भीड़ जमा हो गई थी। अधिकारी भीड़ को समझाने का प्रयास कर रहे थे, उसी समय अचानक पथराव शुरू हो गया। पुलिस ने आंसू गैस और हल्के लाठीचार्ज का प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया। इस मामले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। भीड़ द्वारा किये गए पथराव में 31 पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हुए हैं। भीड़ में शामिल संदिग्ध हमलावरों की 57 बाइकें पुलिस ने जब्त कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि पत्थरबाजी की घटना के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया और सतपीर दरगाह के अवैध निर्माण को दो जेसीबी की मदद से तोड़ दिया गया है। नासिक नगर निगम की टीम मौके पर मलबा तेजी से हटा रही है। फिलहाल काठे गली इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और यहां तनावपूर्ण शांति है। दरअसल नासिक नगर निगम ने अवैध सातपीर दरगाह पर बने अवैध निर्माण कार्य को 15 दिनों के भीतर हटाने का नोटिस जारी किया था। लेकिन इस दौरान दरगाह में बने अवैध निर्माण कार्य को हटाया नहीं गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### हाईवा की टक्कर से स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल, एसएनएमएमसीएच में भर्ती





**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**झरिया :** झरिया थाना क्षेत्र के दुखहरनी मंदिर मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान झरिया निवासी 40 वर्षीय अशोक केसरी के रूप में हुई है. मौके पर मौजूद लोगों ने उसे आनन फानन में स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया. अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि शोक केसरी की हालत बेहद गंभीर है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अशोक केसरी हर दिन की तरह आज भी अपनी स्कूटी से रांगटांड, धनबाद स्थित श्रृंगार दुकान जा रहे थे. इसी दौरान दुखहरनी मंदिर मोड़ के पास एक हाईवा वाहन ने अशोक केसरी की स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अशोक केसरी सड़क पर गिर पड़े और उनका एक पैर बुरी तरह कुचला गया। घटना के संबंध में अशोक के बड़े भाई विनोद केसरी ने प्रशासन से दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### एबीडीके 14 नंबर कोलियरी में सुरक्षा सह उत्पादन वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों का जश्न





**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**झरिया :** बस्तकोला क्षेत्र के एबीडीके 14 नंबर कोलियरी में सुरक्षा सह उत्पादन वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सुरक्षा के साथ सबसे अधिक उत्पादन करने वाली पाली को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्र की सुरक्षा और उत्पादन में सुधार के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। क्षेत्र के महाप्रबंधक एके सिन्हा ने कहा कि विभागीय कोयला उत्खनन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना और उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करना कर्मियों की कार्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि अगर यही निष्ठा बनी रहती है, तो वर्ष 2025-2026 का लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। सुरक्षा के साथ सबसे अधिक उत्पादन करने वाली पाली को शील्ड देकर सम्मानित किया गया और सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्र की सुरक्षा और उत्पादन में सुधार के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम कि अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने किया तथा संचालन शिव शंकर महतो ने किया। मौके पर अपर महाप्रबंधक टी पासवान, ए शर्मा,गुल अहमद, ए के सिंह, के के सिंह,चंद्रशेखर सिंह, अत्रि ठाकुर, संजय पासवान, शशि उरांव, मृत्युंजय सिंह, लालचंद, पपु कुमार, दिनेश सिंह, प्रभाष सिंह, राजीव सिंह, काली रवानी, जगदीश साव,हराधन मोदक, बुद्धू यादव, छेदी लाल,राकेश सिन्हा आदि थे।

### जमसं में शामिल हुए दर्जनों लोग,गोलकडीह कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजित



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**झरिया** : जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के गोलकडीह कार्यालय में बुधवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकृष्ण पाठक ने की और संचालन मुन्ना सिंह द्वारा किया गया। मिलन समारोह में दूसरे संगठन से जुड़े दर्जनों लोगों ने जनता मजदूर संघ में शामिल होने का फैसला किया, जिन्हें माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान आरके पाठक ने सभी कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि संगठन आपकी हर लड़ाई में साथ रहेगी। जमसं बच्चा गुट हमेशा मजदूरों कि लड़ाई लड़ी है।नीरज सिंह ने संगठन को आगे बढ़ाया है,और मजदूरों कि लड़ाई लड़ते अपनी जान गवा दी है। मौके पर अक्षय लाल यादव, राजू राय, कमलेश कुमार, सुजीत कु सिंह, दशरथ कुमार,अभिषेक परमार, राकेश सिन्हा, बमबेश सिंह,हरे कृष्ण, चिरंजीत, लाल बहादुर यादव, एम डी अलुमुद्दीन,रामश्रय यादव नंदलाल भुइयां, प्रेमचंद प्रसाद आदि थे।

# सिंदरी में अमोनिया गैस के रिसाव से लोगों में दहशत

## हर्ल गैस रिसाव की घटना के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला




**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

सिंदरी : बुधवार को सुबह सिंदरी हर्ल फैक्ट्री से अमोनिया गैस रिसाव से लोगों की परेशानी बढ़ गई . आंखों में जलन होने लगी और सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी. अमोनिया गैस रिसाव से लोग भयभीत हैं. लोग अपने स्वास्थ्य और भावी जीवन को लेकर चिंतित हैं। सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के दीपक कुमार दीपू ने बताया कि सुबह बाजार से घर लौट रहे थे. इसी दौरान आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत होने लगी. जिसके बाद उन्हें अमोनिया गैस रिसाव का संदेह हुआ. मैंने अलग-अलग इलाकों में रहने वाले अपने अन्य साथियों से फोन पर संपर्क किया. साथियों ने भी आंखों में जलन होने की बात स्वीकार की. जिसके बाद मामले की जानकारी सीओ और डीसी को दी गई। वहीं उन्होंने हर्ल के जीएम मंजी से मामले को लेकर बात की और सच्चाई जाननी चाही. जीएम मंजी ने बताया कि पिछले दो दिनों से हर्ल फैक्ट्री बंद है. उत्पादन पूरी तरह बंद है. फैक्ट्री में मेंटेनेंस का काम चल रहा है. मेंटेनेंस के दौरान पाइप की मरम्मत करते समय कुछ अमोनिया लीक हो गया है। दीपक कुमार दीपू का कहना है कि जब ऐसी आशंका थी तो हर्ल को पहले ही इसकी जानकारी आम लोगों को देनी चाहिए थी. जिला प्रशासन को भी मामले की जानकारी देनी चाहिए थी. हर्ल द्वारा जिला प्रशासन को लोगों के साथ जानकारी साझा करनी चाहिए थी कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है. लेकिन ऐसा करने के बजाय हर्ल मनमानी कर रहा है. उन्होंने कहा कि जब अमोनिया गैस लीक होती है तो सबसे पहले जमीन पर बैठती है. उसके बाद छह फीट ऊपर तक उठती है. अगर ऐसा हुआ तो लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जाएगा. फिर तो भगवान ही लोगों का मालिक है। हर्ल के एचआर विक्रांत कुमार ने कहा कि पिछले दो दिनों से फैक्ट्री बंद है. उत्पादन पूरी तरह बंद है. फैक्ट्री में मेंटेनेंस का काम चल रहा है. उन्होंने बताया कि बंद होने के बाद पाइप में गैस रह जाती है. मेंटेनेंस के दौरान पाइप से यह गैस लीक हुई है. लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है. डीसी को मामले की जानकारी दे दी गई है।

**भाकपा माले का विरोध प्रदर्शन**

भाकपा माले ने हर्ल गैस रिसाव की घटना के विरोध में जागरूकता मशाल जुलूस निकाला और लोगों से सतर्क और सचेत रहने की अपील की। पार्टी ने मांग की है कि गैस रिसाव के कारणों का पता लगाने के लिए एक सर्वदलीय समिति का गठन किया जाए और हर्ल प्रबंधन से जांच रिपोर्ट मांगी जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए भी कदम उठाने की मांग की गई है। मौके पर सुरेश प्रसाद, राजीव मुखर्जी,विमल रवानी, जीतू सिंह, सागर मंडल, जितेंद्र शर्मा, सुभाष मंडल, राजू बाउड़ी, अनिल चक्रवर्ती आदि लोग मौजूद थे।

# भौंरा-जहाजटांड़ मुख्य मार्ग पर पड़ी दरार ग्रामीणों ने हंगामा कर ठप कराया काम



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**भौंरा :** बीसीसीएल पूर्वी झरिया क्षेत्र अंतर्गत भौरा फोर ए पैच आउटसोर्सिंग परियोजना के पास से गुजरी भौरा-जहाजटांड़ कच्ची सड़क पर मंगलवार दोपहर करीब दो बजे दरार पड़ गयी. घटनास्थल भौरा पांच नंबर बस्ती के समीप है. दरार होने से सड़क किनारे की गार्ड वॉल का कुछ हिस्सा परियोजना में समा गया. जानकारी मिलने पर जहाजटांड़ बस्ती के सैकड़ों महिला-पुरुष वहां पहुंच कर हंगामा करने लगे. ग्रामीणों का आरोप था कि भौरा फोर ए पैच परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग होने से दरार पड़ी है. लोगों का कहना था कि परियोजना विस्तार के लिए प्रबंधन ने जहाजटांड़ बस्ती जाने वाले मार्ग को पहले ही बंद कर दिया है. अब इस एकमात्र नये कच्चे मार्ग पर संकट कायम हो गया है. बताते चलें कि जहाजटांड़ बस्ती में करीब तीन हजार आबादी निवास करती है. दरार पड़ने से यहां के लोगों में भय व्याप्त है। आंदोलन की सूचना पर इजे एरिया के एजीएम सुशील कुमार, मैनेजर अजीत सिंह यादव, धौड़ा इंचार्ज रामचंद्र पासवान, भौंरा ओपी प्रभारी रंजीत राम, अनि संतोष कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया. हालांकि आक्रोशित ग्रामीण किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। बाद बीसीसीएल अधिकारियों ने दरार वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने कहा कि सड़क पर पड़ी दरार की भराई करा उसे ठीक किया जायेगा. जहाजटांड़ बस्ती सड़क की ओर ब्लास्टिंग नहीं की जायेगी. लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए. उनका कहना था कि इससे पहले प्रबंधन ने कच्चे मार्ग को पक्का करने और लाइट लगाने की बात कही थी, लेकिन पूरा नहीं किया. कहा कि जब तक प्रबंधन आवागमन मार्ग को सुरक्षित ढंग से दुरुस्त नहीं करता है, परियोजना में ब्लास्टिंग, उत्पादन व डिस्पैच कार्य पूरी तरह ठप रहेगा. प्रबंधन दरार की भराई के लिए हाइवा से ओबी मंगाया, लेकिन ग्रामीणों ने कार्य नहीं होने दिया। इसके बाद वहां की बैरिकेडिंग की गयी। भौंरा ओपी प्रभारी रंजीत राम व अनि संतोष कुमार ने ग्रामीणों को समझा-बुझा कर स्थिति संभाली। बाद में तय हुआ कि बुधवार को वार्ता कर भराई कार्य किया जायेगा।

## झरिया में छींटाकशी को लेकर दो गुटों में झड़प, 5 आरोपी गिरफ्तार

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**झरिया :** झरिया फुलारीबाग शिव मंदिर के पास मंगलवार को छींटाकशी को लेकर दो गुटों में हुई झड़प के मामले में झरिया पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच आरोपियों को बुधवार को जेल भेज दिया। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

एक पक्ष के रवि ने बताया कि वह अपने साथी के साथ शिव मंदिर से गुजर रहा था, तभी असलम अंसारी और उसके पुत्र शहबाज, आशिक, राजा, सद्दाब ने उन पर हमला कर दिया और उनके घर की छत से पथराव किया, जिससे अनिल और रवि के सिर में चोटें आईं और डोमन भी घायल हो गया।

वही दूसरे पक्ष के असलम अंसारी ने पुलिस को बताया कि वह झरिया इंदिरा चौक सुराटांड के पास किसी काम से गया था, तभी महेश सिंह, अनिल शर्मा और रवि साव ने बिना किसी कारण के उन पर हमला कर दिया और उनके घर पर पथराव किया, जिससे असलम और उनके पुत्र राजा घायल हो गए।

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर आशिक अंसारी, राजा अंसारी और सद्दाब अंसारी को जेल भेज दिया है, जबकि दूसरे पक्ष के डोमन विश्वकर्मा और रवि साव को भी जेल भेजा गया है।

झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने कहा कि किसी भी कीमत पर हंगामा करने और सौहार्द बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस पास में लगे सीसीटीवी को भी खंगाल रही है और अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

## झरिया में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई,नगर निगम की टीम ने हटाया अतिक्रमण

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**झरिया :** झरिया में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बुधवार को नगर निगम की टीम पहुंची। स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी कि नंदू केसरी और धीरज गुप्ता ने अपनी दुकानों के आगे नाली पर ढलाई कर ली है और फुटपाथ पर भी कब्जा कर लिया है, जिससे बारिश के दौरान अन्य दुकानों में पानी भर जाता है और बाजार आने-जाने वालों को परेशानी होती है। नगर निगम की टीम ने झरिया में नंदू केसरी और धीरज गुप्ता की दुकानों के आगे के अतिक्रमण को हटाया। दुकानदारों ने कहा कि झरिया में लगभग सभी दुकानों के आगे नाली और फुटपाथ पर अतिक्रमण है, लेकिन सिर्फ उन पर ही कार्रवाई हो रही है। निगम की टीम ने आश्वासन दिया कि भविष्य में अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा और पहले के अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्वी झरिया क्षेत्र के क्षेत्रीय अभियंता ज्ञानेश्वर कुमार का निधन

### दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**भौरा :** पूर्वी झरिया क्षेत्र के क्षेत्रीय अभियंता ज्ञानेश्वर कुमार का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 58 वर्ष के थे और हृदय रोग से पीड़ित थे। मंगलवार को ड्यूटी पर आने के बाद रात को उनके धनबाद स्थित आवास पर तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर क्षेत्र के महाप्रबंधक जे सी राय, अपर महाप्रबंधक सुशील कुमार, अजीत कुमार, सुबोध कुमार, भारत वैष्णव, हरीश कुमार , ऋषि केश कदम, संजय कुमार, किसलय कुमार, सहित अन्य अधिकारियों व कर्मियों ने शोक व्यक्त किया है।जनशक्ति श्रमिक संघ के लोदना क्षेत्रीय अध्यक्ष मंटू शर्मा,सचिव बालेश्वर साहनी ने भी शोक ब्यक्त की है।

# पोषण पखवाड़ा सप्ताह के तहत महिलाओं को दी गई पोषण संबंधी जानकारी



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

बलियापुर : करमाटांड़ के हुचुकटांड़ आंगनबाड़ी में बुधवार को पोषण पखवाड़ा सप्ताह के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कर्मियों ने महिलाओं को पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें पौष्टिक आहार लेने के महत्व के बारे में बताया। आंगनबाड़ी कर्मियों ने महिलाओं को पोषण के महत्व और इसके लाभों के बारे में बताया। महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई और इसके महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य और पोषण के बीच के संबंधों पर भी चर्चा की गई। इस तरह के कार्यक्रमों से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूक करने में मदद मिलती है, जिससे वे अपने परिवार के लिए बेहतर निर्णय ले सकती हैं। मौके पर बाल विकास परियोजना कार्यालय की महिला पर्यवेक्षिका श्वेता श्रीवास्तव, सेविका लीलावती देवी, बैशाखी देवी, मालती देवी, चंचला देवी, कविता देवी, पितु मुखर्जी, मधु कुमारी, आशा बाउरी, सुभद्रा देवी, कल्पना देवी, गीता देवी, चपला कुमारी आदि मौजूद थे।

## जिला परिषद सदस्य उषा महतो ने किया सोलर आधारित जल मीनार का शिलान्यास



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**बलियापुर :** घड़बड़ पंचायत के रजक टोला, बाघमारा पंचायत के काशीटांड़ व मोदीडीह में बुधवार को जिला परिषद सदस्य उषा महतो ने सोलर आधारित जल मीनार का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भीषण जलसंकट को देखते हुए जिला परिषद मद से दर्जनों सोलर जल मीनार लगाया गया है, जिससे ग्रामीण उसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अन्य इलाकों में भी जल मीनार लगाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। इस तरह के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को दूर करने में मदद मिल सकती है और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकता है। मौके पर पूर्व मुखिया संजीत गोराई, वार्ड सदस्य काजल देवी, मंटू रजक, रवि रजक, संजीत रजक, राजेश रजक, विकास रजक, मनोज रजक, धनंजय रजक, मधु रजक, सपन रजक आदि मौजूद थे।

## बिनोद बिहारी महतो के पोता ने हीरापुर स्थित आवास पर ली अंतिम सांस



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**बलियापुर** : पुरोधा बिनोद बिहारी महतो के पोते और पूर्व सांसद राजकिशोर महतो के पुत्र राजेश कुमार महतो उर्फ डब्लू महतो का निधन बुधवार को धनबाद के हीरापुर स्थित बिनोद बिहारी महतो के आवास पर हो गया। वह 53 वर्ष के थे और पिछले 6 महीनों से बीमार चल रहे थे, जिसका इलाज कोलकाता में चल रहा था। राजेश कुमार महतो उर्फ डब्लू महतो अपने पीछे एक पुत्र आदर्श कुमार महतो समेत एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके दादा बिनोद बिहारी महतो एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। वह एक वकील और राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने अपने जीवनकाल में समाज के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए।बिनोद बिहारी महतो के परिवार ने समाज में कई योगदान दिए हैं। उनके पुत्र राजकिशोर महतो भी एक वकील बने और बाद में राजनीति में आए। राजेश कुमार महतो उर्फ डब्लू महतो भी समाज के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। घटना की खबर पाकर, पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो, गिरीडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी, सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो, विधायक राज सिन्हा, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व विधायक लम्बोदर महतो, पूर्व विधायक जेपी पटेल, भाजपा नेत्री तारा देवी, स्वपन कुमार महतो, राजकिशोर महतो, हलधर महतो, संतोष कुमार महतो, रमेश महतो, करण महतो, हीरालाल महतो, सागर महतो, अधिवक्ता शंकर किशोर महतो, माथुर महतो, जगदीश रवानी, गोतम रवानी, राजकिशोर महतो, रंजीत महतो, जितेन्द्र महतो, परिमल महतो, वामा राय, शांतिराम महतो, सूरज सिंह झामुमो नेता जग्गू महतो, अजीत मल्लिक आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

## गर्मी में पेयजल समस्या को लेकर बीडीओ से मिला प्रतिनिधिमंडल



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

**बलियापुर :** प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से मुलाकात की और पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल समस्या के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं। प्रखंड के सभी विद्यालयों में नल जल योजना का कनेक्शन देकर जलापूर्ति सुनिश्चित करना। प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नल जल योजना का कनेक्शन करना। प्रखंड के खराब पड़े चापाकलों की समय पर मरम्मत कराना। दूधिया पंचायत के सालपतरा में नल जल योजना को चालू करना और दोलाबड़ पंचायत के मोको, ब्राह्मोतर, खेड़बाड़ी, ब्राह्मण टोला, चंदनकियारी टोला आदि में नल जल योजना से जलापूर्ति करना। बलियापुर नीचे टोला, सिंगियाटांड़, बोरमुड़ी, बागजोबड़ा, डांगापाड़ा आदि में नियमित जलापूर्ति करना। न मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से जल्द से जल्द कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

Page 12_Page 3.qxd 4/16/2025 10:28 PM Page 1



# बेनीडीह कोलडंप में सीआईएसएफ ने कोयला चोरों को खेदड़ने के दौरान मची भगदड़

## भागने के दौरान एक युवक पोखरिया में कूदा, डूबने से मौत

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बाघमाराः ब्लॉक दो ओसीपी के बेनीडीह कोलडंप स्थित पोखरिया में डूबने से मंगलवार की रात बाघमारा थाना क्षेत्र के जंगलटोला निवासी राजू रविदास के 18 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार रविदास की मौत हो गयी. बताया जा रहा है कि वह अपने दो साथी करण दास एंव अरूण दास के साथ रात साढ़े आठ बजे बेनीडीह कोलडंप गया था. वहां कोयला चोरों को सीआइएसएफ के द्वारा खेदड़ने के दौरान भगदड़ मच गयी. लोग इधर-उधर भागने लगे भागने के क्रम राजेश कुमार रविदास पोखरिया में कूद गया. उनके दोनों साथी घर पहुंचने पर कोई स्टीक जबाब नही देने पर परिजनों को शंका हुई. उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ बताने पर उनके परिजनों ने अनहोनी होने की शंका जताई. पुलिस को इसकी सुचना दी गई.



सुचना पर पुलिस रेस हो गयी. इसके बाद खोजबीन शुरू की. सुबह खोजबीन के दौरान उसका चप्पल कोलडंप के बगल स्थित पोखरिया के पास मिला. आशंका जताई गयी युवक पानी में डूब गया है. आशंका पर बाघमारा थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने मुनीडीह भटिंडा फॉल से चार गोताखोर मनोरंजन बाउरी, रमेश बाउरी, लालू महतो एवं लखीराम बाउरी को बुलाकर पोखरिया में खोजबीन कराया. करीब दो घंटे तक गहरे पानी में

## पुलिस ने मृतक के दो दोस्त को लिया हिरासत में



खोजबीन करने के बाद भी युवक का शव पानी में नहीं मिला. बाद में ग्रामीणों के द्वारा खोजबीन कर पोखरिया से शव को ढुंढ निकाला. पानी से शव निकालने के बाद उनका मोबाइल उनके जेब से मिला. शव को देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ जुट गयी. परिजन दहाड़ मारकर रोने धोने लगे, लोग उग्र हो गये. परिजनों ने युवक की हत्या कर पानी में फेंकने का आरोप उनके दोनों साथियों पर लगाया है. मौके पर पहुंचे मृतक के दोनों साथियों को पकड़कर जमकर पिटाई करने लगे. बाद में पुलिस बलपूर्वक लोगों के चंगुल बचाकर थाना ले गया. न्याय दिलाने व

### मुआवजा की मांग को ले किया कोलियरी का चक्का जाम

आक्रोशित लोगों ने न्याय दिलाने व मुआवजा की मांग को लेकर बीओसीपी का चक्का जाम कर दिया. दूरभाष पर विधायक

## मृतक के परिजन मुआवजा की मांग को लेकर धरने पर बैठे



शत्रुधन महतो ने अपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाने के आश्वासन दिया. लेकिन लोग नहीं माने और शव के साथ धरना पर बैठ गये. पुलिस को शव कब्जे में लेने से रोक दिया. परिजन युवक की हत्यारे उनके दोनों साथियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर अड़ गये. आंदोलन के कारण कोयले की ट्रांसपोटिंग बाधित है. सुरक्षा के भारी संख्या में पुलिस व सीआईएसएफ जवान मौजूद है. पुलिस मृतक के दोनों आरोपी साथियों को पुछताछ के लिए हिरासत में लिया है. थाना प्रभारी ने कहा शिकायत मिलने पर कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी. वहीं ब्लॉक टू के सीआईएसएफ इंस्पेक्टर तारीफ रिजवी का कहना है कि जवानों ने कोयला चोरों को खदेड़ा नहीं था, बल्कि सायरण बजाया था. उसी से भगदड़ मची और लोग इधर- उधर भागे. कौन कहा भागा उन्हें नहीं पता.

# धनबाद में एक बार फिर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हुआ हमला

**कांग्रेस के दो गुटों में हुई मारपीट का फोटो व न्यूज कवरेज कर रहे पत्रकारों पर किया गया हमला**



### घटना में फोटोग्राफर मो. शाहिद को नाक में आयी गंभीर चोटें

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : पूर्व नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी का विरोध करने कांग्रेसी रंधीर वर्मा चौक पर इकट्ठा हुए थे. रणधीर वर्मा चौक से आयकर गोलंबर तक मार्च करने के बाद वापस जब तमाम कांग्रेसी रणधीर वर्मा चौक पहुंचे तो आपस में किसी बात को लेकर मारपीट करने लगे. इसी बीच जिला कांग्रेस के एक नेता के बेटे और भाइयों ने लड़ते-लड़ते देखा कि फोटोग्राफर और अन्य मीडिया कर्मी उनका फोटो वीडियो बना रहे हैं तो आपस में लड़ना छोड़कर मीडिया कर्मियों पर ही हमला कर टूट पड़े और उनके साथ लाठी डंडे और रॉड से मारपीट की. घटना में फोटोग्राफर शाहिद को सरिया से नाक में मारा गया और उनका कैमरा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया. महासचिव अजय प्रसाद, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कैमरापर्सन संजय एवं अन्य पत्रकारों का मोबाइल छीन लिया गया. जान से मारने की धमकी दी गयी. बाद में जब पत्रकारों ने इसका पुरजोर विरोध किया तो हमलावर वहां से भाग खड़े हुए. घटना की सूचना धनबाद सदर थाने को दी गई. जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने पत्रकारों का बयान दर्ज किया है एवं आगे की कार्रवाई में जुट गई है. इस बीच धनबाद प्रेस क्लब की आपात बैठक अध्यक्ष संजीव झा की अगुवाई में की गई.

# अग्निशमन पदाधिकारी ने उपायुक्त व एसएसपी को लगाया अग्निशमन सेवा सप्ताह का बैच

**अग्नि सुरक्षा को लेकर समाज में जागरुकता बेहद जरूरी : उपायुक्त**





नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : समाहरणालय स्थित उपायुक्त कक्ष में अग्निशमन पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा से मुलाकात कर अग्निशमन सेवा सप्ताह का बैच लगाया. साथ ही उन्होंने एसएसपी एचपी जनार्दनन से भी उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर बैच लगाया.मौके पर उपायुक्त ने अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुभकामनाएं दी. साथ ही उन्होंने अग्निशमन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए अग्निकांडों से बचाव के तौर-तरीकों के लिए आम लोगों को जागरूक करने की बात कही. उन्होंने कहा कि 14 से 20 अप्रैल 2025 तक राज्य में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य है कि लोगो को यह जागरूक किया जा सके कि आग लग जाने पर उस पर कैसे काबू किया जाए.साथ ही सुरक्षा का क्या मानक होना चाहिए आदि बातों की जानकारी दी जाती है. इसके अलावा वर्तमान में मौसम बहुत गर्म है, ऐसे में थोड़ी सी भी लापरवाही बहुत बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती हैं. किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में जान-माल की नुकसान नहीं होने पाए इसके लिए अग्निशमन सेवा सफ्ताह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है.

# राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का किया गया आयोजन



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार समाहरणालय स्थित सभागार में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा सह नोडल पदाधिकारी राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना नियाज अहमद के द्वारा राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया.नोडल पदाधिकारी नियाज अहमद ने उपस्थित प्रतिभागियों को योजना के महत्व और इसके सुचारू क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी. कार्यशाला में तकनीकी टीम ने पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया, दस्तावेज अपलोडिंग व व्ययन पदाधिकारी द्वारा सत्यापन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी. साथ ही योजना से जुड़े तकनीकी समस्याओं और उनके समाधान भी साझा किया. उन्होंने बताया कि शनिवार को सभी विभाग के डीडीओ को भी इसकी प्रशिक्षण दी जाएगी. मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, प्रशिक्षक, समेत विभिन्न विभागों के कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे.

## संक्षिप्त खबर

### पुलिस समाधान कार्यक्रम के आयोजन में शिकायतकर्ताओं की काफी कम रही उपस्थिति



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

निरसाः जिले भर में आयोजित पुलिस जन समाधान के तहत चिरकुंडा के शहरी क्षेत्र सरसा पहाड़ी स्थित चिरकुंडा नगर भवन में भी जन सुनवाई का आयोजन किया गया. जहां निरसा क्षेत्र के सभी थाना एवं ओपी पदाधिकारी उपस्थित हुए. कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर किया.इस आयोजन में शिकायतकर्ता की संख्या काफी कम रही और कुछ शिकायतकर्ता ऐसे भी उपस्थित हु थे जो कि 22 जनवरी 2025 को आयोजित समाधान कार्यक्रम का आयोजन में अपना शिकायत दर्ज कराई थी. परंतु अब तक उनका समाधान नहीं हुआ था. कुछ बच्चों ने मंचासीन पुलिस पदाधिकारियों से महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी ली तो कुछ ने साईबर क्राइम संबंधित जानकारी प्राप्त मंच से प्राप्त किया. मंच को संबोधित करते हुए धनबाद साईबर क्राइम के डीएसपी संजीव कुमार एवं चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने हर सवाल का जवाब दिए की पूरे कार्यक्रम के दौरान नगर भवन की ज्यादातर कुर्सियां खाली खाली दिखीं.जिसे देख ऐसा लगा कि शायद जनता के प्रति पुलिस पर भरोसा नहीं हैं या फिर सूचना प्रसार में कहीं न कहीं कमी रह गई हो, जिसके कारण आयोजन फीका रहा.

### भूली में चाकूबाजी, वृद्ध हरेंद्र यादव घायल, जांच में जुटी पुलिस

**दूध नहीं देने पर वृद्ध पर किया चाकू से हमला, लूटपाट**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

भूली : भूली आजाद नगर राधा कृष्ण मंदिर के पास बुधवार सुबह चाकूबाजी की घटना में आजाद नगर निवासी हरेंद्र यादव वृद्ध घायल हो गया। उसे इलाज के लिएएसएसएलएनएमसीएच धनबाद भेजा गया।

घटना को लेकर पीड़ित हरेंद्र यादव ने भूली पुलिस से शिकायत की है कि जब वह मछली लेने ए ब्लॉक मोड़ जा रहा था तो अचानक श्री यादव और उसका बेटा उमेश यादव व दिनेश यादव ने हमला कर दिया। उमेश यादव ने छुरा से हमला किया जिससे छुरा मेरे सीने में लग गई,तेज रक्तस्राव होने लगा। और दिनेश यादव ने सोने का चेन छीन लिया जबकि श्री यादव ने हरेंद्र यादव के पॉकेट से अठारह सौ रुपया छीन लिया। और लाठी से मारा। पीड़ित हरेंद्र यादव जब जोर जोर से चिल्लाने लगा तब पास से गुजर रहे गोबुधन यादव के बीच बचाव करने जान बच सकी। पीड़ित ने बताया कि श्री यादव का बेटा कुछ दिन पूर्व गाय से दुध निकले के लिये बोल कर बाहर गया था। लेकिन उन्होंने दूध नही निकाला इसी बात को लेकर श्री यादव और उसके दोनों बेटों उमेश यादव और दिनेश यादव ने उनके साथ मारपीट और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। भूली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हिमांशु शेखर रवानी को बाघमारा विधायक ने विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

महुदा : बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने एक विज्ञप्ति जारी कर निचे देवघरा निवासी हिमांशु शेखर रवानी को पूरे बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बीसीसीएल के बरोरा क्षेत्र, ब्लॉक- 2 क्षेत्र, गोविंदपुर क्षेत्र, सिजुआ क्षेत्र, कतरास क्षेत्र, पश्चिमी झरिया मुनीडीह क्षेत्र का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया. साथ ही साथ उक्त क्षेत्रों के अंतर्गत मजदूरों एवं किसानों का विस्थापित समस्या का त्वरित निष्पादन करने का दायित्व सौंपा है.इस संबंध में हिमांशु शेखर रवानी ने बताया कि धनबाद सांसद एवं बाघमारा विधायक ने जो कार्य मुझे सौंपा है, उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा और क्षेत्र के लोगों को उसका हक दिलाउंगा.

# पुलिस जन शिकायत समाधान के तहत बाघमारा अनुमंडल पुलिस ने राजगंज में की जन सुनवाई

### शिविर में दर्जनाधिक शिकायतों को सुना गया, त्वरित निष्पादन का प्रयास किया गया



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

राजगंज : जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत बाघमारा पुलिस अनुमंडल के द्वारा राजगंज के बीजीएम मैरेज हॉल में जन सुनवाई शिविर लगाया गया. जहां दर्जनाधिक शिकायतों को सुना गया एवं इसके त्वरित निष्पादन का प्रयास किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया.

मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि विभागीय निदेर्शों के आलोक में जन समस्याओं के त्वरित निपटारे का यह एक सार्थक प्रयास है. किसी भी प्रकार की शिकायत के सम्बंध में आम जन ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेकर इसका लाभ ले सकते है.

कार्यक्रम में बाघमारा पुलिस अनुमंडल के सभी थानों के पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति थी.जहां सभी अपने अपने क्षेत्र से आने वाले आम जनों की समस्याओं को सुन रहे थे. तोपचांची थाना के एक पुराने मामले में शिकायतकर्ता ने अपने पक्ष में बातों को रख बहस करने लगा, जिसे बाद में शांत करा दिया गया. इधर कार्यक्रम के बीच मे कुछ पल के लिए ग्रामीण एसपी भी पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली.

# चिरकुंडा नगर परिषद चुनाव को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ ने की बैठक



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

निरसा : प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी के द्वारा आगामी नगर परिषद चुनाव को लेकर चुनाव के पूर्व की तैयारी को लेकर बैठक किया.बैठक में मुख्य रूप से चिरकुंडा नगर परिषद के 40 बूथों का विशेष कर चुनाव के पूर्व की तैयारी का आकलन किया गया. वोटर लिस्ट में नाम जांच के बाद ही नाम जोड़ने का कार्य करेंगे एवं जिनका नाम है उनका भी अपने स्तर से जांच कर लेंगे ताकि चुनाव के समय किसी प्रकार का ऐसा विवाद ना हो. वोटर लिस्ट से नाम वोटर के रहने के बाद भी नाम हट जाए इस पर विशेष ध्यान देने को कहा गया. इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि चेक लिस्ट का स्थानीय स्तर पर डोर टू डोर जाकर जांच कर ले ताकि नाम जोड़ने और घटाने का कार्य और नाम सुधारने का कार्य बारीकियों पूर्वक करते हुए करें ताकि कोई गड़बड़ी न हो. विशेष कर चिरकुंडा नगर परिषद के चुनाव को लेकर विशेष रूप से ध्यान देने को सभी बीएलओ एव सुपरवाइजर को निर्देश दिया गया ताकि वहां किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी चुनाव के समय ना हो चुनाव के पूर्व की तैयारी सभी बीएलओ पहले से कर ले. इस बैठक में निम्न वर्गीय लिपिक छत्रपति, शिवाय किस्कू, अमित कुमार तिवारी, बीएलओ सुपरवाइजर में योगेश दत्त, प्रमोद झा, सीआरपी पंकज कुमार सिंह सीआरपी कालीचरण कुमार, सीआरपी चंदन कुमार शिक्षक धीरेंद्र तिवारी पंचायत सचिव भीम पदो रोहिदास, संजय कुमार, समीरन नाग इत्यादि उपस्थित थे.

# बांगला नववर्ष के स्वागत को लेकर लिंडसे क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबादः बंगला नववर्ष 1432 को स्वागत करने के लिए लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया. स्थानीय बच्चे और कलाकारों द्वारा नृत्य, गीत और कविता पाठ किया गया. धनबाद के वरिष्ठ एवंग युवा तथा बाल कलाकारों ने अपना प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. आज के इस कार्यक्रम में

धनबाद की बेटी अंकिता बनर्जी को भी सम्मानित किया गया.



जिसने मिस इंडिया सेकंड रनर अप का खिताब जीता है एवं क्लब के द्वारा 6 अप्रैल को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का



विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया. सारे पुरस्कार बीएलबी एल जुएलर्स, सरायढेला द्वारा स्पांसर किया गया. इस आयोजन को सफल बनाने के लिए क्लब के सभी सदस्य और सदस्या का योगदान रहा.लिंडसे क्लब एवं लाइब्रेरी के सचिव सलिल विश्वास ने सबको बांग्ला नववर्ष की शुभकामना देते हुए सभी कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापन किया. क्लब के अध्यक्ष अमलेंदु सिंहा ने बताया बांग्ला नव वर्ष पर हम लोगों ने क्लब के तरफ से बांग्ला भाषा सीखना, रविंद्र चर्चा एवं चित्रकला का क्लास चलाने की तैयारी की है.

नई पत्र वार्ता पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक *राज किशोर सिन्हा के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रिंटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोकनगर के जी आश्रम, धनबाद से मुद्रित एवं छठ तालाब विकास नगर कतरास रोड,धनबाद से प्रकाशित। फोन न.7004113115, 9334368784, 7004500339, 7004893985. प्रधान संपादक : अनुज कुमार सिन्हा। *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। निदेशक अनस रहनुमा। ई-मेल - naipatrawartajharkhand@gmail.com.आर.एन.आई नं.JHAHIN/2015/63780.